kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-37 ❒ बुधवार, 05 मार्च 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



हमारा राष्ट्रीय लक्ष्य इस सदी के पूर्वार्ध के संपन्न होने के पहले ही भारत को एक विकसित देश बनाना है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों से जुड़े सभी लोगों और विद्यार्थियों को वैश्विक सोच के साथ आगे बढ़ना होगा। द्रौपदी मुर्मु

मोदी ने 'वनतारा' में सफ़ेद शेर, बाघ, गैंडा के शावकों को पिलाया दूध 11

सीएम धामी ने एसडीआरएफ जवानों का किया अभिनंदन 12

## संक्षेप

### महाराष्ट्र सरकार के मंत्री धनंजय मुंडे ने दिया इस्तीफा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री धनंजय मुंडे ने बीड जिले के एक सरपंच की हत्या से जुड़े विवाद के बीच मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने घोषणा की कि राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी (रांकापा) के विधायक मुंडे को उनके मंत्री पद के दायित्व से मुक्त कर दिया गया है और उनका त्याग पत्र आगे की कार्रवाई के लिये राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को भेज दिया गया है। गौरतलब है कि बीड जिले में सरपंच संतोष देशमुख की गत दिसंबर में हत्या में बाल्मीक कराड नामक एक व्यक्ति को अभियुक्त बनाया गया है। कराड, श्री मुंडे का खास आदमी बताया जा रहा है।

### विधानसभा में गुटखा खाकर थूकने पर विधानसभा अध्यक्ष नाराज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में मंगलवार को एक सदस्य के गुटखा खाकर थूकने पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि विधानभवन को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी सभी 403 सदस्यों की है। विधानसभा के बजट सत्र में सदन की आज की कार्यवाही शुरु होते ही श्री महाना ने कहा ल्ल सदन में एक माननीय सदस्य ने गुटखा खाकर गंदगी फैलायी है। सूचना मिलने पर मैने वीडियो के जरिये उक्त सदस्य को गंदगी फैलाते देखा है। मै सार्वजनिक रुप से उनका नाम नहीं लूंगा मगर उक्त सदस्य का दायित्व है कि वह स्वयं आकर उनसे मिलें। नहीं मिलने की दशा में मै खुद उन सदस्य को बुला लूंगा। उन्होने कहा विधानसभा को साफ रखने की जिम्मेदारी सिर्फ मेरी नहीं है बल्कि सभी 403 सदस्यों की है जो प्रदेश की 21 करोड़ की आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसलिये मेरी अपील है कि सभी सदन समेत समूचे विधानभवन को स्वच्छ रखने में सहयोग दें।

### औरंगजेब को लेकर दिए बयान के मामले में सपा नेता अबू आजमी ने मांगी माफी

**मुंबई।** विधानमंडल के दोनों सदनों में मंगलवार को हंगामा और दिन भर के लिए कामकाज स्थगित होने के बाद समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र अध्यक्ष अबू आसिम आजमी ने अपने औरंगजेब समर्थक बयान पर माफी मांग ली है। उन्होंने कहा कि मेरे शब्दों को तोड़-मरोड़ कर पेश करके आज विधानमंडल के दोनों सदनों का वक्त बर्बाद किया गया, जो राज्यहित में नहीं है। आजमी ने यह भी कहा कि औरंगजेब के बारे में मैंने वही कहा, जो इतिहासकरों और लेखकों ने कहा है। दरअसल, अबू आजमी ने सोमवार को औरंगजेब को महान शासक बताया था। इसके बाद शिवसेना शिंदे समूह के नेता और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उनके बयान विरोध करके आजमी पर देशद्रोह का मामला दर्ज किए जाने और विधायक पद से बर्खास्त किए जाने की मांग की थी। शिंदे समूह के सांसद नरेश ह्मस्के ने ढाणे जिले में आजमी के विरुद्ध मामला भी दर्ज करवाया था।

# जो हमारा है, हमें मिल जाना चाहिए, इससे इतर कुछ नहीं

## सम्भल पर विधानसभा में बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- ❒ एक शरारत के तहत संभल के 68 तीर्थों और 19 कूपों की निशानी मिटाने की कोशिश की गई
- ❒ उसको खोजना हमारा काम था। हमने 54 तीर्थ खोजे और 19 कूपों को भी पाया
- ❒ महाकुंभ का आयोजन हमारे लिए अग्निपरीक्षा थी, जिसमें केंद्र और राज्य खरे उतरे
- ❒ आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाली सपा की 2027 में भी होगी हार: योगी

लखनऊ। यूपी विधानसभा के बजट सत्र में मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानून व्यवस्था से लेकर विकास कार्यों का विस्तार से ब्योरा दिया। इस दौरान समाजवादी पार्टी पर जमकर हमले किए। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय के आंकड़ों को गलत बताया और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के चाचा शिवपाल यादव को चच्चू कहकर एक बार फिर तंज भी कसा। सीएम योगी ने संभल का जिक्र करते हुए कहा कि जो हमारा है, हमें मिल जाना चाहिए। इससे इतर कुछ नहीं। सीएम योगी ने कहा कि एक शरारत के तहत संभल के 68 तीर्थों और 19 कूपों की निशानी मिटाने की कोशिश की गई। उसको खोजना हमारा काम था। हमने 54 तीर्थ खोजे और 19 कूपों को भी पाया।

सीएम योगी ने कहा कि महाकुंभ में 66 करोड़ लोग पहुंचे लेकिन एक भी अपराध की घटना नहीं हुई है। महाकुंभ में जो आया, वो अभिभूत हो गया। सभी लोग सुरक्षित घर लौटे हैं। महाकुंभ में लूट, छेड़खानी, रेप या हत्या की एक भी घटना नहीं हुई है।

मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा भले डॉ. राममनोहर लोहिया को अपना आदर्श मानती हो लेकिन उनके बताए रास्ते पर नहीं चलती है। सपा लोहिया के आदर्शों से दूर जा चुकी है। लोहिया जी ने कहा था कि राम, कृष्ण, शंकर भारत के आदर्श हैं लेकिन सपा को इन तीन देवताओं पर कोई भरोसा नहीं है।

उपचुनाव की चर्चा करते हुए उन्होंने सपा नेता शिवपाल सिंह यादव पर तंज कसा। कहा कि चुनाव कैसे जीता जाता है यह चच्चू से बेहतर कौन जानता है। सीएम ने कहा कि महाकुंभ में भारत के विकास और विरासत की छाप दिखाई दी। महाकुंभ में कोई जाति, धर्म, क्षेत्र का भेदभाव नहीं दिखाई दिया। सीएम योगी ने महाकुंभ से हुए आर्थिक लाभ के बारे में विधानसभा में बताया। इस दौरान उन्होंने सपा पर तीखे हमले किए। उन्होंने कहा कि सपा के लोग खुद को समाजवादी कहते हैं लेकिन उनको राम मनोहर लोहिया जी की सोच से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि सपा के लोगों को लोहिया के आदर्श और आचरण से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ का वृहद आयोजन इसका उदाहरण है कि हम भारत की परंपराओं का सम्मान करते हैं। इस बार के महाकुंभ में 66 करोड़ 30 लाख लोगों ने स्नान किया। ये विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक आयोजन था। इसकी दुनिया भर में प्रशंसा हो रही है। दुनिया भर के मीडिया ने कहा कि इतना बड़ा आयोजन किसी चमत्कार से कम नहीं है। महाकुंभ का आयोजन हमारे लिए अग्निपरीक्षा थी। इसमें केंद्र और राज्य सरकारें खरी उतरीं। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन की गूंज दुनिया में लंबे समय तक सुनाई देगी। ये हमारे सनातन धर्म के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि ये सिर्फ आध्यात्मिक उपलब्धि नहीं है बल्कि इस आयोजन से हमारी अर्थव्यवस्था को साढ़े तीन लाख करोड़ का लाभ होने की उम्मीद है। महाकुंभ के आर्थिक पक्ष का वर्णन करते हुए सीएम योगी ने कहा कि सपा नाविकों के शोषण का मुद्दा उठाती है। महाकुंभ के आयोजन के दौरान 45 दिनों में एक नाविक ने 23 लाख रुपये कमाये। मतलब उस नाविक की एक दिन की आमदनी करीब 50 हजार रुपये की रही। इसी तरह से अन्य ● शेष पेज 11 पर



### आठ वर्षों में बदली यूपी की किस्मत, जीएसडीपी हुई दो गुनी से अधिक: योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि विपक्षी दलों की सरकारों के उदासीन रवैये से संसाधनों से भरपूर होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में विकास की रफ्तार सुस्त रही वहीं 2017 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार आने के बाद प्रदेश में विकास का पहिया तेजी से घूमा है और देश की जीडीपी में प्रदेश की हिस्सेदारी 9.2 फीसदी हो ● शेष पेज 11 पर

### चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल की सीट हुई कंफर्म

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को चटाई धूल

एजेंसी



दुबई। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में जगह बना ली है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की टीम ने 49.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 264 रन बनाए, इसके जवाब में भारत ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की अर्धशतकीय पारी की बदौलत 11 गेंद शेष रहते मैच अपने नाम किए। भारत की ओर से विराट कोहली ने सर्वाधिक 84 रन बनाए।

ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 264 रन बनाए हैं। 265 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को 30 के स्कोर पर पहला झटका लगा है। गिल 11 गेंद में 8 रन बनाकर आउट हुए। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 29 गेंद में 28 रन बनाकर पवेलियन लौट गए हैं। उन्होंने अपनी पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। श्रेयस अय्यर 62 गेंद में 45 रन बनाकर आउट हुए। अक्षर पटेल 30 गेंद में 27 रन बनाकर आउट हुए। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली 98 गेंद में 84 रन बनाकर पवेलियन लौटे। हार्दिक पांड्या 24 गेंद में 28 रन बनाकर आउट हुए। रविंद्र जडेजा और हार्दिक पांड्या क्रीज पर मौजूद हैं।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही है। सलामी बल्लेबाद कूपर कॉनली बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। उन्हें मोहम्मद शमी ने पवेलियन का रास्ता दिखाया। ट्रेविस हेड ने धीमी शुरुआत के बाद ताबड़तोड़ बड़े शॉट खेले और जब भारत के लिए खतरा बन रहे थे तो वरुण चक्रवर्ती ने उन्हें अपनी जाल में फंसाया। हेड 33 गेंद में 39 रन बनाकर आउट हुए। मार्नस लाबुशेन 36 गेंद में 29 रन बनाकर आउट हुए। लाबुशेन ने स्मिथ के साथ तीसरे विकेट के लिए 56 रन की साझेदारी की। जोश इंग्लिस 12 गेंद में 11 रन ही बना सके। स्टीव स्मिथ 96 गेंद में 73 न बनाकर आउट हुए। कप्तान ने अपनी पारी में चार चौके और एक छक्का लगाया। ग्लेन मैक्सवेल सात रन ही बना सके। बेन 29 गेंद में 19 रन बनाकर आउट हुए। एलेक्स कैरी ने 57 गेंद में 61 रन बनाए। नाथन एलिस ने 10 रन बनाए। हार्दिक ने जंपा को क्लीन बोल्ड करके ऑस्ट्रेलिया की पारी का अंत किया। भारत के लिए मोहम्मद शमी ने तीन वरुण चक्रवर्ती और रविंद्र जडेजा ने 2-2 विकेट लिए।

## आंतरिक और बाहरी सुरक्षा से निपटने वाली सुरक्षा एजेन्सियों के बीच परस्पर सहयोग जरूरी: राजनाथ

एजेंसी



नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि सुरक्षा से संबंधित मौजूदा जटिल परिदृश्य की चुनौतियों को देखते हुए आंतरिक और बाहरी सुरक्षा से निपटने वाली सुरक्षा एजेन्सियों के बीच परस्पर सहयोग और तालमेल बेहद जरूरी है।

श्री सिंह ने मंगलवार को यहां आंतरिक सुरक्षा के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी पर गृह मंत्रालय द्वारा आयोजित सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा , ल्लआंतरिक सुरक्षा और बाह्य सुरक्षा दोनों अलग-अलग नहीं है। इन दोनों को अलग-अलग करके, नहीं देखा जा सकता है। ये एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।ङ्क उन्होंने कहा कि जरूरी यह है कि आंतरिक और बाह्य चुनौतियों के बदलते स्वरूप को देखते हुए हम सुरक्षा नीतियों को भी उसी प्रकार से ढालें।

उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि उपलब्ध संसाधनों का अधिक से अधिक इस्तेमाल किया जाये और संस्थाएं अकेले नहीं बल्कि एक दूसरे के साथ सहयोग के दृष्टिकोण से काम करें। उन्होंने कहा कि अभी हाइब्रिड वारफ़ेयर, साइबर और अंतरिक्ष आधारित चुनौतियों जैसे गैर पारंपरिक खतरे सामने आ रहे हैं और इनके कारण सुरक्षा संबंधी परिदृश्य इतना जटिल हो गया है कि इससे निपटने के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), केन्द्रीय पुलिस बलों और अन्य संस्थाओं के बीच सहयोग जरूरी बन गया है। सुरक्षा क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के विकास के शांति और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में इस्तेमाल का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आपदाओं के समय इससे जान माल की भी रक्षा की जा सकती है। उन्होंने कहा ● शेष पेज 11 पर

## उप्र में नौ आईपीएस अधिकारियों का तबादला

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में तबादले का दौर शुरू हो गया है। मंगलवार को नौ आईपीएस अधिकारियों का तबादला हुआ है। आईपीएस आदित्य मिश्रा को डीजी फायर बनाया गया। वे 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हुए अविनाश चन्द्र की जगह जिम्मेदारी संभालेंगे। पुलिस मुख्यालय के कार्मिक विभाग की ओर से तबादले की सूची जारी कर दी गई है। इसमें पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी में तैनात सयुंक्त पुलिस आयुक्त डा. के एजिलरसन को पुलिस महानिरीक्षक यूपी-112 में नई तैनाती मिली है। मनोज कुमार को पुलिस उपमहानिरीक्षक को एटीएस लखनऊ से हटाकर पुलिस उपमहानिरीक्षक पीएसी अनुभाग वाराणसी भेजा गया है। शगुन गौतम को पुलिस अधीक्षक सतर्कता अधिष्ठान लखनऊ से पुलिस अधीक्षक एपीटीसी सीतापुर बनाया है। राजेश कुमार सिंह को सयुंक्त पुलिस आयुक्त पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी की जिम्मेदारी मिली है। इससे पहले वह कानपुर में तैनात थे। देव रंजन वर्मा को डीआईजी रूल्स एंड मैनुएल्स लखनऊ बनाया गया है। आशीष श्रीवास्तव को पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर से ● शेष पेज 11 पर

## एटीएस ने आतंकी का नेटवर्क पता करने के लिए लखनऊ-अयोध्या समेत कई जगह छापा मारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- ❒ एटीएस की कई जगहों पर छापेमारी, तीन युवक हिरासत में
- ❒ कई संदिग्ध दस्तावेज मिले संदिग्ध आतंकी अब्दुल रहमान की गिरफ्तारी के बाद सक्रिय हुई यूपी एटीएस
- ❒ अयोध्या में राम मंदिर को उड़ाने की साजिश का हुआ था खुलासा




लखनऊ। अयोध्या में राम मंदिर को उड़ाने की साजिश का खुलासा होने के बाद यूपी एटीएस ने गिरफ्तार संदिग्ध आतंकी अब्दुल रहमान का नेटवर्क खंगालना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में एटीएस की आधा दर्जन टीमों ने लखनऊ में कई स्थानों के साथ अयोध्या, आजमगढ़, बलिया, मऊ समेत कई जिलों में मंगलवार सुबह छापेमारी की। दोपहर बाद तक यह छापेमारी चलती रही। इस दौरान तीन युवक हिरासत में लिए गए। दावा किया जा रहा है कि कई संदिग्ध दस्तावेज भी इस छापेमारी में मिले है। इनकी सच्चाई परखी जा रही है।

गुजरात एटीएस के हत्थे चढ़े अब्दुल रहमान से कई घंटे की पूछताछ में सनसनीखेज खुलासे हुए थे। अयोध्या के मिल्कीपुर में दुकान चलाने वाला अब्दुल रहमान राम मंदिर की लम्बे समय से रेकी कर रहा था। उसने खुलासा किया कि राम मंदिर को उड़ाने की साजिश आतंकी संगठनों ने रची थी। इस खुलासे के बाद ही यूपी एटीएस सोमवार से सक्रिय हो गई थी। गुजराज एटीएस और खुफिया एजेन्सियों से मिले कई साक्ष्यों के बाद एटीएस ने आधा दर्जन से अधिक टीमें छापेमारी के लिए बनाई। ये टीमें मंगलवार तड़के से ही कई जिलों में पहुंच गई और एक साथ छापे मारे। बताया जाता है कि एटीएस की दो टीमों ने अयोध्या शहर और मिल्कीपुर में अब्दुल रहमान के घर पर छापा मारा। यहां रहने वाले लोग दो दिन पहले से ही दहशत में थे। गुजरात एटीएस की टीम जब यहां से अब्दुल रहमान को उठा कर ले गई थी तो पहले किसी को विश्वास ही नहीं हुआ था। अब ताबड़तोड़ छापेमारी और नए-नए खुलासे होने पर हड़कम्प मच गया है। मिल्कीपुर के लोगों से एटीएस को बहुत ज्यादा जानकारी तो नहीं मिली लेकिन अब्दुल रहमान की दिनचर्या और कई बार उसके संदिग्ध व्यवहार के बारे में कई बातें स्थानीय लोगों ने बताई। एटीएस के मुखिया नीलाब्जा चौधरी ने सिर्फ इतना ही कहा कि कुछ सुराग मिले हैं। इस आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## सम्भल जामा मस्जिद मामले में 10 को सुनवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। सम्भल स्थित जामा मस्जिद में रमजान के मौके पर सफ़ेदी-मरम्मत व लाइटिंग के लिए अनुमति मांगने वाली जामा मस्जिद की प्रबंध समिति ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की रिपोर्ट पर इलाहाबाद हाईकोर्ट में जवाब दाखिल कर दिया है। प्रकरण में अगली सुनवाई अब 10 मार्च को होगी। दोनों तरफ से पूरक हलफनामे दाखिल किए गए। विपक्षी हरिशंकर जैन ने भी हलफनामा दाखिल किया, जो पत्रावली पर उपलब्ध नहीं था। कोर्ट ने महानिबंधक कार्यालय को पता कर अगली तिथि तक पत्रावली साथ रखने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल मस्जिद कमेटी की याचिका की सुनवाई कर रहे हैं। एएसआई के अधिवक्ता मनोज कुमार सिंह ने कोर्ट को बताया कि पिछले आदेश के क्रम में साफ सफाई शुरू हो गई है। याची के वरिष्ठ अधिवक्ता एसएफए नकवी व जहीर असगर ने इस पर कोई विवाद नहीं किया। महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्र, मुख्य स्थायी अधिवक्ता कुणाल रवि एवं एसीएससी संजय कुमार सिंह ने कहा कि विवादित मस्जिद परिसर के आसपास कानून व्यवस्था कायम रखी गई है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने सिर्फ साफ सफाई की अनुमति दी थी। कहा था कि यह काम एएसआई कराएगी। इसमें प्रशासन की दखल नहीं होगी। कोर्ट ने मस्जिद कमेटी की मांग पर एएसआई की टीम बनाकर उससे रिपोर्ट तलब ● शेष पेज 11 पर

# एमएसएमई औद्योगिक विकास का आधार : मोदी

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को भारत के विनिर्माण और औद्योगिक विकास का आधार बताते हुये आज कहा कि वर्ष 2020 में सरकार ने 14 वर्षों के बाद एमएसएमई की परिभाषा को संशोधित करने का एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया, जिससे एमएसएमई का यह भय समाप्?त हो गया कि यदि वे अपने क्षेत्र का विस्?तार करेंगे तो सरकारी लाभ खो देंगे।

प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित किया। ये वेबिनार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को विकास का इंजन बनाने, विनिर्माण, निर्यात और परमाणु ऊर्जा मिशन, विनियामक, निवेश और व्यापार करने में आसानी जैसे विषयों पर आयोजित किए गए। प्रधानमंत्री ने कहा कि विनिर्माण और निर्यात पर बजट पश्चात वेबिनार बहुत महत्वपूर्ण हैं। इस बजट को सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट बताते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस बजट का सबसे उल्लेखनीय पहलू इसके अपेक्षित परिणाम है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने कई क्षेत्रों में विशेषज्ञों की अपेक्षा से कहीं बढ़कर कदम उठाए हैं और इस बजट में विनिर्माण और निर्यात के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि देश में एमएसएमई की संख्या बढ़कर 6 करोड़ से अधिक हो गई है, जिससे करोड़ों लोगों को रोजगार के अवसर मिले हैं। इस बजट में एमएसएमई की परिभाषा को और अधिक विस्तारित किया गया है ताकि उनके निरंतर विकास में विश्वास पैदा हो सके। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं के लिए रोजगार के अधिक अवसर पैदा होंगे, उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि एमएसएमई के सामने सबसे बड़ी समस्या ऋण प्राप्त करने में कठिनाई थी। उन्होंने कहा कि दस साल पहले एमएसएमई को लगभग 12 लाख करोड़ रुपये का ऋण मिला था, जो अब बढ़कर लगभग 30 लाख करोड़ रुपये हो गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट में एमएसएमई ऋणों के लिए गारंटी कवर को दोगुना करके 20 करोड़ रुपये कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, कार्यशील पूंजी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 5 लाख रुपये की सीमा वाले कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड प्रदान किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने ऋण तक पहुंच को आसान बनाया है और एक नए प्रकार के ऋण की शुरुआत की है। लोगों को अब बिना गारंटी के ऋण मिल रहा है, जिसकी उन्होंने पहले कभी कल्पना भी नहीं की थी।

### मात्र मूकदर्शक ना बने उद्योग जगत, उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाए

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को उद्योग जगत से कहा कि वह 'मात्र मूकदर्शक' न बने और वैश्विक आपूर्ति शृंखला में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाए। उन्होंने कहा कि दुनिया भारत के साथ अपनी आर्थिक साझेदारी को मजबूत करना चाहती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत के विनिर्माण क्षेत्र को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों का उत्पादन करके दुनिया की बढ़ती जरूरतों का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने बजट के बाद नियामकीय, निवेश और कारोबार सुगमता सुधारों पर आयोजित वेबिनार में कहा, ल्लआज भारत स्थिर नीतियां और बेहतर कारोबारी माहौल प्रदान कर रहा है। मैं आपसे देश के विनिर्माण और निर्यात को आगे बढ़ाने के लिए बड़े कदम उठाने का आग्रह करता हूं। मोदी ने कहा कि उद्योग को अनुसंधान एवं विकास का उपयोग करके ऐसे अभिनव उत्पादों के निर्माण पर ध्यान देना चाहिए जिनकी विदेशों में मांग है और इससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। मोदी ने कहा, आज दुनिया को एक भरोसेमंद साझेदार की जरूरत है... उद्योग को महज दर्शक नहीं रहना चाहिए, बल्कि वैश्विक आपूर्ति शृंखला में अवसर तलाशने चाहिए। उन्होंने कहा कि आज भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए वृद्धि इंजन बन गया है... देश ने कठिन समय में भी अपनी लचीलापन साबित किया है।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में, एमयूडीआरए (मुद्रा) जैसी योजनाएं, जो बिना गारंटी के ऋण प्रदान करती हैं, ने छोटे उद्योगों को भी समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि ट्रेड्स पोर्टल ऋण से जुड़ी कई समस्याओं का समाधान कर रहा है। प्रधानमंत्री ने ऋण वितरण के नए तरीके विकसित करने की आवश्यकता और यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि प्रत्येक एमएसएमई को कम लागत और समय पर ऋण मिल सके। उन्होंने घोषणा की पहली बार उद्योग स्थापित करने वाली महिलाओं, अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदायों के पांच लाख उद्यमियों को 2 करोड़ रुपए का ऋण मिलेगा। श्री मोदी ने कहा कि यह पहली बार है कि उद्यमियों को न केवल ऋण सहायता बल्कि मार्गदर्शन की भी आवश्यकता है। उन्होंने उद्योग जगत से इन व्यक्तियों की मदद के लिए एक ● शेष पेज 11 पर

# चिकनकारी पर आधारित कार्यशाला व व्याख्यान कार्यक्रम का शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राज्य संग्रहालय, लखनऊ, संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश एवं अवध चिकनकारी प्रा0 क0 लिमिटेड लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में कला अभिरूचि पाठ्यक्रम के अन्तर्गत चिकनकारी पर आधारित कार्यशाला एवं व्याख्यान कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अतुल जैन, जनरल सेक्रेटरी, दीनदयाल शोध संस्थान, चित्रकूट द्वारा किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि हमें इस प्रकार की कार्यशालायें अन्य इलाकों में भी कराते रहना चाहिये जो कि आज के समय में अत्यधिक महत्वपूर्ण एवं रोजगार परक होगी। कार्यक्रम के प्रारम्भ में कार्यक्रम प्रभारी डॉ0 मीनाक्षी खेमका, सहायक निदेशक द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला एवं सात दिवसीय कार्यशाला में दी जाने वाली जानकारी से परिचित कराया। इस अवसर पर डॉ0 मीना श्रीवास्तव, निदेशक, अवध चिकनकारी प्रा0 क0 लि0, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड लखनऊ द्वारा बताया गया कि यह कार्यशाला प्रशिक्षुओं के लिए काफी उपयोगी होगा, क्योंकि चिकनकारी की कला को देश-विदेश तक भेजने के लिए इनको विपणन, टांके की ट्रेनिंग देने के साथ ही क्राफ्ट की बारीकियों को इस कार्यशाला में बताया जायेगा। उनके द्वारा यह भी कहा गया कि चिकनकारी वस्त्रकला को विकसित करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं को चलाया जा रहा है जिसमें प्रमुख रूप से 'एक जिला एक उत्पाद' ट्रेडिंग टैक्निक, रिसर्च एण्ड डेवलपमेण्ट तथा अल्प एवं मध्यम उद्योग के बारे में भी जानकारी दी गयी।

## बीकेटी थानांतर्गत सड़क दुर्घटना में युवक की मौत,दोस्त घायल

बीकेटी,लखनऊ। बीकेटी थानांतर्गत सड़क दुर्घटना में सोमवार देर रात शादी समारोह से वापस लौट रहे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई तथा उसका दोस्त घायल हो गया,घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को ईलाज के लिए तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया,जहां डाक्टरों ने धर्मेंद्र नामक युवक को मृत घोषित कर दिया था,तथा घायल उसके दोस्त के ईलाज में जुट गए थे।वहीं घटना की सूचना पाकर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने युवक की मौत की खबर सुन हतप्रभ रह गए और गम का माहौल छा गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार इटौंजा थानांतर्गत डेरवा गांव निवासी धर्मेंद्र(27) पुत्र रमेश रावत व अवधेश पुत्र ओमवंद्र बाईक से मड़ियांव थानांतर्गत अपने दोस्त के वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होकर वापस अपने घर डेरवा इटौंजा आ रहे थे तभी बीकेटी थानांतर्गत नंदना गांव के सामने हाइवे पर सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए,जिसमें धर्मेंद्र रावत की मौत हो गई और उसका दोस्त अवधेश बुरी तरह घायल हो गया था,जिसका ईलाज बीकेटी साढ़ामऊ स्थित रामसागर मिश्र सौ शैय्या अस्पताल में चल रहा था।वहीं बीकेटी थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है,घटना की जांचकर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# विपत्ति के साथी तो श्री हरि ही हैं: आचार्य धर्म नारायण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नैनी। क्षेत्र के नई बाजार त्रिमुखी हनुमान मंदिर परिसर मे आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथा प्रवक्ता आचार्य पं धर्म नारायण जी महाराज ने गजेंद्र मोक्ष की कथा सुनाते हुए कहा कि विपत्ति से उबारने की क्षमता तो सिर्फ श्री हरि में है।

जब गजेंद्र को ग्राह ने जकड़ लिया तो उसके परिवार एवं साथियों ने बहुत समय तक गजेंद्र को ग्राह के चंगुल से छुड़ाने की कोशिश की किंतु असफल होने पर एक-एक कर सब चले गए तब गजेंद्र ने व्याकुल होकर श्री हरि को पुकारा और श्री हरि ने बिना देर किए तत्काल ग्राह का वध कर गजेंद्र को मुक्त किया। यही हाल मनुष्य का है। विपत्ति का हरण तो श्री हरि ही कर सकते हैं। संसार के वास्तविक स्वरूप का परिचय कराते हुए महाराज ने कहा कि संसार दुःखालय है। इससे सुख की अपेक्षा नहीं की जा सकती। सुख तो सिर्फ बांके बिहारी के चरणों में है। कथा के यजमान मगरु लाल केसरवानी एवं माया देवी केसरवानी ने भागवत भगवान की आरती की। कथा में प्रमुख रूप से कथा के आयोजक हीरालाल केसरवानी, जानकी देवी, बसंत लाल, नंद किशोर केसरवानी, गौरव केसरवानी, उज्जवल, सागर, विनीत, सुमित, आयांश, गर्वित, देवांश, श्रविल आदि उपस्थित रहे।

# आर्यावर्त एकेडमी में स्कॉलर बैज सेरेमनी का किया गया आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव (प्रयागराज)। मंगलवार को आर्यावर्त एकेडमी कोरांव में स्कॉलर बैज सेरेमनी का आयोजन किया गया। जिसमें , सत्र 2023-24 में अच्छा स्थान लाने वाले समस्त छात्रों को नीरज पाण्डेय के द्वारा मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर आर्यावर्त एकेडमी के प्रधानाचार्य धीरज पांडेय , अजय कुमार, हिमांशु , आर्यन , धर्मेंद्र , मनोज , पुष्पा सिंह, अलीशा, शिवानी, तमन्ना, आकांक्षा, मुस्कान एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ और भारी संख्या में अभिभावक गण उपस्थित रहे।

# ब्लाक करछना खंड विकास अधिकारी ने ग्रहण किया पदभार

## ब्लाक कर्मियों से की शिष्टाचार मुलाकात और परिसर का किया निरीक्षण दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



करछना प्रयागराज। विकास खंड करछना में मंगलवार को नये खंड विकास अधिकारी अमित कुमार मिश्र ने पद भार ग्रहण किया उस दौरान कार्यरत सभी ब्लाक कर्मियों ने शिष्टाचार मुलाकात कर परिचय दिया औपचारिक मुलाकात के बाद नये खंड विकास अधिकारी अमित कुमार मिश्र ने ब्लाक परिसर का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान ब्लाक परिसर में बाउंड्री वॉल का जीर्णोद्धार कराने और जर्जर हालत में भवनों का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए साथ ही प्रधानो का प्रतिनिधि मंडल से भी मुलाकात की और क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों के विषय में जानकारी साझा किया निरीक्षण के पश्चात सभी सचिवों को ग्राम पंचायतों में कार्य की गुणवत्ता पूर्वक कार्य कराएं जाने का दिशा-निर्देश दिए,इस दौरान उपस्थित प्रमुख लोगों में सहायक विकास अधिकारी उदयभान, एड़ियों पंचायत रामशिरोमणि त्रिपाठी, मनरेगा प्रभारी मनीष शुक्ला, अवतार किशन सिंह अध्यक्ष प्रधान संघ, महामंत्री प्रधान संघ धीतेश तिवारी प्रधान चनैनी, प्रधान डांडो मिथिलेश कुमार,सचिव मनोज कुमार, मनीष सिंह, अक्षय सिंह,आवास बाबू प्रदीप कुमार ,जेई उमेश कुमार मौर्या, एल आर एम प्रभारी?, दुष्यंत प्रताप सिंह, अतुल मिश्रा,आदित्य तिवारी, फिरोज अहमद, सहित समस्त ब्लाक कर्मी प्रधान गण शामिल रहे।

## दहेज कम मिलने के कारण विवाहिता का हो रहा है उत्पीड़न, पुलिस कमिश्नर से लगाई गुहार

**कोरांव, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** खीरी थाना क्षेत्र के सिरहिर(भगवान पुर) निवासी सुभाष चन्द्र और उनकी पुत्री सुनीता कुमारी का ससुराल वालों के द्वारा दहेज कम मिलने के कारण उत्पीड़न किया जा रहा है। उक्त ग्राम के सुभाष चन्द्र ने अपने पुत्री सुनीता कुमारी के साथ दिनांक 28.02.2025 को पुलिस कमिश्नर प्रयागराज से मिलकर शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके पुत्री सुनीता कुमारी की शादी दिनांक 18.04.2024 ई.को कोरांव थाना क्षेत्र के कुकरहटा ग्राम के कमलनारायण पुत्र स्व. अशोक कुमार के पुत्र मिथिलेश कुमार के साथ हुई थी। शादी में सुनीता कुमारी के पिता सुभाष चन्द्र ने अपने सामर्थ्य के अनुसार भरपूर दहेज के रुप में जेवरात,नकदी पांच लाख रुपए मिलाकर नौ लाख रुपए का सामान आदि दिया था। इसके बाद भी दिनांक 22.02.2025 को नौ बजे उसकी पुत्री सुनीता कुमारी को श्वसुर,सास,बेटा,ननद समस्त स्त्री धन(जेवरात व कपड़े) छीन कर अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए कहा कि अपने बाप से और अधिक दहेज में रुपए मंगवाओ कहकर घर से निकाल दिया। सुनीता कुमारी और उसके पिता सुभाष चन्द्र की प्रार्थना पत्र पुलिस कमिश्नर प्रयागराज ने महिला थाना प्रभारी सिविल लाइन प्रयागराज कों आवश्यक जांच कार्रवाही करने का निर्देश दिया है।

## राज्य की श्रेणी में नहीं है प्राइवेट कम्पनी : हाईकोर्ट

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में कहा है कि संविधान के अनुच्छेद 226 में किसी प्राइवेट कम्पनी के खिलाफ याचिका पोषणीय नहीं है। कोर्ट ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 12 के तहत राज्य माने जानी वाली संस्थाओं के खिलाफ ही अनुच्छेद 226 में याचिका दाखिल की जा सकती है। इसी के साथ कोर्ट ने नायरा एनर्जी लिमिटेड कम्पनी के खिलाफ मेसर्स मनोज पेट्रोलियम व अन्य की याचिका को पोषणीय न ही मानते हुए खारिज कर दिया। साथ ही याची कम्पनी को कानून के तहत वैकल्पिक अनुतोष प्राप्त करने की छूट दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ एवं न्यायमूर्ति वीसी दीक्षित की खंडपीठ ने मेसर्स मनोज पेट्रोलियम व अन्य की याचिका पर दिया है। याचिका में नायरा एनर्जी द्वारा याची कम्पनी के साथ पेट्रोलियम पदार्थों की खरीद व बिक्री के लिए हुए करार को भंग करने की वैधता को चुनौती दी गई थी। अधिवक्ता यश पाडिया ने याचिका की पोषणीयता पर आपत्ति करते हुए कहा कि विपक्षी कम्पनी फ्रेंचाइजी प्राइवेट कम्पनी है। वह राज्य की श्रेणी में नहीं आती इसलिए उसके खिलाफ याचिका नहीं की जा सकती।

## अधीनस्थ से रेप की कोशिश में आरोपित जेलर की गिरफ्तारी पर रोक

**प्रयागराज (कैनविज टाइम्स संवाददाता)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अधीनस्थ कर्मचारी से रेप की कोशिश के आरोपित बागपत जिला जेल में तैनात जेलर की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है और शिकायतकर्ता व राज्य सरकार से जेलर की याचिका पर चार सप्ताह में जवाब मांगा है। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ एवं न्यायमूर्ति पीके गिरि की खंडपीठ ने जिला कारागार बागपत के जेलर जितेन्द्र कश्यप की याचिका पर दिया है। जितेन्द्र कश्यप पर अधीनस्थ महिला कर्मचारी ने रेप के प्रयास का आरोप लगाते हुए बागपत के खेखरा थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि शिकायतकर्ता अधीनस्थ कर्मचारी है। वह याची के निर्देशों का पालन नहीं करती थी। सख्ती बरतने पर उसने गलत उद्देश्य से याची के विरुद्ध झूठी एफआईआर दर्ज कराई है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने याची के विवेचना में सहयोग करने की शर्त पर अगली सुनवाई या पुलिस रिपोर्ट पर अदालत के संज्ञान लेने (जो भी पहले हो) तक याची की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी।

# आईआईटी के 1980 के छात्रों का संस्थान को 4.2 करोड़ दान की घोषणा



एजेंसी

कानपुर। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी कानपुर) के क्लास ऑफ 1980 के छात्रों ने अपने 45वें रीयूनियन के दौरान परिसर में विभिन्न पहलों का समर्थन करने के लिए चार करोड़ बीस लाख रुपये के दान की घोषणा की है। दो से चार मार्च तक आयोजित इस रीयूनियन में 63 पूर्व छात्र एक साथ आए, उन्होंने अपनी साझा यात्रा का जश्न मनाया और अपने संस्थान के निरंतर विकास में योगदान दिया। पूर्व छात्रों के सामूहिक योगदान से आईआईटी कानपुर की प्रमुख पहलों को समर्थन मिलेगा। उनके इस दान से परिसर में सुविधाओं में सुधार लड़कियों के छात्रावास के लिए अनुदान और एक कॉर्पस फंड का निर्माण शामिल है। क्लास ऑफ 1980 का 45 वर्षीय पुनर्मिलन एक विशिष्ट समारोह था, जिसमें गहरी यादें, स्थायी सौहार्द और सार्थक चिंतन देखने को मिला। जिसने बैच की विरासत को और मजबूत किया। आईआईटी कानपुर 1980 के छात्रों के अमूल्य योगदान के लिए उनकी हार्दिक सराहना और संस्थान में शिक्षा और नवाचार को आगे बढ़ाने में उनके निरंतर योगदान की आशा करता है। उनके इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए डीन ऑफ रिसोर्स एंड एलुमनाई प्रोफ़ेसर अमेय करकरे ने कहा कि आईआईटी कानपुर को हमेशा से ही समर्पित और गहराई से जुड़े पूर्व छात्रों के नेटवर्क का सौभाग्य मिला है।

जो संस्थान की उन्नति में निरंतर योगदान देता है। क्लास ऑफ 1980 की उदार प्रतिबद्धता महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने छात्र सुविधाओं को बढ़ाने और विभिन्न क्षेत्रों में अकादमिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस तरह के योगदान हमारे पूर्व छात्रों और उनके अल्मा मेटर के बीच स्थायी बंधन की पुष्टि करते हैं। साथ ही भविष्य की पीढ़ियों के लिए अल्मा मेटर को वापस देने की भावना को बनाए रखने के लिए प्रेरणा का काम भी करते हैं। हम आईआईटी कानपुर की निरंतर वृद्धि और सफलता के लिए उनके समर्थन और प्रतिबद्धता के लिए क्लास ऑफ 1980 के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।

# कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ



एजेंसी

मुरादाबाद। श्री बांके बिहारी सेवा समिति के तत्वाधान में मंगलवार को भव्य कलश यात्रा के साथ श्री सीताराम मंदिर गुजराती मोहल्ला में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा में 101 महिलाएं पीतांबर वस्त्रों में अपने सिर पर कलश रखकर भगवान के भजनों का गुणगान करते हुए नाचते गाते चल रही थी। कलश यात्रा श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर अताई मोहल्ला से प्रारंभ होकर मंडी चौक, सर्राफा बाजार, पान दरीबा होते हुए कथा स्थल सीताराम मंदिर पर पहुंचीं। जहां पर पूजन के बाद श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा व्यास आचार्य पंडित विनीत शर्मा ने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर मनुष्य सभी पापों से मुक्त हो कर मोक्ष को प्राप्त कर लेता है और सद्गति प्राप्त कर लेता है। कथा व्यास ने आगे बताया कि श्रीमद्भागवत कथा सभी वेद पुराणों का सार है। श्रीमद्भागवत कथा जहां भी हो रही हो उसका समय अनुसार श्रवण अवश्य करना चाहिए। कथा में यजमान इन्द्र प्रकाश रस्तोगी, गीता रस्तोगी, शचींद्रनाथ भटनागर, खुशबु भटनागर सहित व्यवस्था में श्याम कृष्ण रस्तौगी, रीना रस्तोगी, नवनीत शर्मा सोनाली शर्मा,कृकिता शर्मा, सुरेश गुप्ता पंडित शिव दत्त शर्मा आदि ने सहयोग किया।

## बिजली बिल के नाम पर ग़रीबों धन उगाही कर रहा है विभाग : अनिल यादव

**आज़मगढ़/निज़ामाबाद (कैनविज टाइम्स संवाददाता)।** निज़ामाबाद विधानसभा में मंगलवार को नमस्ते निज़ामाबाद अभियान का पाँचवा दिन था। इस दौरान, तहबरपुर ब्लाक के सिकंदरपुर ग्रामसभा और मिर्ज़ापुर ब्लाक के परवेज़ाबाद ग्राम सभा में बैठकें हुईं। बैठक के बाद जारी प्रेस नोट में अनिल यादव ने कहा कि पूरे क्षेत्र में बिजली विभाग में भयानक भ्रष्टाचार फ़ैला हुआ है। बिजली विभाग ग़रीब जानता को लूटने का अभियान चला रहे हैं। बिजली तो क्षेत्र में आ नहीं रही है, बिल ज़रूर कई गुना बढ़ाकर अधिकारी भेज रहे हैं। उन्होंने जारी बयान में कहा कि यदि बिजली अधिकारी नहीं सुधरे तो जल्द ही इनको घेरा जाएगा। पाइंदापुर, हज़ारेमलपुर, मोलनापुर, सिकंदरपुर,दादरा, मेढ़ी दिहवाबारी में बैठक के बाद समर्थन पत्र में सबसे बड़ी समस्या नौजवानों पलायन उभर कर सामने आई। कांग्रेस नेता व संगठन महासचिव अनिल यादव ने कहा विधायक और सांसद अपने बेटों को विधायक, प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य बना रहे हैं और दूसरी तरफ़ दलित–पिछड़े नौजवान सूरत, बंबई, दिल्ली में मज़दूर बनकर दिन रात कुछ हज़ार पर खट रहे हैं। पूरा निज़ामाबाद बुनियादी समस्याओं से वंचित है। उन्होंने कहा कि इतनी लाचारी–बेबसी के बाद भी स्थानीय विधायक ने विधानसभा में एक भी प्रस्ताव विकास के लिए नहीं रखा। ना ही एक शब्द बोले। उन्होंने कहा कि विधायक हमारे आदरणीय हैं लेकिन निज़ामाबाद के विकास से समझौता नहीं किया जा सकता है। विधायक शिक्षा, स्वास्थ्य और नौजवानों के मुद्दे पर चुप रहते हैं। बैठक में रामकुमार यादव, अमरजीत, विकास यादव, अतुल अंगद, शिवकुमार, रविकांत, रीना, संजय गौड़, गुलाबी, राम किशून, आशीष, श्रवणकुमार आदि लोग मौजूद थे।

# एसडीएम ने केडवर गौशाला की निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव प्रयागराज। विकास खंड कोरांव के अंतर्गत केडवर मे बनी अस्थाई गौशाला का एसडीएम आकांक्षा सिंह अपने हमराहीयों के साथ निरीक्षण करने पहुंची जैसे ही एसडीएम के आने की खबर पहुंची हड़कंप मच गया वहाँ पर कुछ पशु बीमार दिखे तत्काल पशु डॉ कों इलाज करने हेतु निर्देशित की साथ ही कुछ गौवंश बिना टैग के मिले, प्रधान के रिस्तेदारी मे कोई घटना घटित होने के कारण प्रधान मौजूद नही मिले बाकी ब्यवस्था सामान्य स्थिति मे देखने कों मिला जो थोड़ा बहुत अब्यवस्था मिला संबधित कों दुरुस्त रखने हेतु निर्देशीत की जिससे गौशाला मे रह रहे गौवंश कों किसी प्रकार की परेशानी न हो यही सरकार की प्राथमिकता है।

# रोटरी क्लब का महिला दिवस समारोह 8 एवं होली उत्सव 9 मार्च को

## प्रयागराज एयरपोर्ट के निदेशक मुकेश उपाध्याय भी होंगे सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। रोटरी प्रयागराज संगम ने प्रयागराज के विभिन्न क्षेत्रों, जैसे चिकित्सा, शिक्षा, समाज सेवा, चार्टर्ड अकाउंटेंसी, कानून आदि से जुड़ी सात (सम्भावित) प्रतिष्ठित महिलाओं को सम्मानित करने की योजना बनाई है। यह जानकारी सचिव रोटेरियन पिंकी मुखर्जी ने दी है।

उन्होंने बताया कि प्रयागराज के चार रोटरी क्लब रोटरी क्लब ऑफ इलाहाबाद ईलाइट, रोटरी क्लब ऑफ प्रयागराज, रोटरी क्लब ऑफ प्रयागराज संगम एवं रोटरी क्लब ऑफ इलाहाबाद ईस्ट एक साथ मिलकर 9 मार्च को आदिपुरुषाय राम रिसॉर्ट में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक होली का उत्सव मनाएंगे। इसमें रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, रेन डांस, फूलों की होली, नाश्ता एवं दोपहर का भोजन शामिल है। क्लब द्वारा जो भी सहयोग राशि सदस्यों के अनुसार आयोजकों को दी जाएगी, वह समस्त राशि आयोजन द्वारा क्लब को उसी दिन किसी सामुदायिक प्रोजेक्ट के लिए दान दे दी जाएगी। रोटरी अध्यक्ष मनदीप श्रीवास्तव ने बताया कि प्रयागराज एयरपोर्ट के निदेशक, रोटेरियन मुकेश चंद्र उपाध्याय हमारे क्लब के वरिष्ठ सदस्य हैं।

महाकुम्भ के दौरान उनके नेतृत्व में प्रयागराज हवाई अड्डे ने असाधारण उपलब्धियां हासिल की हैं। विशेष रूप से, 21 फरवरी को हवाई अड्डे ने एक ही दिन में 236 उड़ानों से 24,512 यात्रियों की आवाजाही का रिकॉर्ड स्थापित किया है। अध्यक्ष ने कहा है कि महाकुम्भ के इस महा आयोजन के दौरान प्रयागराज हवाई अड्डे ने विमानों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी। जिससे हवाई यातायात में अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी हुई।

शहर में यातायात जाम के कारण कई यात्रियों की उड़ानें छूट रही थीं, लेकिन एयरपोर्ट निदेशक के नेतृत्व में हवाई अड्डे ने इस चुनौतीपूर्ण स्थिति का सफलतापूर्वक सामना किया। यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि हम रोटेरियन मुकेश चंद्र उपाध्याय को उनकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए सम्मानित करें। इसलिए, 8 मार्च को आयोजित कार्यक्रम में हम सभी मिलकर रोटेरियन मुकेश चंद्र उपाध्याय को सम्मानित करेंगे।

## दर्द निवारक दवाओं के इस्तेमाल के लिए नर्सिंग ऑफिसर्स को दी गई ट्रेनिंग

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** केजीएमयू के रेडियोथेरेपी में मंगलवार को नर्सिंग ऑफिसर्स को दर्द निवारक दवाओं के उपयोग की ट्रेनिंग प्रदान की गई। इसमें बताया गया कि कैंसर के लगभग 50 से 55 प्रतिशत रोगियों में दर्द की शिकायत रहती है। इन रोगियों में दर्द निवारक दवाओं का प्रयोग किया जाता है। यह दर्द कई बार सामान्य दवाओं से ठीक नहीं होता। दर्द का उपचार यदि वैज्ञानिक रूप से किया जाए तो ना केवल रोगी को दर्द से मुक्ति मिलेगी अपितु उसके शरीर को नुकसान भी कम पहुंचेगा। इस मौके पर निश्चेतना विभाग से डॉ सरिता ने कहा कि मार्फिन का उपयोग काफी सावधानी से करना चाहिए। कैंसर के रोगियो में यह कारगर है। रोगी को इस दवा की आदत पड़ सकती है, इसकी मात्रा को नियंत्रण में रखना चाहिए। नसों में जितनी मात्रा में दवा काम करती है उससे तीन गुनी खुराक की जरूरत खाने वाली दवा में पड़ती है। बताया कि दर्द की दवाइयां गुर्दे को नुकसान पहुंचा सकती हैं। गुर्दे की बिगड़ी स्थिति में दर्द दवा गुर्दे को खराब कर सकती है, जो जानलेवा हो सकता है। ट्रेनिंग कोर्स को रेडियोथेरेपी विभाग से डॉ राजीव गुप्ता, डॉ सुधीर सिंह, डॉ राजेंद्र कुमार, डॉ मृणालिनी वर्मा, निश्चेतना विभाग से डॉ मोनिका कोहली, डॉ सरिता सिंह एवं सर्जिकल ऑनकोलॉजी से डॉ विजय कुमार द्वारा चलाया गया।

## मुरादाबाद नगर निगम टीम ने कर बकाया के चलते 22 दुकानों को किया सील

मुरादाबाद। मुरादाबाद नगर निगम टीम ने मंगलवार को नगर आयुक्त के निर्देश पर सदर कोतवाली क्षेत्र के बुध बाजार में 22 दुकानों को सील कर दिया। बताया जा रहा है इन दुकानों पर नगर निगम का 16 लाख रुपए का कर बकाया था। इस दौरान नगर निगम प्रवर्तन दल के साथ काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। नगर निगम के कड़े तेवरों से कारोबारियों में हड़कंप मच गया। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि जिन 22 दुकानों को आज सील किया गया है उन पर 16 लाख रुपए का कर बकाया था। इन सभी दुकानदारों को पूर्व में नोटिस व चेतावनी देकर बकाया कर जमा करने के लिए कहा गया था।

# भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने मनाया 175वां स्थापना दिवस समारोह



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण का मंगलवार को 175वां स्थापना दिवस उत्तरी क्षेत्र मुख्यालय में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजिंदर कुमार, अपरमहानिदेशक एवं विभागाध्यक्ष उत्तरी क्षेत्र द्वारा की गयी।

प्रो.फ़ेसर अशोक साहनी, एफएनए एक विश्व विख्यात पुराजीव विज्ञानी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के संस्थापक सर थॉमस ओल्डहम तथा स्वतंत्रता के उपरान्त भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के प्रथम निदेशक एम एस कृष्णन के चित्रो पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस मौके पर उत्तरी क्षेत्र कार्यालय द्वारा तैयार किए गए प्रकाशनों और मानचित्रों का विमोचन किया तथा एक वैज्ञानिक प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया गया। मुख्य अतिथि प्रो.फ़ेसर अशोक साहनी ने अपने सम्बोधन में बताया कि अविभाजित भारत के भूवैज्ञानिक कार्यों को किए जाने के तरीकों और सन 1900 से प्राम्भिक वर्षों में किस तरह भूवैज्ञानिक कार्य किए गए थे और साथ ही स्वतंत्रता के उपरान्त किस प्रकार से भूवैज्ञानिक लाहौर से भारत आकर लखनऊ में स्थापित हुए और कार्य करना शुरू किया। उन्होंने यह भी बताया की प्रथम कार्यालय राणा प्रताप मार्ग पर था जो की बाद में गोखले मार्ग पर शिफ्ट हुआ। कार्यक्रम के अंतिम सोपान में कार्यालय में अधिकारियों के उत्कृष्ट योगदान हेतु प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया तथा इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर प्रमाण पत्र दिए गए।

# अंसल ग्रुप के दोषियों को पाताल से भी खोजकर लाएंगे : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बजट सत्र के दौरान विधानसभा में अंसल ग्रुप के मामले पर समाजवादी पार्टी को जमकर आड़े हाथों लिया।

साथ ही उन्होंने सदन के माध्यम से प्रदेश के होम बायर्स के साथ धोखाधड़ी करने वाले बिल्डर्स को कड़ी चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि अंसल ने एक भी होम बायर के साथ धोखा किया तो उसकी सारी संपत्ति जब्त कर लेंगे। दोषियों को पाताल से भी खोजकर लाएंगे और उन्हें सजा दिलाएंगे। सीएम योगी ने कहा कि अंसल ग्रुप सपा का ही नमूना है।

योगी ने कहा कि अंसल ग्रुप सपा की ही उपज थी। सपा के समय ही अंसल की अवैध मांगों को पूरा किया गया और निवेशकों एवं होम बायर्स के साथ धोखा किया गया। ये सारे काम समाजवादी पार्टी



की सरकार के समय में हुए थे। सपा सरकार ने अंसल की सीमा को बढ़ाया था। हमारी सरकार ने अंसल की सीमा को घटाया। उन्होंने कहा कि अब हमारी सरकार ने अंसल पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। उस पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दे दिया गया है। हमारी सरकार सबको यह गारंटी देगी कि प्रत्येक बायर्स को उनका पैसा वापस मिल जाए।

# सार्वजनिक भवनों में बाधारहित सुविधाओं की उपलब्धता विषयक आयोजित हुआ संवेदीकरण कार्यक्रम




लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। राज्य आयुक्त दिव्यांगजन प्रो. हिमांशु शेखर झा की अध्यक्षता में इंदिरा भवन स्थित सभाकक्ष में सार्वजनिक भवनों में बाधारहित सुविधाओं की उपलब्धता विषयक संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांगजन को सुगम्य वातावरण प्रदान करना तथा कार्यदायी संस्थाओं को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक करना था। हार्मोनाइज्ड गाइडलाइंस के प्रावधानों पर चर्चा राज्य आयुक्त ने कार्यदायी संस्थाओं से समन्वय करते हुए अवसंरचना के पर्यवेक्षणीय दायित्वों पर बल दिया। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 40-46 के तहत सभी प्रतिष्ठानों को दिव्यांगजन के लिए बाधारहित सुविधाएं उपलब्ध कराना अनिवार्य है। इस अवसर पर उपायुक्त अमित कुमार सिंह, शैलेंद्र कुमार सोनकर, उपनिदेशक डॉ. अमित कुमार राय सहित विभागीय विशेष विद्यालयों, स्वैच्छिक संस्थानों एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# छात्रसंघ चुनाव बहाली को लेकर रालोद नेता ने राज्यपाल को लिखा पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। छात्रसंघ की बदौलत ही आज ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले साधारण परिवारों के तमाम लोग, नेता बनकर सदन में जनहित की बात करते दिखाई देते हैं लेकिन छात्रसंघ चुनाव बाधित होने के बाद से ऐसे लोगों की संख्या कम होती जा रही है। ये बात रालोद के प्रदेश महासचिव आर पी सिंह चौहान ने राज्यपाल को भेजे गए एक पत्र के माध्यम से कही।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2005 के बाद से आज तक लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव बाधित हैं। जबकि लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ से निकले ग्रामीण अंचलों के लोग वर्तमान की विधानसभा व विधान परिषद में सदस्य हैं। छात्रसंघ चुनाव के माध्यम से गरीब व मध्यम वर्गीय परिवार के बच्चे राजनीति की मुख्यधारा में आते थे जो गांव गरीब किसान नौजवान की बात सदन में उठाते थे। रालोद नेता ने कहा कि मैं स्वयं वर्ष 2005 में लखनऊ विश्वविद्यालय में महामंत्री पद का उम्मीदवार था किन्तु उसके बाद चुनाव बंद होने के कारण मेरे जैसे अनेक लोग छात्रसंघ के पदाधिकारी बनने से वंचित रह गये।

पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा कि 20 वर्षों से छात्रसंघों के चुनाव बंद हैं जबकि उपमुख्यमंत्री व परिवहन मंत्री सहित अनेक सदस्य लखनऊ विश्वविद्यालय के पदाधिकारी रहे हैं। रालोद नेता ने राज्यपाल से लखनऊ विश्वविद्यालय में जल्द से जल्द छात्रसंघ बहाल करने की मांग की।

### लखनऊ विश्वविद्यालय से निकली हैं ये हस्तियां

रालोद नेता ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय से पूर्व राष्ट्रपति शंकरदयाल शर्मा, शिक्षा विद जगदीश गांधी, सपा नेता/विधायक रविदास मेहरोत्रा, पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप, संतोष सिंह (सदस्य विधान परिषद,) डॉ0 राजपाल कश्यप, पूर्व मंत्री पवन पाण्डेय, पूर्व विधायक शैलेश सिंह शैलू सहित तमाम लोगों ने सदन में आम अवाम हक हकूक की आवाज बुलंद की है।

# पसमांदा मुसलमानों के साथ धोखा कतई बर्दाश्त नहीं : अनीस मंसूरी

## वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर अनीस मंसूरी का सरकार को अल्टीमेटम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने वक्फ संशोधन विधेयक को मुसलमानों की संपत्तियों पर सरकारी कब्जे की साजिश करार देते हुए इसे पूरी तरह खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने यह विधेयक जबरन लागू करने की कोशिश की, तो पसमांदा मुसलमान इसके खिलाफ राष्ट्रव्यापी आंदोलन छेड़ने के लिए मजबूर होंगे। अनीस मंसूरी ने इस विधेयक पर गंभीर आपत्ति जताते हुए कहा कि वक्फ संपत्तियां गरीब मुसलमानों की भलाई के लिए हैं। यह हमारे बुजुर्गों की दी गई अमानत है, जिस पर किसी भी सरकार का अधिकार नहीं हो सकता। लेकिन अब सरकार इन संपत्तियों को अपने नियंत्रण में लेने की योजना बना रही है। हम इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेंगे। अनीस मंसूरी ने कहा कि वक्फ संपत्तियों की कीमत लाखों करोड़ों रुपये में है, और अब सरकार इन संपत्तियों पर अपना नियंत्रण स्थापित करना चाहती है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि यह कानून बना, तो धीरे-धीरे



गरीब मुसलमानों के लिए छोड़ी गई संपत्तियां सरकार के हाथों में चली जाएंगी, और वे उनका मनमाना इस्तेमाल कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि पहले हमारी शिक्षा छीनी गई, हमारे रोजगार खत्म किए गए, और अब हमारी संपत्तियों पर भी कब्जा करने की साजिश हो रही है। पसमांदा मुसलमानों को इसका सबसे बड़ा नुकसान होगा, क्योंकि वक्फ संपत्तियां सबसे अधिक हमारे समाज की भलाई के लिए हैं।

अनीस मंसूरी ने पसमांदा मुस्लिम समाज के सभी संगठनों, बुद्धिजीवियों और नेताओं से अपील की कि वे इस विधेयक के खिलाफ एकजुट हों। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने अपनी जिद नहीं छोड़ी, तो देशभर में बड़ा आंदोलन होगा और पसमांदा समाज अपनी संपत्तियों को बचाने के लिए हरसंभव कदम उठाएगा। श्री मंसूरी ने कहा ''यह सिर्फ एक विधेयक नहीं, बल्कि हमारे अस्तित्व पर हमला है। अगर इसे रोका नहीं गया, तो इसका खामियाजा आने वाली नस्लों को भुगतना पड़ेगा। इसलिए मैं पूरे पसमांदा समाज से अपील करता हूं कि वे अपने हक के लिए जागें और इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठाएं।

### गैर–मुस्लिमों को वक्फ बोर्ड में शामिल करना नाकाबिले–बर्दाश्त

अनीस मंसूरी ने इस विधेयक के उस प्रावधान पर कड़ी आपत्ति जताई, जिसमें गैर–मुस्लिमों को वक्फ बोर्ड में शामिल करने का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि यह फैसला धार्मिक मामलों में सरकारी हस्तक्षेप की सबसे बड़ी मिसाल होगी और इसे किसी भी हाल में स्वीकार नहीं किया जा सकता। श्री मंसूरी ने कहा कि क्या किसी मंदिर ट्रस्ट में मुसलमानों को शामिल किया जाता है? क्या चर्च की प्रशासनिक समिति में गैर–ईसाई होते हैं? फिर वक्फ बोर्ड में गैर–मुस्लिमों को शामिल करने की जरूरत क्यों पड़ रही है? इसका साफ मतलब है कि सरकार हमारी संपत्तियों पर पूरी तरह कब्जा जमाने की कोशिश में है।

### न्याय से वंचित करने की साजिश

अनीस मंसूरी ने इस विधेयक के उस प्रावधान को भी खतरनाक बताया, जिसमें वक्फ संपत्तियों से जुड़े मामलों को अदालत में चुनौती देने का अधिकार सीमित कर दिया गया है। नए विधेयक के मुताबिक, अब वक्फ संपत्तियों के विवादों को केवल वक्फ ट्रिब्यूनल में ही सुना जाएगा, जो पूरी तरह सरकारी हस्तक्षेप में होगा। उन्होंने कहा ''सरकार पहले हमारी संपत्तियों पर कब्जा करना चाहती है, फिर यह सुनिश्चित करना चाहती है कि हम इसके खिलाफ न्याय भी न मांग सकें। यह मुसलमानों को कानूनी रूप से कमजोर करने की सबसे खतरनाक साजिश है।''

## राजाजीपुरम परिक्षेत्र उद्योग व्यापार मण्डल का आज मार्च को होगा चुनाव, जमा हुए 120 नामांकन पत्र



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार को राजाजीपुरम परिक्षेत्र उद्योग व्यापार मण्डल के चुनाव अधिकारी रामशंकर राजपूत एवं गोपाल गुप्ता ने बताया कि लखनऊ व्यापार मण्डल के निर्देशन में कराये जा रहे चुनाव प्रक्रिया में 11 पदों अध्यक्ष, कार्यवाहक अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, वरिष्ठ महामंत्री कोषाध्यक्ष, मीडिया मंत्री, संगठन मंत्री व प्रचार मंत्री का चुनाव होना है। जिसमें कुल 122 नामांकन पत्र विक्री हुए एवं इनमें 120 नामांकन पत्र जमा हुए। इस मौके पर अमरनाथ मिश्र मौजूद रहे। वहीं गोपाल गुप्ता ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच के बाद 08 मार्च को वोट डाले जायेंगे।

## आलमबाग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष बने विजय कुमार सन्मुख



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मंगलवार को मुख्य चुनाव अधिकारी अनिल विरमानी एवं सहायक चुनाव अधिकारी देवेन्द्र गुप्ता ने बताया कि आलमबाग व्यापार मण्डल के चुनाव को लेकर नामांकन पत्रों की जांच एवं अध्यक्ष पद से एक पर्चा वापसी के बाद 08 पदों पर सभी प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये गये। देवेन्द्र गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि अध्यक्ष पद पर विजय कुमार सन्मुख, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर प्रेम कृपलानी, सुनील कुमार जोतवानी उपाध्यक्ष पद पर, आशुतोष वर्मा, रजनीश खरे, रमेश मंलानी, वरिष्ठ महामंत्री पद पर, मो0 मोहम्मद हसीब(बबलू) कोषाध्यक्ष, राजीव रंगलानी मंत्री पद पर, आशीष शर्मा, सुशील कुमार वर्मा संगठन मंत्री, सुरेंद्रर पाल सिंह(पाली) प्रचार मंत्री प्रमोद कुमार अरोड़ा को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

## शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी के जेवरात व नगदी बरामद

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ठाकुरगंज पुलिस ने चोरी की घटना का किया खुलासा। बन्द मकान को निशाना बना कर चोरी जैसी घटना को अंजाम देने वाले चोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आपको बता दे बीते 11 फरवरी को पीड़िता अपने भांजे की शादी की तैयारियों के लिए रिस्तेदारी गई थी। खाली बन्द पड़े मकान का फायदा उठा कर आरोपी द्वारा घर में चोरी की गई थी । ठाकुरगंज पुलिस को चरी की घटना की दी गयी थी लिखित शिकायत। पीड़िता की लिखित शिकायत पर ठाकुरगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की थी आरोपी की तलाश।वहीं पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चोरी की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी नसीम उर्फ टेंची को किया गिरफ्तार। आरोपी नसीम के पास से पुलिस ने लगभग 1 लाख रुपए की कीमत के ज़ेवरात के साथ 18 हज़ार रुपए नगद भी पुलिस ने किया बरामद। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज श्रीकांत राय के नेतृत्व में एस आई हुसैन अब्बास ने पुलिस टीम के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार।

## योगाभ्यास शिविर का आयोजन



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नवयुग कन्या महाविद्यालय राजेंद्र नगर लखनऊ में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह के द्वितीय दिवस पर शारीरिक शिक्षा विभाग राष्ट्रीय सेवा योजना व मिशन शक्ति टीम की ओर से वृहत योगाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। योगाभ्यास में सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन मस्तिष्क के विकास के लिए विभिन्न आसनों का अभ्यास एवं प्राणायाम के बारे में प्रशिक्षित किया गया।

## निरीक्षकों के प्रारंभिक पाठ्यक्रम का आयोजित हुआ समापन समारोह

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी जोनल परिसर में आज 25वीं बैच के निरीक्षकों के प्रारंभिक पाठ्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया, जो उनके कठिन प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल समापन का प्रतीक है। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों और विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति ने अकादमी के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण में उत्कृष्टता के प्रति समर्पण को दर्शाया। समारोह के मुख्य अतिथि पी.के. कटियार, मुख्य आयुक्त, सीजीएसटी जोन लखनऊ रहे, जिन्होंने परेड का निरीक्षण भी किया।

# होलिका दहन स्थल पर दबंगों का कब्जा, ग्रामीण आक्रोशित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंथरा। इलाके की ग्राम सभा भटगवां पांडेय के हुलास खेड़ा गांव में कुछ मनबढ़ गांव के दबंग लोगों ने होलीका दहन स्थल पर अवैध कब्जा कर लिया है। जिसको लेकर कई ग्रामीणों ने उप जिलाअधिकारी सरोजनीनगर को एक शिकायती पत्र देते हुए होलिका दहन स्थल को कब्जा मुक्त करने और विवाद मुक्त होली लगवाने की गुहार लगाई है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान की सह पर होली के लिए चिन्हित चार बिस्वा जमीन पर उनके कारखास लोगों ने अवैध अतिक्रमण कर रखा है। उस स्थान पर लकड़ी, ईंट जमा करके पशु बांध रहे हैं और घरों का पानी बहा रहे हैं। जिसको लेकर ग्रामीणों में काफी आक्रोश है।ग्रामीणों ने जब इसकी शिकायत ग्राम प्रधान से की तो उन्होंने कहा कि अतिक्रमण नहीं हटेगा।गौरतलब है कि बीते कई दशकों से



सभी ग्रामीण एकत्रित होकर इस स्थान पर होलिका दहन करते चले आ रहे हैं। और ग्रामीण जमीन के नक्शे में भी वह स्थान होलिका दहन स्थल के रूप में दर्ज है।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार...

क्षेत्रीय लेखपाल अभिषेक गुप्ता ने बताया हमने मौके को देखा है पानी बह रहा है। कुछ लोग भैंस बांध रहे हैं हमने भैंस हटाने और ग्राम प्रधान से सफाई के लिए बोला है। अब बड़ा सवाल यह है कि कब सफाई होगी कब अतिक्रमण हटेगा जबकि होलिका दहन में कुछ दिन ही शेष है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित होगी महिलाओं की सेमी क्वार्टर मैराथन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नशा मुक्ति अभियान कौशल का के तत्वाध्वान में महिलाओं की 5 किलोमीटर की साड़ी युक्त सेमी क्वार्टर मैराथन लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में शनिवार को समय प्रातः 9:00 बजे से शुरू होगी।जिसमें 25 वर्ष से लेकर 45 वर्ष तक की पांच सौ से अधिक महिलाएं हिस्सा लेंगी,जिसमें विजेता महिलाओं को प्रथम पुरस्कार के रूप में इक्यावन हजार रुपए,द्वितीय पुरस्कार इकतालीस हज़ार,तृतीय पुरस्कार इक्कतीश हज़ार रुपए,चौथे दस पुरस्कार इक्यावन सौ रुपए,पांचवें दस पुरस्कार इकतालीस सौ रुपए,छठे दस पुरूस्कार इक्कतीश सौ रुपए,सप्तम दस पुरस्कार इक्कीस सौ रुपए,अष्टम दस पुरस्कार ग्यारह सौ रुपए कुल 53 महिलाओं को पुरस्कार वितरित किए जाएंगे,जिसमें मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र सहित अन्य जनपदों की प्रतिभागी महिलाएं भाग लेंगी।जिसकी जानकारी मंगलवार को बीकेटी स्थित एक निजी होटल में प्रेसवार्ता के दौरान पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व पूर्व सांसद कौशल किशोर ने दी।प्रेसवार्ता के दौरान प्रमुख रूप से संजय सिंह,भाजपा नेता,अवधेश सिंह,सदाशिव मिश्रा,मान सिंह,राजेश सिंह,दीपक कुमार लोधी,मायाराम रावत,कामता प्रसाद रावत जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा,जगदम्बा प्रसाद त्रिपाठी (प्रतिनिधि पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री व पूर्व सांसद कौशल किशोर),मदनमोहन मिश्रा मौजूद रहे।

## यूपीएसआईएफएस में दो दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

# स्वयं के साथ अन्य को स्वस्थ्य रहने के लिए भी प्रेरित करें : गोस्वामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस लखनऊ में दो दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर का उद्घघाटन यूपीएसआईएफएस के संस्थापक निदेशक डॉ0 जी0के0 गोस्वामी ने किया। चिकित्सा शिविर में चिकित्सकों से परामर्श लेने आये लोगों को हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ0 अतुल कुमार एवं डॉ0 अतिबुल्लाह खांन ने उनके ब्लड टेस्ट, ब्लड प्रेशर मापने और ई0सी0जी0 रिपोर्ट के बाद चिकित्सीय परामर्श दिये।

इस अवसर पर डॉ0 जीके गोस्वामी ने कहा कि हमारे जीवन में स्वास्थ्य सर्वोत्तम है जब तक हम स्वस्थ्य नहीं होगे तब तक हम अपने लक्ष्य को हासिल नहीं कर पायेगे उसके लिए स्वास्थ्य जरूरी है। सर्व प्रथम हम स्वयं स्वस्थ रहें और इसके बाद अपने आस-पास में रहने वालें लागों को भी स्वस्थ्य रहने के लिए प्रेरित करते रहें।



उन्होंने कहा कि आज हर इंसान सभी कार्यो को तो समय दे देता है लेकिन अपने स्वास्थ्य के प्रति बेहद लापरवाही बरतता है जो जीवन के लिए खतरनाक साबित होता हैद्य मुझे बेहद खुशी हो रही है कि इस चिकित्सा शिविर में आस-पास रानीपुर दरोगा खेडा सहित अन्य गॉव के नागरिकों द्वारा भी चिकित्सकों से हृदय रोग के विषय में जॉच एवं परामर्श लिया जा रहा है। निशुल्क चिकित्सा शिविर में आज लगभग डेढ़ सौ से अधिक संख्या में लोगों ने चिकित्सीय जांच परामर्श लिया द्य

इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक राजीव मल्होत्रा, उप निदेशक चिरंजिब मुखर्जी, प्रशासनिक अधिकारी अतुल यादव, जनसंपर्क अधिकारी संतोष तिवारी, प्रतिसार निरीक्षक बृजेश सिंह सहित संस्थान के सभी छात्र छात्राये उपस्थित रहीं।

## फरवरी माह में 10 हजार से अधिक मुकदमें दर्ज

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश के आबकारी विभाग ने माह फरवरी, 2025 में 5422.52 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया हैं, जबकि इस माह के लिए 5000 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित था। इस प्रकार आबकारी विभाग ने निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 108.5 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश के आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में माह फरवरी तक कुल 43,322.87 करोड़ रुपये राजस्व अर्जित किया गया है, जो गत वर्ष के अलोच्य अवधि की प्राप्तियों रुपये 41,224.16 करोड़ के सापेक्ष रुपये 2098.71 करोड़ रुपये अधिक है। उन्होंने बताया कि फरवरी माह में जनपद चित्रकूट, प्रयागराज, चंदौली, कौशाम्बी तथा महोबा में सराहनीय कार्य हुआ और इन जनपदों में 100 प्रतिशत से अधिक उपलब्धि हासिल हुई है। आबकारी मंत्री ने बताया कि माह फरवरी में कुल 80243 छापे मारे गए, जिनमें 10425 अभियोग दर्ज किये गये और 335373 लीटर अवैध शराब पकडी गयी।

# चार गौवंशों के सर कटे मिले, क्षेत्र में तनाव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जरवल बहराइच। गेहूं और गन्ने के खेत में चार गौवंशों के अवशेष मिलने से हड़कंप मच गया।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गौवंशों के अवशेष को बरामद कर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सुचना पर अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शीघ्र खुलासे के दिए दिशा निर्देश,गोकशी की घटनाओं ने पुलिस की सक्रियता पर भी सवालिया निशान खड़ा कर दिया है।सोमवार रात परसोहर बदलू पुरवा निवासी राम चन्दर की दो गाय गायब हो गयी थी। राम चन्दर अपनी गाय ढूढ रहे थे। मंगलवार सुबह धनसरी हरचंदा बॉर्डर पर अशोक मिश्रा और संतोष मिश्रा के खेत में दो गौवंशों के अवशेष मिलने से हडकंप मच गया। थानाध्यक्ष बृजराज प्रसाद पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। वहीं घटना स्थल से पांच सौ मीटर दूर हरचंदा के पुत्तन के गन्ने के खेत में दो और गौवंशों के अवशेष मिलने से पुलिस महकमे की बेचैनी बढ गई।यह अवशेष करीब दस दिन पुराने प्रतीत हो रहे हैं।सूचना पर क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रवी खोखर और एएसपी ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने घटनास्थल पहुंचकर जानकारी प्राप्त की।उपजिलाधिकारी कैसरगंज आलोक प्रसाद ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रवि खोखर ने बताया कि गेंहू के खेत में दो गौवंशों के अवशेष मिले है। अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।घटना के शीघ्र अनावरण करने का निर्देश दिया गया है। दो अन्य अवशेष पुराने है।पशु चिकित्सकों से परीक्षण कराकर कार्यवाही की जाएगी। गौकशी की घटना पर कप्तान शख्त ,थाना अध्यक्ष बृजराज प्रसाद सस्पेंड।

## ग्रामीण करते रहे बैठक का इंतजार नहीं पहुंचे ग्राम विकास अधिकारी

**बेहटा सीतापुर।** वैसे शासनादेश के तहत पूरे प्रदेश में माह जनवरी से प्रधान मंत्री आवास सर्वे कार्य जारी है मार्च माह के अंत तक सर्वेक्षण कार्य पूर्ण होने के लक्ष्य के साथ साथ 3 माह पूर्ण होने को है अभी तक बेहटा ब्लॉक की ग्राम पंचायत बसंतापुर में ग्राम विकास अधिकारी की हीलाहवाली से अभी तक सर्वे कार्य नहीं हो पा रहा है जानकारी के मुताबिक बसंतापुर के प्राथमिक विद्यालय में खुली बैठक का आयोजन किया गया था बैठक में शामिल होने के लिए काफी संख्या में लोग एकत्रित रहे काफी देर हो जाने के बाद जब ग्राम विकास अधिकारी से बात की गई तो बताया गया कि बसंतापुर के बजाय पंचायत भवन कोल्हू पुरवा में बैठक चल रही है जबकि पंचायत भवन में लगभग आधा दर्जन कटान पीड़ित परिवार गुजर कर रहे हैं कोल्हू पुरवा में जाने पर पाया गया कि बसंतापुर के बजाय दूसरी ग्राम पंचायत देवपालपुर में किसी योजनाबद्ध तरीके से बैठक की गई जहां पर योगी सरकार पारदर्शिता लाने का काम कर रही हैं वहीं पर उनके ही कर्मचारी गोपनीयता बरतने का काम कर रहे है ।

# सप्तम् पड़ाव मंडरुवा का खण्ड विकास अधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर ब्यूरो । विश्व प्रसिद्ध श्री चौरासी कोसीय जो वर्तमान मे चल रहा है जिसका सप्तम पड़ाव मंडुरूवा है यह एक अति प्राचीन मांडव ऋषि की तपोस्थली है मांडव ऋषि हिंदू पौराणिक कथाओं में एक महान ऋषि थे।

उन्हें एक तपस्वी, विद्वान, और धर्मात्मा व्यक्ति के रूप में जाना जाता है। वे एक प्रसिद्ध कथा में उल्लेखित हैं जहाँ उन्होंने एक राजा को सूली पर चढ़ा दिया था। मांडव ऋषि के पिता ब्रह्माजी के वंशज मरीचि ऋषि थे और माता कला देवी थीं। परिक्रमा पड़ाव आने के पूर्व ही खंड विकास अधिकारी मछरेहटा राजेश तिवारी के द्वारा अपने निगरानी मे सभी पड़ाव सम्बन्धी कार्य कराए जा रहे आज दिनांक 04-03-2025 बीडीओ राजेश तिवारी- और आलोक मिश्रा पड़ाव प्रभारी (मडरूवा) के द्वारा परिक्रमा मार्ग मछरेहटा एवं ढडुवा रैन बसेरे तक का निरक्षण किया गया तथा बीडीओ राजेश तिवारी के द्वारा हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया पड़ाव प्रभारी आलोक मिश्रा ने बताया कि हर वर्ष से बेहतर इस वर्ष साफ -सफाई ,जल एवं शौचालय आदि सारी व्यवस्थाएं कर ली गई है, जिससे आने वाली चौरासी कोसीय परिक्रमा में किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो और बताया कि खंड विकास अधिकारी राजेश जी ने बहुत ही तन मन से कार्य किया है और बहुत ही सहयोग रहा है।

# श्री गांधी महाविद्यालय में सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिधौली, सीतापुर। श्री गांधी महाविद्यालय, सिधौली, सीतापुर द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना (गट्टट्ट) का सात दिवसीय विशेष शिविर आज से पंचायत भवन, लोध पुरवा, बहादुरपुर वार्ड, सिधौली में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं शिक्षकों की उपस्थिति में पंक्तिबद्ध होकर जुलूस के रूप में शिविर स्थल तक पहुंचे। शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक श्री रविंद्र कुमार सिंह ने फीता काटकर, सरस्वती माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया। उन्होंने अपने उद्घाटन भाषण में राष्ट्रीय सेवा योजना के ऐतिहासिक परिचय, पृष्ठभूमि एवं सिद्धांत वाक्य (गधप् ख्द्ध, उफ् ड्डधफ) पर विस्तृत चर्चा की।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को गट्टट्ट के उद्देश्य, महत्व, शपथ एवं राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका पर प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना केवल सेवा कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी सुदृढ़ करता है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक रविंद्र कुमार सिंह, गोपाल सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय कुमार वर्मा, कमलेश यादव, गौरव, अंबुज सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

यह शिविर 7 मार्च 2025 तक चलेगा, जिसमें स्वयंसेवकों द्वारा सामाजिक जागरूकता, स्वच्छता अभियान, साक्षरता कार्यक्रम, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़े विभिन्न जनहित कार्य किए जाएंगे।

# श्रीमहालक्ष्मी ज्ञान यज्ञ का छठवां दिन समस्त योनियों में मनुष्य सर्वश्रेष्ठ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां (सीतापुर)। श्रष्टि की सभी योनियों में मनुष्य योनि ही सर्वश्रेष्ठ है। अगर मानव शरीर धारण करने के बाद भी मनुष्य अपने अन्दर विद्यमान ईश्वरीय शक्तियों को नहीं पहचान सका तो उसका जीवन व्यर्थ चला जाता है इसलिए अपने को जानने और पहचानने का प्रयास करो।यह बातें निकटवर्ती नींबा डेहरा गांव में विगत छः दिनों से हो रही श्री महालक्ष्मी ज्ञान यज्ञ एवं संगीतमयी श्री राम कथा व मानस सत्संग सम्मेलन के छठे दिन प्रवचन देते हुए आचार्य सुधीर चन्द्र अवस्थी ने कही। उन्होंने कहा कि मानव स्वयं ही दिव्य विभूतियों का भण्डार है लेकिन मोह माया के गर्त में फंसकर वह अपनी पहचान भुलाये बैठा है। सारा बृह्माण्ड उसी में समाया हुआ है जरूरत है सिर्फ उसे जानने और पहचानने की। मनुष्य को अपने कर्मों का फल इसी जन्म में भोगना पड़ता है यह जानकर हमेशा आचरण में शुद्धता रखते हुए अनैतिक कार्यों से बचना चाहिए।

गत शुक्रवार से लगातार दिन और रात्रि में सैकड़ों भक्त उपस्थित होकर पावन श्री रामकथा के सुन्दर प्रसंगों को सुनकर अपने को धन्य कर रहे हैं। रात्रि में कथा के बीच बीच भगवान के विविध स्वरूपों की सुन्दर सजीव झांकियों का भी प्रदर्शन किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य यज्ञमान राम नरेश वर्मा व समिति के अध्यक्ष सर्वेश कुमार वर्मा सहित गांव तथा आसपास क्षेत्र के सैकड़ों धर्म प्रेमी लोग उपस्थित रहे। बुधवार होगी पूर्णाहुति एवं भंडारा होगा।

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज

**बहराइच।** अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग/सचिव, जिला सड़क सुरक्षा समिति ने बताया कि जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में 05 मार्च 2025 को अपरान्ह 05:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी है। उल्लेखनीय है कि पूर्व निर्धारित तिथि 03 मार्च को अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण बैठक सम्पन्न न हो पाने के कारण अब यह बैठक 05 मार्च 2025 को होगी। सचिव द्वारा सभी सम्बन्धित अधिकारियों से वांछित सूचनाओं के साथ ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की गई है।

# क्षेत्र के युवा व युवतियों को ट्रेड्स में दिया जा रहा निशुल्क प्रशिक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन (सीतापुर)। क्षेत्र के बेरोजगार युवकों व युवतियों को अपने कदमों पर खड़े होने की ओर एक कदम बढ़ाते हुए उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत टेक्नो होरीजन के द्वारा विभिन्न विधाओं में लक्षवी फाउंडेशन परिसर रसूलपुर बकैया में किया जा रहा प्रशिक्षित। 18 साल से 35साल की उम्र के करीब 5दर्जनभर बेरोजगार हथकरघा,चिकनकारी व कंप्यूटर का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।प्रशिक्षार्थियों को यूनिफॉर्म के साथ अन्य पाठन सामग्री टेक्नो होरिजन की तरफ से प्रदान किया गया।

# बीजेपी का एक-एक कार्यकर्ता मोटापे के प्रति लोगों को करेगा जागरुक : प्रकाश पाल




कैनविज टाइम्स संवाददाता

कानपुर। आज पूरे विश्व में बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक मोटापे से ग्रसित हैं। मोटापे से गठिया, फैटी लीवर, मधुमेह, हृदय रोग, सांस संबंधी बीमारियां सहित अनेक स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। विश्व मोटापा दिवस पहली बार 11 अक्टूबर 2015 को मनाया गया था, लेकिन साल 2020 से इसकी तारीख बदलकर चार मार्च कर दी गयी थी। तब से यह प्रतिवर्ष इसी तिथि को मनाया जा रहा है। अब एक बीजेपी कार्यकर्ता दस लोगों को जागरूक करेगा और वो दस लोग और दस लोगों को जागरूक करेंगे। ताकि तेजी से फैल रही इस घातक बीमारी से देशवासियों को बचाया जा सके। यह बातें मंगलवार को कानपुर-बुंदेलखंड के क्षेत्रीय भाजपा अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 119वें मन की बात संस्करण में मोटापे पर चिंता व्यक्त की थी। इसी के तहत भारतीय जनता पार्टी ने इसे एक अभियान के रूप में लिया है और इसे कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के प्रत्येक बूथ स्तर तक चलाया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर मोटापा मुक्त कानपुर बनाने हेतु एक जागरूकता अभियान पर संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य समाज में बढ़ते मोटापे और उससे जुड़ी बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करना था। मधुमेह विशेषज्ञ डॉ. बृज मोहन ने मोटापे से होने वाले मधुमेह के बढ़ते मामलों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 22 जुलाई 2024 को जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार भारत में महिलाओं में मोटापा पुरुषों की तुलना में अधिक है। जहां पुरुषों में मोटापा 20 प्रतिशत और महिलाओं में यह 30 प्रतिशत तक देखा गया है। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहम्मद अहमद ने कहा कि मोटापे के कारण हृदय रोगियों की संख्या में वृद्धि हो रही है। इसे नियंत्रित करने के लिए रिफाइंड तेल का प्रयोग बंद करना आवश्यक है। पोषण विशेषज्ञ डॉ. शिप्रा माथुर ने कहा कि लोगों को अपनी खान-पान की आदतों में बदलाव करना होगा। उन्होंने ऑनलाइन फूड डिलीवरी सेवाओं से बचने और घर का बना पौष्टिक भोजन ग्रहण करने की सलाह दी।

## अपहरण व दुष्कर्म मामले में दोषी को सात वर्ष की कैद

**हमीरपुर।** मंगलवार को किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के नौ साल पुराने मामले में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कीर्तिमाला सिंह की अदालत ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने दोषी बाल अपचारी को सात साल के कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माना जमा न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। विशेष लोक अभियोजक रुद्रप्रताप सिंह ने कोर्ट को बताया कि कुरारा थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने 21 मार्च 2016 को तहरीर दी थी। बताया था कि वह 20 मार्च को कस्बा गया हुआ था। पत्नी मवेशियों का चारा लेने गई थी। घर में उसकी बेटी (पीड़िता) अकेली थी। शाम चार बजे गांव के ही युवक उसे बहला फुसलाकर कहीं ले गया है। पुलिस ने अपहरण सहित पाक्सो एक्ट के तहत आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया था। मुकदमा सुनवाई के दौरान आरोपित घटना के समय किशोर होने के कारण उसे 26 अगस्त 2022 को बाल अपचारी घोषित किया गया था। जो इस समय बालिग हो चुका है। मेडिकल रिपोर्ट व अन्य सबूतों के आधार पर कोर्ट ने दोषी भूरा को सजा सुनाई है।

# विपक्षियों पर फर्जी मुकदमे दर्ज करा सफ़ेदपोश संरक्षण प्राप्त भूमाफिया चला रहें उद्योग : सांसद

### पुलिस कमिश्नर ने सांसद की शिकायत पर किया चार सदस्यीय एसआईटी टीम का गठन

एजेंसी

कानपुर। शहर में झूठे मुकदमें दर्ज कराने का गोरख धंधा तेजी से फल-फूल रहा है। भू माफियाओं द्वारा मनचाही जगहों पर अवैध रूप से कब्जा करना और अपनी हनक के दम पर जरायम करना आम बात हो गयी है। वहीं जब कोई आम आदमी इन बदमाशों के खिलाफ आवाज उठाने की कोशिश करता है तो उन्हें अक्सर बलात्कार, पॉक्सो और अन्य गंभीर धाराओं के झूठे मुकदमे दर्ज कराकर निर्दोष व्यक्तियों को जेल भिजवा दिया जाता है। जिससे उनका जीवन बर्बाद हो जाता है। इस तरह बीते सात से आठ साल में दर्ज हुए मुकदमों की जांच की जाए। यह शिकायत मिश्रिख सांसद अशोक कुमार रावत ने पुलिस आयुक्त से की है। सांसद अशोक कुमार रावत ने कानपुर पुलिस आयुक्त अखिल कुमार को एक पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने कहा है कि बीते सात से आठ साल में शहर के विभिन्न थानों में दर्ज कराए गए बहुत से मुकदमे फर्जी हैं। क्योंकि समाज में भू माफिया इस कदर हावी हैं कि किसी की भी जमीन पर कब्जा करने के साथ-साथ और भी कई तरह से अपराधों में सम्मलित इन भू माफियाओं के खिलाफ अगर कोई आवाज उठाता है तो उसे फर्जी मुकदमों में फंसाकर उसकी जिंदगी खराब कर दी जाती है। इस तरह के अपराधी और बदमाश पैसों के दम पर कुछ सफ़ेदपोश लोगों का संरक्षण पाकर और भी ज्यादा ताकतवर होते जा रहे हैं। ऐसे में पुलिस एसआईटी का गठन कर बीते सात से आठ साल में हुए मुकदमों की समीक्षा कर निर्दोषों को बरी करते हुए बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई करें। सांसद की इस शिकायत का संज्ञान लेते हुए पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने चार सदस्यीय एसआईटी टीम का गठन किया है।

## गैंगस्टर के तीन दोषियों को 10-10 वर्ष का कारावास

**फिरोजाबाद।** न्यायालय ने मंगलवार को गैंगस्टर एक्ट के तीन दोषियों को 10-10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। उन पर अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड न देने पर उन्हें अतिरिक्त सजा काटनी होगी। थाना खैरगढ़ पुलिस ने 19 फरवरी 2015 को भूरा उर्फ भूपेन्द्र, उमला यादव निवासीगण बिजौली खैरगढ़ एवं बंगाली यादव निवासी गुड़ा नसीरपुर हाल निवासी बिजौली के खिलाफ गैंगस्टर की कार्यवाही की थी। पुलिस ने विवेचना कर उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। मुकदमा अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट कोर्ट संख्या 4 साक्षी शर्मा की अदालत में चला। अभियोजन पक्ष की तरफ से मुकदमे की पैरवी विशेष लोक अभियोजक मुरारीलाल लोधी ने की। उन्होंने बताया न्यायालय ने तीनों को उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रिया-कलाप (निवारण) अधिनियम (गैंगस्टर) का दोषी पाया। न्यायालय ने तीनों को 10-10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। उन पर पांच-पांच हजार रूपया का अर्थदण्ड लगाया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर तीनों को तीन-तीन माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

# वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल सक्सेना के निधन पर शोक सभा कर दी श्रधांजलि

❑ तहसील बिसवा के वरिष्ठ अधिवक्ता का बीमारी के चलते हुआ निधन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवा (सीतापुर)। बिसवा बार एसोसिएशन बिसवा व बिसवा लायर्स एसोसिएशन के अधिवक्ताओ ने वरिष्ठ अधिवक्ता व पूर्व बार संघ अध्यक्ष स्व.अनिल सक्सेना के निधन पर शोक सभा आयोजित कर श्रधानजलि दी। तहसील बिसवा के वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल सक्सेना का लम्बी बीमारी के चलते हुआ निधन।उनके निधन का समाचार सुनते ही अधिवक्ताओ में शोक की लहर दौड़ गई। वरिष्ठ एडवोकेट स्व.अनिल सक्सेना के निधन पर वरिष्ठ एडवोकेट रसिक बिहारी गुप्ता,सुरेश मौर्य,राज शर्मा, बि.बा.ए.एल्डर्स कमेटी चेयरमैंन ब्रजेश नारायन गुप्ता, अशोक पुष्प, निर्भय मौर्य, दिनेश श्रीवास्तव, राज किशोर यादव,अशोक वर्मा,पुत्ती लाल वर्मा, सूर्य प्रसाद यादव,मन्ना लाल बाजपेयी ,शमीम कौसर सिद्दीकी, अशफाक हुसैन, अबुशहमा खान, मदन बिहारी गुप्ता,राजेश सिंह, कैलाश श्रीवास्तव, बि.ला.ए.अध्यक्ष कमलेंद्र बाजपेयी, बि.बा.ए.सचिव नीरज कुमार श्रीवास्तव,बि.ला.ए सचिव सत्य प्रकाश सिंह,बि.बा.ए. वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष कठेरिया, इंतिखाब आलम सिद्दीकी, आशीष मिश्रा, संजय श्रीवास्तव, सर्वेश मोहन श्रीवास्तव, प्रमोद श्रीवास्तव, रजनीशमिश्रा,

प्रमोद यादव, आनंद मेहरोत्रा, अरुन श्रीवास्तव, अश्वनी श्रीवास्तव, नावेद सिद्दीकी, अश्वनी त्रिपाठी, राज किशोर मिश्रा, आलोक श्रीवास्तव, आशीष सिंह, शिशु पाल यादव, राजेश वर्मा, मो.शुएब, अनमोल कनैहया, जितेंद्र मिश्रा, रेनु राजपूत, अफजालं कौसर, उमर अंसारी, मनमोहन भार्गव, इकबाल अहमद, ललित शर्मा, हरि ओम यादव, गौरव सिंह, हसीब अख्तर, राम दास यादव, राम किशोर वर्मा, प्रदीप गौतम, प्रदीप विश्वकर्मा, केके वैश्य, जितेंद्र भार्गव, बरखा सिँह, गुँजन अग्रवाल सहित दोनों बार एसोसिएशन के पदाधिकारियो व सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया।

## हत्या कर पत्नी का शव जलाने में आजीवन कारावास

**हमीरपुर।** मंगलवार को मझगवां थानाक्षेत्र के गोहानी गांव में चार वर्ष पूर्व पति ने पत्नी की खेत में हत्या कर शव को जंगल में जला दिया था। मृतका के भाई की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था। विशेष न्यायाधीश कोर्ट-1 पीके जयंत ने आरोपित पति को आजीवन कारावास व 12 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है। सहायक शासकीय अधिवक्ता राजेश तिवारी ने बताया कि मृतका के भाई नारेंद्र सोनकर निवासी ग्राम पटेरिया थाना मानिकपुर ने 23 फरवरी 2021 को मझगवां थाने में तहरीर देकर बताया कि उसकी बहन शकुंतला का किसी बात को लेकर 20 फरवरी को बहनोई रामस्वरूप से विवाद हो गया था। जिसके बाद शकुंतला खेत काम करने चली गई। इसके बाद पीछे से बहनोई ने खेत में जाकर बहन की गला दबाकर हत्या करने के बाद रात में शव को जला दिया था। मृतका के बच्चों द्वारा पिता के रात में घर में न होने की बात बताई थी। पुलिस ने मौके से साक्ष्य एकत्र करने के बाद आरोपित पति रामस्वरूप के खिलाफ हत्या व साक्ष्य छिपाने का मुकदमा दर्ज किया। मुकदमें की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश कोर्ट-प्रथम पीके जयंत ने आरोपी पति रामस्वरूप को हत्या का दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

# ग्रामीण जीवन ही भारत की मूल प्राण वायु : मिथिलेशनन्दिनीशरण महाराज

एजेंसी



सोनभद्र। धार्मिक, आध्यात्मिक, दार्शनिक विचारक व पीठाधीश्वर सिद्ध पीठ श्री हनुमन्निवास अयोध्या धाम के पूज्य संत आचार्य मिथिलेश नन्दिनीशरण का आगमन मंगलवार को सोनभद्र में हुआ। जहां ग्राम्य संस्कृति, समृद्धि एवं जीवनबोध गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण जीवन ही भारत की मूल प्राण वायु है। ग्राम्य संस्कृति का अर्थ है जो हमें प्राप्त है उसके प्रति कृतज्ञ होना। ग्रामीण के वास्तविक संदर्भ को समझना होगा। उन्होंने कहा कि ग्राम शब्द का अर्थ ही है बाजार से रहित व्यवस्था। बाजार ने व्यक्ति से मूल्य को छीनकर एक यांत्रिक व्यवस्था में स्थापित कर दिया है। जबकि ग्राम्य संस्कृति समानुभूति आधारित सहकारिता की संस्कृति है। जिसमें बिचौलिए के लिए कोई जगह नहीं है। आज आधुनिकता के दौड़ में नगरीय व्यवस्था में मनुष्य मूल्य रहित हो चुका है। हनुमत निवास के पीठाधीश्वर ने कहा कि ग्राम्य संस्कृति में ऐसा कोई भी कार्य नहीं है जिससे अपशिष्ट उत्पन्न हो। ग्रामीण संस्कृति हर चीज को पचाने में सक्षम है। ग्राम्य संस्कृति का जीवन बोध यही है कि हम अपने सुखों को कम करते हुए, एक समावेशी जीवन शैली के आधार पर आने वाली पीढ़ियों के लिए एक आदर्श भविष्य प्रदान करें। बाजार आधारित संस्कृति से इतर ग्राम्य संस्कृति औरजीवन बोध द्वारा भारत के मौलिक चेतना में वापस आना होगा। और यहाँ कार्य लोक से संवाद द्वारा व्यक्ति के स्तर पर करना होगा। इस माध्यम द्वारा ही भारत के संस्कृति एवं समृद्धि का संरक्षण होगा। मिथिलेशनन्दिनीशरण महाराज ने कहा कि 60 से 70 करोड़ लोगों ने कष्ट सह कर स्नान करने महाकुम्भ पहुंचे। महाकुम्भ को सरकारी योजना कहना भारत के सनातन धर्मभाव का अपमान है। महाकुम्भ में इतने श्रद्धालुओं को पहुंचना, यह भारत के धार्मिक भावना का प्रतिफल है।

## चुनार क्लब की फर्जी पोस्ट पर प्रधान पति ने दर्ज कराया मुकदमा

मीरजापुर। चुनार कोतवाली क्षेत्र के बरेवां गांव के प्रधान पति प्रदीप शुक्ला के खिलाफ फ़ेसबुक सोशल मीडिया पर एक फर्जी और झूठी पोस्ट डाली गई। पोस्ट में दावा किया गया कि ग्राम प्रधान बरेवां, किरन शुक्ला के पति प्रदीप शुक्ल पर घातक हमला हुआ है। यह पोस्ट यह भी कहती है कि प्रदीप शुक्ला द्वारा ग्रामीणों को झूठे आश्वासन दिए गए थे, जिससे उनका गुस्सा भड़क गया और उन पर हमला किया गया। इसके साथ ही पोस्ट में कुछ आपत्तिजनक और गलत कमेंट्स भी किए गए।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु सिंगल पैकेट पद्धति से ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **28.03.2025** को **15.00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा फार्म का मूल्य जमा नहीं करना है तथा निविदाकर्ता को धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | | 02202025 दिनांक 03.03.2025 | |
| 1. कार्य का नाम | 1 | सहायक मण्डल अभियन्ता-जौनपुर के अधीन जफराबाद-अयोध्या कैंट अनुभाग में मेंहरावां-खेतासराय स्टेशन के बीच में किमी0 851/13-15 पर अतिक्रमण वाले स्थान पर सड़क अधोगामी पुल का प्रावधान । | |
| 2. अनुमानित लागत | 1 | रू. 3,58,92,899.31 | |
| 3. धरोहर राशि | 1 | रू. 3,29,500.00 | |
| 4. कार्य की समापन अवधि | क्रम सं0 01 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह (12) माह। | |
| 5. निविदा डालने का प्रारंभ | क्रम सं0 01 के लिए | 14.03.2025 | |
| 6. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | क्रम सं0 01 के लिए | 28.03.2025 15:00 बजे | |
| 7. वेबसाईट | www.ireps.gov.in | | |

**नोटः 1.** तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे सम्बन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नही किये जायेंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रो को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। (प्रधान कार्यालय उ०रे० नयी दिल्ली का **पत्र सं0 74-W/O/Pt-XXV/WA/Loose दिनाँक 07.04.2015**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 688/25

## प्रधानाध्यापक भगवंत कुमार सिंह की पहल लाई रंग

# कांवेंट स्कूलों को मात दे रहे बेसिक के बच्चे

- सब पढ़े–सब बढ़े नारे को चरितार्थ कर रहा कसया का कंपोजिट विद्यालय
- स्मार्ट क्लासेज, कंप्यूटर शिक्षा, एलईडी टीवी आदि के माध्यम से बच्चों को दी जा रही बेहतर शिक्षा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। केंद्र और प्रदेश सरकार के सर्व शिक्षा अभियान के तहत सब पढ़े-सब बढ़े नारे को चरितार्थ कर रहा है ब्लाक संसाधन केंद्र कसया के परिसर में स्थित कंपोजिट विद्यालय। जहां बेहतर शिक्षण माहौल होने से विद्यालय की छात्र और छात्राएं कॉन्वेंट विद्यालयों की तरह शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। खेल के साथ पढ़ाई का अच्छा माहौल होने से विद्यालय में अच्छी खासी संख्या है। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित इस विद्यालय में पर्याप्त कक्षा कक्ष, प्राकृतिक वातावरण विकसित किया गया है। निजी विद्यालयों की तरह ही स्मार्ट क्लासेज, कंप्यूटर शिक्षा, एलईडी टीवी आदि के माध्यम से बच्चों को बेहतर शिक्षण को लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक भगवंत कुमार सिंह जागरूक हैं। उनकी पहल रंग लाई और बच्चे कॉन्वेंट स्कूलों के बच्चों को मात दे रहे हैं। सभी बच्चों को प्रोजेक्टर माध्यम से पढ़ाया जाता है। एक से आठवीं कक्षा तक के बच्चों को सभी विषयों के साथ अंग्रेजी पढ़ाई जाती है। विद्यालय के प्राथमिक में 232 और पूर्व माध्यमिक में 230 बच्चे अध्ययनरत हैं। सरकार द्वारा बच्चों को मिड डे मिल, गणवेश, पाठ्य पुस्तक, स्टेशनरी आदि निःशुल्क रूप से दिया जाता है। विद्यालय में स्वच्छ पर्यावरण के लिए बागवानी को बढ़ावा देने के लिए बच्चों ने इको क्लब बनाया है, जिसके तहत बच्चों ने एक पेड़ मां के नाम पर पौधे लगाए हैं। सामाजिक विषयों की समझ के लिए बच्चे मीना मंच के माध्यम से राष्ट्रीय पर्व मनाते हैं और विभिन्न अवसरों पर शिक्षकों सहित एक दूसरे को सेलिब्रेट करते हैं। दिवालों पर शैक्षणिक भित्तिचित्र से बच्चे जहां पढ़ते हैं। निपुण भारत अभियान के तहत योगा क्लासेज, विज्ञान प्रयोगशाला, समर कैंप और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चे गुरुजनों के निर्देशन में शिक्षा, खेल के क्षेत्र में नित सफलता अर्जित कर रहे है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक भगवंत कुमार सिंह ने बताया कि बच्चों को समय प्रबंधन, संस्कार, अनुशासन, नैतिक गुणों के साथ पढ़ने, लिखने और याद करने की सीख दी जाती है।

वर्ष 2019 में मै इस विद्यालय में बतौर प्रधानाध्यापक ज्वाइन किया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय में मै इकलौता शिक्षक हूं, दो अनुदेशकों और प्राइमरी के शिक्षकों के साथ पूरी शिक्षण व्यवस्था देख रहा हूं। सबके मेहनत से अब बच्चों की संख्या दोगुनी हो गई है और बच्चों में मेधा शक्ति का निरंतर विकास हो रहा है। बता दें कि प्राइवेट विद्यालयों में नामांकन शुल्क, पंजीयन शुल्क, भारी भरकम मासिक शुल्क और अन्य शुल्क देना आम या गरीब लोगों के बूते की बात नहीं है। ऐसे में कसया का यह कंपोजिट विद्यालय कांवेंट स्कूलों की तर्ज पर शिक्षा की अलख जगा रहा है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री सिंह के इस शैक्षणिक प्रयास की लोग खूब सराहना कर रहे हैं।

### विद्यालय के बच्चों ने लहराया सफलता का परचम

कसया के इस कंपोजिट विद्यालय के बच्चे प्रधानाध्यापक भगवंत कुमार सिंह के निर्देशन और शिक्षक दुर्गेश यादव एवं शिक्षिका रश्मि सिंह तोमर, निशु विश्वकर्मा सहित विद्यालय के सभी शिक्षिकाओं के देखरेख में बच्चों ने कई सफलताएं प्राप्त की हैं। आय आधारित छात्रवृति योग्यता परीक्षा में कु.निधि सफल हुई वहीं कुलदीप कुमार जनपद क्रीड़ा प्रतियोगिता में आयोजित दौड़ में प्रथम रहे। पिछले वर्ष दो छात्राएं नवोदय विद्यालय के लिए चयनित हुईं।

### स्मार्ट क्लासेज के लिए प्रधानाध्यापक को मुख्यमंत्री कर चुके हैं सम्मानित

विद्यालय में अंग्रेजी, कंप्यूटर सहित विभिन्न विषयों को लेकर स्मार्ट क्लासेज संचालित करने को लेकर वर्ष 2023 में गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानाध्यापक भगवंत कुमार सिंह को सम्मानित किया। श्री सिंह ने कहा कि उचित शैक्षिक माहौल निर्माण और सब पढ़े सब पढ़े के संकल्प से ही विकसित भारत का सपना पूरा होगा।

# राष्ट्रपति को ज्ञापन देकर महाबोधि महाबिहार बोधगया बौद्धों को सौंपने की मांग




कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। सम्राट अशोक वेलफ़ेयर सोसाइटी, परासखांड, रामपुर कुशीनगर द्वारा बोधगया मुक्ति आंदोलन के क्रम में महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कुशीनगर को सौंपकर महाबोधि महाबिहार बोधगया पूर्ण रूप से बौद्धों को सौंपने की मांग की। मंगलवार को सोसाइटी के संरक्षक भंते डॉ नन्द रतन महाथेरा के नेतृत्व में पहुंचे बौद्ध भिक्षुओं और उपासकों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। भंते डॉ नन्द रतन ने कहा कि बोधगया केवल भारतीय सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा ही नहीं है आपितु विश्व के करोड़ों बौद्ध श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। ज्ञापन में बोधगया मंदिर अधिनियम 1949 को निरस्त करने, मंदिर प्रबंधन से गैर बौद्धों का हस्तक्षेप समाप्त करने मंदिर का प्रबंध बौद्धों को सौंपने की मांग की गई। इस दौरान भंते विनय, भंते संघदीय, भंते दीक्षा नंद, भंते धर्मवीर, भिक्षु सूर्या, भिक्षु धनन्द, भंते डॉ करुणा, सँवरू प्रसाद, डॉ राघवेंद्र सिंह, जितेंद्र पटेल एडवोकेट, सुभाष कुशवाहा, पारसनाथ, बृजनाथ मौर्य, रामप्रताप कुशवाहा, नंद किशोर कुशवाहा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# तमकुही बीआरसी में शिक्षकों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़/कुशीनगर। समावेशी शिक्षा के तहत शिक्षकों के 5 दिवसीय प्रशिक्षण की शुरूआत बीआरसी तमकुही में मंगलवार को हुई। बीईओ तमकुही सुधीर कुमार ने कहा कि शारीरिक बनावट में कमी के कारण जो बच्चे शिक्षा से वंचित रह जाते हैं उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़कर सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाय। प्रशिक्षक जीत बहादुर राय, रविन्द्र चौरसिया, अम्बरीश कुमार ने प्रशिक्षण से सम्बंधित विभिन्न बिन्दुओं मानसिक मंद, मूकवधीर, दृष्टिबाधित आदि पर गहनता से प्रकाश डाला।

इस अवसर पर अमरनाथ यादव, अंजनी सिंह, कृष्णमुरारी पांडेय, संतोष राय, राजू सिंह, हरिकेश पांडेय, ओमप्रकाश गुप्ता, कबीर आलम, वसी अहमद, रजिमुल्लाह अंसारी, सज्जाद आलम, विद्योतमा वर्मा, रीतू सिंह, सुरेन्द्र राय, नंदकिशोर प्रसाद, प्रवीण कुमार मिश्र, आमोद उपाध्याय, बबलू जायसवाल, विजय यादव, राहुल सिंह, दिलीप गुप्ता, जितेन्द्र कुमार गोड़, रविन्द्र प्रसाद चौधरी, रामविलास यादव, कृष्ण कुमार तिवारी, रामप्यारे प्रसाद, रामसागर प्रसाद, अनूप गुप्ता,आदि रहे।

## खण्ड विकास अधिकारी ने टीबी मरीजों को पोषण की पोटली दी

कुशीनगर। स्थानीय ब्लॉक सभागार में मंगलवार को टीबी से ग्रसित मरीजो को खन्ड विकास अधिकारी व अन्य कर्मचारियों ने गोद लेकर पोषण की पोटली दी। टी ,बी, के जो मरीज होते हैं उनके अंदर पोषण आहार वाली चीजों का अभाव होता है जिसको मरीज पूरा नहीं कर पाता इसलिए सरकारी कर्मचारी व समाज के अन्य लोग इस अभियान से जुड़कर टीवी मरीजों को पोषण की पोटली दे रहे हैं जिसके क्रम में मंगवार को कप्तानगंज ब्लाक में टी बी मरीजों को गोद लेकर पोषण पोटली कार्यक्रम संपन्न हुआ इस अवसर पर मरीजों को संबोधित करते हुए कहा कि नियमित दवा के सेवन, प्रोटीन युक्त चीजें खाने से यह बिमारी जल्दी ठीक हो जाती है लापरवाही करने से बीमारी बढ़ जाती है इसलिए लापरवाही नहीं करनी है। इस अवसर पर महुआ खुर्द, लखिमा, सिसवा शुक्ल, भारसर खास गांव के 10 मरीजों को पोषण पोटली दी गई। पोटली देने वालों में प्रवीण कुमार शुक्ला बी ,गई, ओ, कप्तानगंज ,बृजेश त्रिपाठी ए डी ओ कृषि,प्रमोद कुमार सिंह ए डी ओ आईएसबी, सतीश कुमार चौबे जे ई,अखिलेश सिंह बड़े बाबू ,रविंद्र प्रसाद ए डी ओ पंचायत, बृजेश त्रिपाठी सचिव, लल्लन यादव सचिव, सत्येंद्र सिंह सचिव रह।

# राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में श्रेष्ठ अंक पाने वाले छात्र हुए सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल विकासखंड कसयाके अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिसई (कंपोजिट) के बच्चों को बीईओ विजयपाल नारायण त्रिपाठी ने सम्मानित किया। आयोजित मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी कसया /फाजिलनगर विजयपाल नारायण त्रिपाठी ने कहा कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों की बेहतरीन उपलब्धि के लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापक राज किशोर सिंह सहित संपूर्ण विद्यालय परिवार बधाई के पात्र हैं, जिनकी लगन व मेहनत के बदौलत बच्चों को जिले में विशिष्ट स्थान प्राप्त हुआ है। विशिष्ट अतिथि ताहिरा खातून ने अपने विचार रखे। जनपद की सूची में 120 नंबर लाकर प्रथम स्थान लाने वाले अंकुश कुशवाहा को मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी श्री त्रिपाठी ने साइकिल देकर सम्मानित किया गया। अन्य सभी चयनित छात्राओं में कुमारी सुष्मिता, प्रिया गोंड, दीपिका कुशवाहा, आयुषी यादव, अमित कुशवाहा, सनी कुशवाहा, शिवम शर्मा, एवं दिव्या को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापक राज किशोर सिंह के द्वारा मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी श्री त्रिपाठी को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ गोरखपुर मंडल गोरखपुर के अध्यक्ष राजेश शुक्ला, शैलेश कुमार त्रिपाठी, भगवंत कुमार सिंह, राजीव नयन द्विवेदी, हरिन्द्र कुमार चौरसिया, वाहिद अली, अरुण कुमार वर्मा, दिनेश यादव, वकील सिंह, पूनम मिश्रा, बंदना सिंह ,अनिता कुशवाहा, रिंकू सिंह ,आमिर अंसारी, रामदयाल यादव, डॉ उमेश यादव, पंचदेव शर्मा, रामप्रवेश कुशवाहा ने शुभकामनाएं दी।

# दिव्यांग बच्चों में दक्षता का विकास करना है प्रशिक्षण का उद्देश्यः बीईओ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य परिषदीय विद्यालयों व आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकित दिव्यांग बच्चों की दक्षता का विकास करना एवं 6 से 14 वर्ष तक के नामांकित दिव्यांग बच्चों के शैक्षिक सपोर्ट के लिए प्रशिक्षित करना है। यह बातें बीईओ सुरेंद्र बहादुर सिंह ने समग्र शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के लिए नोडल शिक्षकों के चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम दिन कहा। उन्होंने विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों की क्षमता को विकसित करने के विभिन्न उपकरणों के बारे में शिक्षकों को जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर रमेश गोड ने दिव्यांगता के साथ-साथ उनके चिह्नांकन एवं नामांकन के विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया। प्रशिक्षण में कुल 138 नोडल शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान राजू यादव, सुबोध शुक्ला, सौरभ सिंह, व्यास सिंह, शिवानंद मिश्रा ,दिलीप पांडेय आदि मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा के प्रति छात्रों को किया गया जागरुक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़/कुशीनगर। मंगलवार को क्षेत्र के ग्रामसभा घोरठ शंकरपुर अन्तर्गत लखीबाग में संचालित किसान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों को सड़क सुरक्षा के तहत यातायात नियमों से अवगत कराते हुए उन्हें सुरक्षित आवागमन के लिए जागरूक किया गया। प्रातः ईश वन्दना के पश्चात प्रधानाचार्य अजयकृष्ण सिंह ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सड़क पर सुरक्षित चलते समय हमेशा अपने बायें पटरियों पर ही चलना चाहिए तथा सड़क पार करते समय दोनों तरफ देखने के बाद जब सड़क पर कोई वाहन नहीं दिखे तभी सड़क क्रास करना चाहिए।सड़क पर चलते समय पीछे से आने वाले वाहन द्वारा हार्न बजाने पर उसे तत्काल पास दे देना चाहिए।हेलमेट पहने रहने के बावजूद यातायात संकेतों के पालन से दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है इसलिए रूल आफ द रोड का हर हाल में पालन करना चाहिए।यातायात नियमों के अनुसार अठारह वर्ष से कम उम्र का नाबालिक किसी भी दशा में वाहन नहीं चला सकता अन्यथा पकड़े जाने पर भारी आर्थिक दण्ड भरना पड़ेगा।वाहन चलाते समय हमेशा सजग व चौकन्ना रहते हुए दायें-बायें मुड़ते समय संकेतक का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।अनियंत्रित व तेज गति से वाहन कदापि नहीं चलाना चाहिए इससे हम स्वयं के साथ ही दूसरों को भी सुरक्षित रख सकते हैं।इस अवसर पर उपस्थित समस्त छात्र/छात्राओं के अलावा विद्यालय के अध्यापक चन्द्रशेखर प्रसाद,विनोद कुमार पाण्डेय, ओमप्रकाश शर्मा, सिराजुद्दीन अंसारी, ब्रजेश पटेल,रणवीर सिंह,राजेन्द्र वर्मा व सुनील गुप्ता को भी सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी।शपथ मेंसड़क सुरक्षा के नियमों का स्वयं पालन करते हुए दूसरों को भी सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जागरूक किया गया।

# प्रशिक्षण में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को दी गई पोषण की जानकारी

- महिलाओं, बच्चों को समय से मिले अनुपूरक पोषाहार : आशा यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। शासन के निर्देश पर समेकित बाल विकास परियोजना द्वारा कसया ब्लॉक सभागार में आयोजित पोषण मिशन 2.0 सक्षम आंगनबाड़ी के अंतर्गत ''पोषण भी पढ़ाई भी '' का तीन दिवसीय प्रशिक्षण में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को पोषण और शाला पूर्व शिक्षण की जानकारी दी गई। विभाग द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को सौ - सौ के बैच में योजना के तहत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रथम बैच का प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद मंगलवार को द्वितीय बैच का प्रशिक्षण पोषण अभियान के अंतर्गत दिया गया। प्रशिक्षण में एआरपी अजय कुमार शुक्ला और बीसी पी प्रकाश ने बताया कि बाल विकास परियोजना सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। केंद्र और राज्य सरकार महिला स्वास्थ्य और बच्चों के स्वास्थ्य पर ध्यान दे रही है। अध्यक्षता कर रहीं मुख्य सेविका आशा यादव नोडल अधिकारी ने कहा कि आंगनवाड़ी का कार्य सेवा का कार्य है और बहनें काफी अच्छे तरीके से अपना काम कर रही हैं। प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान से आप और अच्छे तरीके से अपना कार्य कर सकती हैं। विभाग की योजनाओं का लाभ सही तरीके से लाभार्थी धात्री, गर्भवती, 0 - 3 और 3 से 6 वर्ष के बच्चों को समय से अनुपूरक पोषाहार और अन्य लाभ पहुंचाना है। मुख्य सेविका नीलम त्रिपाठी ने ''पोषण भी पढ़ाई भी ''के विषय पर विस्तार पूर्वक सबको बताया द्य उन्होंने यह भी बताया कि आंगनबाड़ियों को सक्षम बनाने के लिए यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां चंद्रप्रभा कुशवाहा, रंजू चौबे, संगीता शर्मा, प्रीति श्रीवास्तव, अंजू श्रीवास्तव, पुनीता तिवारी, सुमन तिवारी, लीलावती गुप्ता, नीरमति सिंह, सुधा देवी, सरोज देवी, बिंदु शर्मा, सुनीता देवी, शरदा देवी सहित लगभग 100 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं।

# सभी विभागों को आपसी तालमेल से करना होगा कार्यः डीआईजी

- कमिश्नर की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न
- सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाए जाने के लिए सभी आवश्यक उपायों पर हुई चर्चा




कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। जनपद मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन के सभागार में मंगलवार को आयुक्त गोरखपुर मंडल अनिल ढींगरा व डीआईजी आनंद सुरेश राव कुलकर्णी की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज व पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र की उपस्थिति में सड़क सुरक्षा समिति की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। आयुक्त गोरखपुर मंडल अनिल ढींगरा ने समीक्षा बैठक के दौरान जनवरी एवं फरवरी माह में हुए दुर्घटनाओं से होने वाली मृत्यु पर चिंता जाहिर करते हुए सभी संबंधित अधिकारियो से इन घटनाओं में कमी लाए जाने के संबंध में चर्चा की गई एवं इसके लिए जो भी संसाधन, आवश्यकताएं, बजट की जो भी जरूरत हो उसे बताएं ताकि उसकी व्यवस्था कर दुर्घटनाओं में कमी लाई जाय। समीक्षा के दौरान ब्लैक स्पॉट के संबंध में सभी 29 के सापेक्ष 12 स्थानों की एक एक के संबंध में पूर्ण जानकारी ली गई। एन एच आई के प्रबंधक द्वारा एनएच 28 पर कुल 05 स्थानों पर अंडर पास बनाए जाने की जानकारी दी गई।जिसके अंतर्गत फाजिलनगर, पटहेरिया, बाघनाथ चौराहा हाटा आदि स्थान सम्मिलित हैं। कमिश्नर ने कहाकि एनएच पर एक माह में 23 की मृत्यु की संख्या बहुत अधिक है। इसमें कमी लाए जाने के सभी उपायों पर संवेदनशील होकर कार्य करने की आवश्यकता बताई गई। उन्होंने इस कार्य के लिए हर संभव प्रयास किए जाने का आश्वासन दिया गया। इसके अतिरिक्त एक्सियन पीडब्ल्यूडी द्वारा रामबाग एवं झांगा बाजार के ब्लैक स्पॉट स्थानों की जानकारी दी गई साथ ही बोर्ड लगा होने की भी जानकारी दी गई। जनपद की सड़क दुर्घटनाओं अध्यवधिक तुलनात्मक समीक्षा के दौरान अपर जिलाधिकारी को यातायात से वार्ता कर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने का निर्देश कमिश्नर द्वारा दिए गए। इसी प्रकार प्रवर्तन की कार्यवाही से अवगत कराने के उपरांत कमिश्नर ने दुर्घटनाओं में मृत्यु के कारणों के संबंध में पुछताछ की तथा इसके रोकने के उपायों को तलाश करने के लिए निर्देशित किया। समीक्षा के दौरान कैमरे लगवाने, गन्ना लदी ट्रालियों में रिफ्लेक्टर लगवाने, नाबालिग वाहन चालकों के गाड़ियों का तौल न करने हेतु चीनी मिलों से वार्ता करने, स्कूली वाहनों के फिटनेस शत प्रतिशत करा लेने, पडरौना के सुभाष चौक पर बसों के कारण जाम लगने सहित अवैध टैक्सी स्टैंडों को बंद कराने अथवा स्थानांतरण कराने आदि सभी विषयों पर चर्चा करते हुए प्रभावी कार्यवाही हेतु सभी संबंधित को निर्देशित किया गया।डीआईजी आनंद सुरेश राव कुलकर्णी ने सभी विभागों को मिल कर आपसी तालमेल से व्यवस्थाएं ठीक कराए जाने का निर्देश दिया एवं सड़क पर संचालित टैक्सी स्टैंड को बंद किए जाने अथवा खाली स्थान पर शिफ्ट कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने ट्रैफिक अभियान के अंतर्गत अवैध टैक्सी, ई रिक्शा चालकों, ट्रैक्टर के रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था बनाए जाने सहित रूट निर्धारित किए जाने का निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा एनएच पर बनने वाले अंडर पास की जानकारी ली गई तथा जाम लगने वाले स्थानों पर ट्रैफिक व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु कार्मिकों की कमी बताई गई साथ ही उन्होंने ट्रैक्टर ट्राली से हुए दुर्घटनाओं के क्रम में कहा कि ज्यादातर ट्राली चालक नाबालिग ही होते है। जिसके लिए चीनी मिलों से वार्ता कर तौल रुकवाने सहित अन्य प्रभावी कार्यवाही किए जाने का निर्देश संबंधित को दिया। जिलाधिकारी ने तमकुहीराज से लेकर सुकरौली तक एनएच पर एंबुलेंस की पर्याप्त व्यवस्था बनाए रखने हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र द्वारा कसया, हाटा क्रासिंग पर अंडर पास की आवश्यकता बताई। तथा गन्ना लदे ट्रैक्टर ट्रालियों से रामकोला, कप्तानगंज में हो रही समस्याओं से अवगत कराते हुए भविष्य के लिए आवश्यक उपायों को तलाश कर प्रभावी कार्यवाही किए जाने का निर्देश संबंधित को दिया गया।

## आगामी त्यौहारो के मद्देनजर समस्त तैयारियां पहले से ही कर ले : कमिश्नर

कुशीनगर। कमिश्नर अनिल ढींगरा ने जनपद में होली के त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने हेतु समस्त उप जिलाधिकारी, सीओ, थानाध्यक्ष, ईओ सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ गहन समीक्षा बैठक कर सभी को समय रहते सभी तैयारियां पूर्ण कर लिए जाने एवं सतर्क रहने की हिदायत देते हुए एक एक थानाध्यक्ष से पुछताछ की।डीआईजी ने सभी को सतर्क रहने के साथ ही कहा कि होली का त्यौहार बड़ा त्यौहार है। इसमें पुलिस विभाग की जिम्मेदारियां अधिक हैं। उन्होंने होलिका दहन वाले स्थानों को देख लेने, संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने सहित आबकारी की दुकानें चेक कर लिए जाने एवं धार्मिक स्थलों के आस पास निगरानी बढ़ाए जाने आदि समस्त विषयों पर चर्चा कर सभी को पूर्ण रूप से तैयारी कर लिए जाने का निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त सीओ, अधिशासी अभियन्ता, पीडब्ल्यूडी, एनएचआई प्रबंधक, ए आर टी ओ मु0 अजीम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सीएमओ अल्पना रानी सहित सभी संबंधित अधिकारी एवं पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# गाड़ी में पुलिस लिखाकर बीच सड़क पर खडी करके दबं ढो रहें सवारी




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्ड। गुरु नानक पुलिस चौकी से लेकर सरयू प्रसाद कन्या पाठशाला के सामने डग्गामार वाहनों का राज सिर्फ सड़कों पर ही नहीं है,चौराहों और पुलिस चौकी के सामने भी इनका कब्जा है।भले ही सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदि त्यनाथ अवैध टैक्सी स्टैंड को हटवाने के लिए सख्त हों, लेकिन गोण्डा जिले में इसका असर नहीं दिखता है।अवैध टैक्सी स्टैंड से अव्यवस्थाएं फैल रही हैं।

आए दिन विवाद होते हैं,लेकिन जिम्मेदार बेखबर बने हुए हैं।रोड़ बेज बस स्टैंड और नगर कोतवाली क्षेत्र के गुरु नानक पुलिस चौकी के सामने डग्गामार टैक्सी बेधड़क सड़क पर वाहन सड़क के बीच में खड़ा करके सवारियां भरते हैं और पुलिस इन को नहीं रोकती है बीच सड़क पर गाड़ियों को खड़ी करके सवारी बैठाते

**❑ गाड़ी पर पुलिस लिखा कर विकास नाम बता कर टैक्सी गाड़ियों को बीच सड़क पर गाड़ी खड़ी करके करता है दबं गई. संकटा प्रसाद मौर्य नाम से गाड़ी पर पुलिस लिखा क़र सड़क पर सवारी भर क़र दौड़ रही गाड़ी..**

रहते हैं यह हाल जल कल से लेकर एल बी एस चौराहे तक का है यहां पर भी बड़ी संख्या में अवैध रु प से प्राइवेट टैक्सी गाड़ियां पुलिस लिखी खड़ी की जाती हैं जो गोण्डा से लखनऊ के लिए सवारियां ले जाती हैं।जी आईसी गेट,अग्रसेन चौक से थोड़ा आगे,गोण्डा रोड बेज बस अड्डा के पास आदि लगभग शहर के कई चौराहों और अन्य हिस्सों में अवैध टैक्सी स्टैंड बने हैं।धीरे-धीरे इनकी संख्या बढ़ती जा रही है,लेकिन जिम्मेदार इस ओर बिल्कु ल भी ध्यान नहीं दे रहे हैं जो एक बड़ी लापरवाही है वही परिवहन विभाग के अफसर तो अंजान हैं।

वही पुलिस और गोण्डा नगर पालिका परिषद के अफसर भी आंख बंद कि ए बैठै हैं।वही कई ऐसे प्राइवेट गाड़ियां बीच सड़क पर ख ड़ी होती हैं जिसमें पुलिस लिखा होता है और वह दबंगई से सवारियों को बैठाते हैं और फिर उनसे मनमानी किराया वसूलते है।

### नगर पालिका की सबसे बड़ी लापरवाही

शहर में नगर पालिका को ही वाहन स्टैंड की जगह देनी होती है प्रदेश के लगभग हर शहर में टैक्सी स्टैंड हैं,लेकिन गोण्डा शहर एक एकलौता ऐसा शहर है,जहां नगर पालि का परिषद ने आज तक अपनी जमीन में स्टैंड नहीं बनाया है कि वहां पर वाहन को खड़ा किया जा सके गोंडा नगर पालिका परिषद क्षेत्र में सड़क पर वहां खड़ा करके वसूली की जा रही है।जब कि जिला प्रशासन की ओर से कई बार इसको लेकर निर्देश जारी किए जा चुके हैं।यही वजह है कि शहर में दिन पर दिन अवैध टैक्सी स्टैंड बढ़ते जा रहे हैं।इसके अलावा झंझरी ब्लॉक,मनकापुर बस स्टैंड आदि जगह भी अवैध तरीके से स्टैंड संचालित हो रहे हैं।

### जाम की समस्या से नहीं मिल रही है निजात, जनता परेशान

स्थानीय नगर में सड़कें चौड़ी होने के बावजूद जाम की स मस्या जस की तस बनी हुई है।नगर पालिका प्रशासन द्वा रा हर साल टैक्सी स्टैंड का ठेका दिया जाता है,लेकिन नग र में कहीं भी टैक्सी स्टैंड नहीं बनाया गया।जब सड़कें चौ ड़ी नहीं थीं तब भी जाम की समस्या थी और अब जब सड़ कें चौड़ी हो गई हैं,तब भी नगरवासियों को जाम से रा हत नहीं मिल रही है।इसका मुख्य कारण नगर में ई-रिक्शा औ र टैक्सियों चालकों द्वारा इधर-उधर गाड़ी खड़ी कर दी जा ती है,साथ ही अन्य टैक्सी गाड़ियां बिना किसी स्थायी टै क्सी स्टैंड के इधर-उधर सवारी बैठाने और उतारने के का रण जाम का कारण बन रही हैं।सबसे बड़ी बात यह है कि नगर के प्रमुख चौराहो जैसे गुरु नानक चौराहा,जय नाराय ण चौराहा आदि जगह पर नगर कोतवाली पुलिस की मौ जूदगी दिखाई नहीं देती।शाम के समय पुलिस की उपस्थि ति तो होती है,लेकिन वह चालान करने के लिए लोगों को डराने के उद्देश्य से होती है,जबकि दिन के समय पुलिस प्रशासन की कोई सक्रियता नहीं दिखाई देती।वही सड़क पर अवैध रुप से चल रही टैक्सी स्टैंड पर कार्रवाई करते हुए परिवहन विभाग के पीटीओ शैलेंद्र त्रिपाठी ने अपनी टीम के साथ सड़क पर खड़ी टैक्सियों को पकड़ क़र उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की है।

# काले कानून के विरोध में अधिवक्ताओं ने शहीद राजेंद्र नाथ लाहिडी चौराहा को किया जाम

## जिले में अधिवक्ता दस दिनों से है न्यायिककार्य से विरत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले के सभी अधिवक्ता विधि मंत्रालय द्वारा निर्मि त एड वोकेट्स अमेन्डमेंन्ट बिल 2025 के विरोध स्वरूप जिला बार एशोसियेशन व सिविल वार एशोसियेशन के त त्वावधान मे करीब दो सप्ताह से कलमबंद हड़ताल पर है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व मंत्री के अगुवाई में हजारो अधिवक्ताओ ने हाथ मे तख्ती व बैनर लेकर उक्त काले का नून के विरूद्ध लामबंद होकर सरकार विरोधी नारे लगाते हुए जिला बार एशोसियेशन कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर मे एकत्रित होकर जलूस के रूप मे कलेक्ट्रेट परिसर से होते हुए सिविल परिसर जनपद सत्र न्यायाधीश के न्यायालय से होते हुए मेन हाइवे गोण्डा - लखनऊ मार्ग स्थित शहीद राजेंद्र नाथ लाहिडी चौराहे को घन्टो जाम किया उक्त जा म में जहा एम्बुलेंस व स्कूल वाहनो को आने जाने की छूट दी गयी वही एक पुलिस अफिसर सहित जिले के एक बड़े अधिकारी उक्त जाम के कोपभाजन होना पड़ा तथा उक्त जाम के समय पूर्व अध्यक्ष ने अपने उद्भाषण मे केंद्र सर कार व राज्य सरकार को इसके लिये जिम्मेदार ठहराते हुए उन्हे गम्भीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहने को कहा तथा इसके लिये बड़ी लडाई लडने को तैयार रहे है और सरकार हम अधिवक्ताओ को गुलाम बनाने वाली सोच तथा कुत्सित मानसिकता को हम लोग सफल नही होने देंगे आज के आन्दोलन की अध्यक्षता रामबुझारत दूबे व सुरेन्द्र कुमार मिश्र ने किया ।

तथा संचालन संयुक्त रूप से दोनो वार के महामंत्री संजय सिंह व मनोज कुमार मिश्र ने किया और सभा को संबोधित भाषण पूर्व अध्यक्ष सहित बार एशोसियेशन के पूर्व अधिकारियो ने अपनो ओजस्व पूर्ण भाषणो से सम्बोधित किया जिसमे दीनानाथ त्रिपाठी, बिंदेश्वरी दुबे,संगम लाल दुबे, संगम लाल सिंह, मनोज कुमार सिंह पूर्व मंत्री,अरविन्द कुमार पांडेय पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष, जितेंद्र यादव, अजय कुमार, राघवेंद्र सिंह, पंकज सिंह, अमर चन्द, जयदिनेश शुक्ल,भगौती मिश्र, दुर्गेश विश्वकर्मा,अनिकेत मिश्र, रितेश मिश्र, विशाल सिंह, मनोज वर्मा, गौरी शंकर , रितेश यादव, प्रमोद कुमार चौबे, संयुक्त मंत्री राजकुमार द्विवेदी संयुक्त मंत्री, ओमप्रकाश , राजेश द्विवेदी,श्याम बाबा, नन्द गोपाल शुक्ल ,चारु चंद मिश्रा ,अरविंद तिवारी, अंकित तिवारी, राजेश मिश्रा, आलोक तिवारी, संतोष श्रीवास्तव, सुशील श्रीवास्तव, ध्रमेश श्रीवास्तव, मोहम्मद अरबी, समीम अतहर, महेश सिंह, दिनेश कुमार पांडे, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, प्रमोद, बाबा ओंकार, विश्वनाथ गिरी समेत हजारों अधिवक्ता मौजूद रहे केंद्र सरकार के उक्त विधयक का घोर विरोध करते हुए यह घोषणा की कि जब तक केंद्र सरकार उक्त कानून को वापस नहीं लेगा तब तक हम अधिवक्ताओं का यह धरना प्रदर्शन आक्रोश स्वरूप चलता रहेगा।

# एसपी विनीत जायसवाल ने सुनी जनता की फरियाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। पुलिस अधीक्षक ने अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर लोगों की समस्या का निस्तारण किया और इसके सा थ ही निर्देश दिया कि थाना प्रभारी थाने पर आने वाले फ रियादियों की समस्या को गंभीरता से लेकर उसका निस्ता रण करें।बताते चलें कि जनसमस्याओं को सुनने के दौरान थाना स्तरीय विवाद बड़े पैमाने पर सामने आए लिहाजा ए सपी ने सख्त तेवर अपनाए हैं।जन शिकायतों को प्राथमि कता के आधार पर निस्तारण करने को लेकर मंगलवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जयसवाल ने अपने कार्यालय में जनसुनवाई किया।सुबह करीब दस बजे से शुरू हुई ज न सुनवाई लगभग एक बजे तक चली।जनपद के अनेक क्षेत्रों से आने वाले लोगों ने एसपी के सामने अपनी सम स्याओं को रखा।

पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थानों से आ ने वाले लोगों की समस्याओं को सुना।कुछ मामलों में सं बंधित को आदेशित कर तत्काल कार्रवाई करने को कहा।थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।कहा कि था ने पर किसी भी फरियादी के आने पर उसकी बातों को सुना जाए और तत्काल प्रार्थना पत्र लेकर उसे पर उचित कार्रवाई हो।वही लोगों की समस्याओं का निस्तारण नहीं होने या कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित प्रभारी की जवाबदेही होगी।

# होली खेलेंगे रघुवीरा, झुल्लुर दादा से सजेगी शाम

**❑ होलिका दहन के दिन होगी चिता भस्म मसान होली**

**❑ होलिकोत्सव के लिए बहराइच होली समिति कार्यक्रम को अंतिम रूप देने में जुटी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। होलिकोत्सव पर्व के मद्देनजर तैयारियां अंतिम दौर में है।जिला प्रशासन व बहराइच होली समिति (रजि.) के समन्वय से होली पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए बैठकों का दौर जारी है। वहीं जनपद में अमन, चैन व शांति के लिए थानावार पीस कमेटी की बैठके आयोजित की जा रही है। होलिकोत्सव महोत्सव के लिए बहराइच होली समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों व कार्यकर्ताओं की एक बैठक समिति के महामंत्री सुमित खन्ना के गुदड़ी स्थित आवास पर आयोजित हुई। बैठक में होली पर्व की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष दीपक प्रकाश सोनी दाऊ जी ने किया। बैठक में कृष्ण गोपाल तायल, सुरेश गुप्ता, सुदामा मिश्रा, मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव, कन्हैया सोनी, विष्णु कुमार शर्मा, उमा शंकर सोनी, राजेन्द्र कुमार उर्फ युवराज, मंदीप सिंह वालिया, योगेंद्र श्रीवास्तव, राजेन्द्र कुमार गुप्ता, अंकित सिंह, नितिन रूपानी, आनन्द कुमार कक्कू, अनुराग रस्तोगी, राहुल रॉय, देवेन्द्र कुमार मिश्रा, मनीष रस्तोगी,अमित टण्डन, मनोज मिर्ची सहित अन्य लोग मौजूद रहे। बहराइच होली समिति की बैठक में बताया गया कि होली का पर्व 12 मार्च से शुरू हो जाएगा। होलिका दहन 13 मार्च को रात्रि 11.45 मुहूर्त के उपरांत विधि विधान से पूजन अर्चन के साथ किया जाएगा।तत्पश्चात शुक्रवार 14 मार्च को मुख्य होली का पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। बहराइच होली समिति के तत्वावधान में श्री महाकाल सेवक मण्डल द्वारा आयोजित होलिका दहन के अवसर पर शहर के घण्टाघर प्रांगण में रात्रि नौ बजे से चिता भस्म मसान होली का भव्य आयोजन किया जाएगा।भस्म मसान होली में बरेली,लखीमपुर, लखनऊ व अन्य जिलों के कलाकार शामिल होंगे। कार्यक्रम को रोमांचक, सजीवता के लिए समिति की ओर से तैयारियां की जा रही है।

इस बार होली पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाने के लिए समिति कटिबद्ध है।पूर्व में चली आ रही परम्परा को जीवंत रखने के लिए समिति ने इस बार नर सिंह शोभायात्रा की पुनः शुरुआत की है। मुख्य होली पर्व 14 मार्च को प्रातः नौ बजे शहर के पंचायती मन्दिर से नर सिंह शोभायात्रा निकाली जाएगी।शोभायात्रा में भगवान स्वरूप राम जी,लक्ष्मण जी फूलों व रंगों से शहर वासियों को सराबोर करेंगे।यह शोभायात्रा पंचायती मन्दिर से शुरू होकर छावनी चौराहा, घण्टाघर,पीपल तिराहा होते हुए श्री हनुमान मंदिर चौक बाज़ार पर समाप्त होगी।शोभायात्रा का जगह जगह पुष्पवर्षा से स्वागत भी किया जाएगा।

होली पर्व के मुख्य दिवस के दिन सायं काल घण्टाघर के प्रांगण में होली मिलन व उपाधि वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।उल्लेखनीय हो कि होली मिलन के दिन पूरे जनपद से लोग यहां आकर एक दूसरे को गले लगकर होली की बधाई प्रेषित करते है।होली समिति द्वारा जनपद के गणमान्य लोगों को उपाधि प्रदान की जाती है।

### पुलिस लाइन में सम्पन्न होगी आबकारी दुकानों की ई-लाटरी प्रक्रिया

**बहराइच, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** वर्ष 2025-26 हेतु जनपद स्थित फुटकर बिकी के आबकारी दुकानों का सार्वजनिक ई-लाटरी प्रक्रिया 06 मार्च 2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे से साईबर थाने के विपरीत पुलिस लाईन स्थित टीन शेड में सम्पन्न होगी। यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि जिला स्तरीय समिति एवं आवेदकों के समक्ष ई-लाटरी पोर्टल पर प्राप्त अर्ह आवेदनों को खोले जाने तथा ई-लाटरी प्रक्रिया को सम्पन्न किया जायेगा।

### विकास खण्ड शिवपुर में 7 मार्च को आयोजित होगा रोजगार मेला

**बहराइच, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रदेश के अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से विकास खण्ड परिसर शिवपुर में 07 मार्च 2025 को प्रातः 11:00 बजे से एक दिवसीय रोज़गार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोज़गार मेले में क्षेत्र के 06 नियोजकों सुरक्षा क्षेत्र की एस.आई.एस. कम्पनी के साथ साथ क्वैशकार्प लिमिटेड, पीपल ट्री आनलाइन, एल.आई.सी., ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक, सिसका एल.ई.डी. तथा पशुपतिनाथ बायोटेक्नोलॉजी द्वारा प्रतिभाग कर अभ्यर्थियों की योग्यता के अनुसार अनुकूल पदों पर उचित वेतनमान पर साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा। यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि एक दिवसीय रोजगार मेले में उ.प्र. कौशल विकास मिशन व आईटीआई प्रशिक्षित युवा एवं रोज़गार संगम पोर्टल में पंजीकृत/नान पंजीकृत अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपने साथ बायोडाटा सहित समस्त शैक्षिक योग्यता के अंकपत्र, प्रमाण पत्र, आधार कार्ड मूलरूप में एवं उनकी एक-एक छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 07 मार्च 2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे विकास खण्ड कार्यालय परिसर शिवपुर में उपस्थित होकर रोज़गार मेले का सम्मिलित हो सकते हैं।

# लखपत नगर रेलवे स्टेशन पर ख़डी ट्रेन के डिब्बे से गेहूं चुराते हुए 6 गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले के मनकापुर-बस्ती रेल खंड पर एक बड़ी चोरी का मामला सामने आया है।कोतवाली पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम ने मालगाड़ी से गेहूं चोरी करने वाले छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।घटना लखपत नगर स्टेशन की है।सोमवार रात करीब बारह बजे चोरों ने प्लेटफॉर्म नंबर दो पर खड़ी मालगाड़ी के एक डिब्बे का लॉक तोड़ा।उसमे गेहूं की तीस बोरियां चुराकर रेलवे लाइ न के पास झाड़ियों में छिपा दीं।मंगलवार सुबह करीब नौ बजे जब चोर बोरियां उठाने आए,तब मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपियों में शिवसहाय सिंह (बेनीपुर निवासी), मोहन, भोला, रक्षाराम, असई और चंद्रबली, पेरिपोखर रमई जोत निवासी शामिल हैं। मनकापुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज क र लिया गया है।चोरी का सारा माल और आरोपियों को जेल भेज दिया गया हैं।

# बच्चे का अपहरण करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के पर्यवे क्षण व क्षेत्राधिकारी नगर आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस ने थाना स्थानीय पर पंजी कृत मुकदमे में धारा की बढोत्तरी करके आरोपी अभियुक्त अमर वर्मा पुत्र लाल वर्मा निवासी केशवपुर पहड़वा थाना को रेडवेज बस स्टैण्ड से गिरफ्तार कर लिया गया।27 फर वरी को थाना वजीरगंज क्षेत्र की रहने वाली एक महिला द्वारा थाना कोतवाली नगर में लिखित तहरीर दी गयी कि वह अपने तीन वर्षीय बच्चे के साथ दवा कराने जिला अ स्पताल गोण्डा आयी हुई थी।जहां से कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके बच्चे को चुरा लिया गया है।वादिनी की तहरीर पर थाना कोतवाली नगर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने इस प्रकरण को संज्ञान में लेकर बच्चे की सकुशल बरामदगी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया था।जिसमें 28 फर वरी को पुलिस टीमों द्वारा किए गए अथक मेहनत एवं प्रयासों उपरांत गायब बच्चे को चौबीस घण्टे के अन्दर केशवपुर पहाड़वा से सकुशल बरामद किया गया था। कोतवाली नगर पुलिस ने अपहरण करने के आरोपी अमर वर्मा को रोडवेज बस स्टैण्ड से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

# बहराइच महोत्सव के उल्लास को जन-जन तक पहुंचाने के लिए डीएम व एसपी ने अधिकारियों संग किया मंथन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । बहराइच महोत्सव-2025 के उल्लास को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सोमवार को देर शाम जिलाधिकारी मोनिका रानी वं पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों संग कलेक्ट्रेट सभागार में मंथन किया। डीएम ने महोत्सव में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, सुरक्षा व्यवस्था, प्रशासनिक व्यवस्थाओं के दृष्टिगत अधिकारियों की तैनाती, अग्निशमन, स्वास्थ्य व्यवस्थाओं हेतु कैंप, ऑनलाइन चिकित्सकों की उपलब्धता, एम्बुलेंस, सीसीटीवी इंस्टॉलेशन, साज-सज्जा, सफाई, बिजली, पानी, पंडाल, मंच, गणमान्य अतिथियों के आगमन, आगन्तुकों के बैठने की व्यवस्था, वाहनों की पार्किंग, ट्रैफिक व्यवस्था आदि के संबंध में विस्तृत विश्लेषण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने आम जनमानस के मनोरंजन को केंद्र में रखकर महोत्सव को और अधिक रोचक बनाने हेतु उपस्थित अधिकारियों से विचार आमंत्रित किये। डीएम मोनिका रानी ने बताया कि 08 मार्च 2025 को माननीय जनप्रतिनिधिगण द्वारा बहराइच महोत्सव-2025 का शुभारंभ किया जाएगा तत्पश्चात तीन दिन तक रंगारंग मनोरंजक कार्यक्रमों का प्रस्तुतिकरण होगा। साथ ही इंदिरा गांधी स्टेडियम में उक्त तीन दिनों तक खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि महोत्सव प्रांगण में विभिन्न विभागों के स्टॉल, महिलाओं की खरीदारी संबंधी स्टॉल, फूडिंग जोन, बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले आदि की उचित व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने महोत्सव में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को प्रायोजित करने के लिए जनपद के सक्षम संभ्रांतजनों व संस्थाओं को भी आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रमों के प्रस्तुतीकरण के दौरान उस कार्यक्रम को प्रायोजित करने वाले संभ्रांतजनों व संस्थाओं के बारे में मंच से अनाउंसमेंट किया जाएगा और उन्हें सम्मानित भी किया जाएगा।

डीएम मोनिका रानी ने बताया कि विकासखण्डवार कूपनों के बाक्स से लकी ड्रा के माध्यम से विजेताओं का चयन किया जायेगा। ताकि जनपद के सभी क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व हो सके। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस बात का विशेष ख्याल रखा जाए कि फूडिंग जोन में लगने वाले स्टालों पर उपलब्ध सामग्री उत्तम क्वालिटी की हो और मेले में आने वालों को विशिष्टतायुक्त एवं बेस्ट क्वालिटी की खाने-पीने की सामग्री सामान्य दरों पर उपलब्ध हो सके। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि छुट्टा पशुओं को पकड़वाकर उनकी उचित व्यवस्था की जाए। डीएम ने ईओ नगर पालिका को निर्देशित किया कि साफ सफाई की उचित व्यवस्था की जाए तथा नियमित रूप से कूड़ा उठान कराया जाए। उन्होंने कहा कि महोत्सव के दौरान ट्रैफिक की व्यवस्था को सुचारु रखा जाए और कहीं जाम की स्थिति ना आने पाये। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने महोत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, गणमान्य अतिथियों व जनप्रतिनिधियों के आगमन-प्रस्थान आदि बिंदुओं पर चर्चा करते हुए बताया कि सेक्टर व जोनल स्कीम के तहत अधिकारियों की तैनाती की जा रही है साथ ही मेलाधिकारी के रूप में वरिष्ठ अधिकारी को तैनात किया जाएगा।

# अवैध परिवहन बना जानलेवा, ट्रैक्टर की टक्कर से महिला की मौत, हंगामा

**❑ पुलिस-प्रशासन के खिलाफ फूटा गुस्सा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बारा, प्रयागराज। शंकरगढ़ और आसपास के इलाकों में अवैध रूप से खनन और परिवहन मौत का कारण बनता जा रहा है। बेलगाम रफ्तार से दौड़ते ओवरलोड ट्रैक्टर आए दिन हादसों को जन्म दे रहे हैं, लेकिन खनन विभाग और पुलिस प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है।

ताजा मामला मंगलवार को वैसा, अमिलहाई के पास हुआ, जहां अवैध खनन से लदे एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने 45 वर्षीय महिला सविता सिंह को कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जब मृतका का भतीजा विनोद सिंह ट्रैक्टर रोकने की कोशिश करने लगा, तो ट्रैक्टर चालक के साथियों ने उस पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे, राजेंद्र सिंह अपनी पत्नी सविता सिंह को बाइक से इलाज के लिए शंकरगढ़ आ रहे थे। तभी वैशा के पास नीले रंग का तेज रफ्तार ट्रैक्टर, जो विजय शंकर ग्राम मदनपुर का बताया जा रहा है, ने उनकी बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। सविता सिंह सड़क पर गिर गईं, और ट्रैक्टर का पहिया उनके सिर पर चढ़ गया, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों अंशुमान सिंह, विनोद सिंह (निवासी सिरवैया) और ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह (निवासी बाला) ने बताया कि ट्रैक्टर पर सिलिका सैंड लदा हुआ था और टक्कर के बाद चालक मौके से भागने की कोशिश कर रहा था। मृतका के भतीजे बिनोद सिंह को उनके भाई अंशुमान सिंह ने हादसे की सूचना दी। बिनोद सिंह 10 मिनट के भीतर घटनास्थल पर पहुंचे और भाग रहे ट्रैक्टर को रोकने का प्रयास किया। विनोद सिंह ने बताया कि विजय दो अन्य अज्ञात व्यक्तियों (निवासी मदनपुर) ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में बिनोद सिंह के सिर में गंभीर चोटें आईं, और हमलावर उन्हें धमकी देते हुए ट्रैक्टर लेकर फरार हो गए।

### पुलिस और खनन विभाग की लापरवाही बनी मौतों की वजह

यह कोई पहली घटना नहीं है। शंकरगढ़ और आसपास के इलाकों में अवैध रूप से सैंड का खनन और परिवहन धड़ल्ले से जारी है। ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली तेज रफ्तार से सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जिनमें न तो नंबर प्लेट होती है और न ही कोई सुरक्षा मानक।स्थानीय लोगों का कहना है कि खनन माफिया खुलेआम ओवरलोड ट्रैक्टर चला रहे हैं, लेकिन पुलिस इन्हें रोकने के बजाय उनकी सुरक्षा में लगी रहती है।हाल ही में सिलिका सैंड से लदे ट्रैक्टरों के कारण तीन और सड़क हादसे हो चुके हैं, लेकिन पुलिस ने अब तक किसी भी मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।

### परिजनों का हंगामा, पुलिस प्रशासन और सीओ बारा के खिलाफ नारेबाजी

हादसे के बाद मृतका के परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। गुस्साए लोग सड़क पर उतर आए और शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया।परिजनों और स्थानीय लोगों ने ''पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद''के नारे लगाए।

### प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांगें

अवैध सिलिका सैंड खनन और परिवहन पर तत्काल रोक लगाई जाए।मृतक के परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए। दोषी ट्रैक्टर चालक और हमलावरों पर हत्या और हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया जाए।काफी समझाने-बुझाने के बाद शांत हुए परिजन और ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया।मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने लोगों को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारी लिखित आश्वासन की मांग पर अड़े रहे।करीब दो घंटे तक चले हंगामे के बाद, पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने दावा किया कि संबंधित ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है और दोषियों की तलाश जारी है।

# मोटे अनाज पर लगाई गई प्रदर्शनी में केएनआई को मिला प्रथम पुरस्कार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। ड राम मनोहर लोहिया अवा यूनिवर्सिटी फैजाबाद में स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह की मुख्य अतिथि आनंदीबेन पटेल राज्यपाल उत्तर प्रदेश और विशिष्ट अतिथि उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी रही। कार्यक्रम में राज्यपाल उत्तर प्रदेश आनंदीबेन पटेल की गरिमामई उपस्थिति रही। उक्त कार्यक्रम राम मनोहर लोहिया अवा यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रतिभा गोयल, कुलसचिव उमानाथ के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

प्रदर्शनी के आयोजन का मुख्य उद्देश्य मोटे अनाज को बढ़ावा देने का था। जिसके लिए यूनिवर्सिटी प्रांगण में मोटे अनाज पर एक बड़ी प्रदर्शनी लगाई गई।



इस प्रदर्शनी में अलग-अलग कलेज से आए हुए प्रतिभागियों ने लगभग 100 स्टाल लगाए। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सभी स्टालों का निरीक्षण किया और अंतिम में सुल्तानपुर के के एन आई संस्थान की कु.अंकिता यादव और कु. खुशबू वर्मा के द्वारा रागी से बने हुए मोटे अनाज के लड्डू, बिस्किट, इडली और ढोकला से प्रभावित होकर उन्हें प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया। इन विद्यार्थियों ने डक्टर अन्विता सिंह सहायक प्रायापिका गृह विज्ञान के एन आई के मार्गदर्शन में मोटे अनाज से लड्डू बिस्किट इडली और ढोकला बनाया था जो प्रदर्शनी में सबसे ज्यादा भाए।

कमला नेहरू संस्थान के प्राचार्य ड आलोक कुमार सिंह ने बताया कि मोटे अनाज पर लगाई गई प्रदर्शनी में हमारे संस्थान द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी सबसे उच्च कोटि की रही जिससे प्रभावित होकर राजपाल द्वारा संस्थान के बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बच्चों की इस उपलब्धि पर उन्हें बहुत बाई दी और उनका उत्साहवर्ान किया। इस कार्यक्रम में सिर्फ एक प्रथम पुरस्कार का ही प्रावान किया गया था जो जनपद सुल्तानपुर के के एन आई संस्थान को प्राप्त हुआ। यह जनपद सुल्तानपुर के लिए गौरव का विषय है।

# कोटेदार के खिलाफ जांच में फिर मिल सकती है क्लीनचिट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। कोटेदार के खिलाफ ग्रामीण बोलने अथवा बयान देने से डरते है। अब तक तीन तीन बार आरोपों के चलते कोटा निलंबित हो चुका है। इसके बाद भी सत्ता व पैसे के बल कोटा बहाल कराने में महारथ हासिल कर लेता है। उम्मीद है इस बार की भी जांच में क्लीन चिट फिर मिल सकती है।

मामला कूरेभार ब्लाक के सैदखान पुर ग्राम सभा में संचालित कोटे का है। यहां पर पिछले दस वर्ष से शीतला प्रसाद यादव के कोटा है। आए दिन ग्रामीणों को राशन में घटतौली करने, कभी कभी राशन न बांटने के आरोप लगते रहे हैं। जिलास्तरीय जांच में डीएसओ व सप्लाई इंस्पेक्टर ने कोटेदार के करीबियों का बयान लेते हुए सुविाा शुल्क लेकर अभयदान दे दिया था।मंडलीय टीम भी उसी रास्ते पर चलकर अपनी जेबें गर्म कर शिकायतों को अनसुनी कर क्लीनचिट दे दी थी। सच तो यह है कि कोटेदार के खिलाफ बयान देने में ज्यादातर राशनकार्ड ारक डरते है। दूसरा यह भी है कि ललीपप देकर पक्ष में कर लेता है। स्वाभाविक भी है जब अफसर ही फीलगुड के बाद जांच से मुक्त कर देते है तो ग्रामीण की क्या औकात?, कई वर्ष से काबिज होने का मतलब हर फन में माहिर होना है।

### भ्रष्टाचारी कोटेदार पर क्यों रहमदिली दिखाती है जांच टीमें

जब जिला व मंडल स्तरीय जांच में लीपापोती करते हुए कोटेदार को क्लीनचिट मिलती रही तो करीब डेढ़ दर्जन राशनकार्ड ारक 15नवंबर को डिप्टी सीएम बृजेश पाठक से मिलकर निष्पक्ष जांच की फरियाद किया। करीब चार माह बाद जांच करने अपर एसडीएम विदुषी सिंह गांव पहुंची। फिलहाल कई हजार की आबादी वाले गांव में करीब तीन दर्जन ग्रामीणों से जानकारी की है। वही कोटेदार से डरे सहमे चार दर्जन ग्रामीणों ने दफ्तर में आकर लिखित बयान भी दे चुके हैं। दफ्तर में आकर बयान देने का मकसद ग्रामीणों का यही था कि खुलेआम विरोा का सामना न करना पड़े। ऐसे में देखना यह होगा कि फिर कोटेदार को जांच में क्लीनचिट मिलेगी या कोटेदारी छिनेगी? फिलहाल कई वर्षों से काबिज कोटेदार हटा पाना मुश्किल है। कई ग्रामीणों ने बताया कि कोटेदार बयान हेतु जबरन दबाव बनाते है व ामकी भी देता है, ऐसे में खुलकर विरोा करना उचित नह है।

## सीबीएसई नियमों के उल्लंघन एवं डमी छात्रों के फर्जी प्रवेश में आया सनबीम स्कूल का नाम

**सुल्तानपुर।** जिले में संचालित सनबीम स्कूल द्वारा सीबीएसई के नियमों का उल्लंघन करते हुए डमी छात्रों का फर्जी प्रवेश लिए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। यह स्कूल ऐसे छात्रों का पंजीकरण कर रहा है जो वास्तव में कोटा, दिल्ली आदि के कोचिंग संस्थानों में अययन कर रहे होते हैं और केवल कक्षा 12व की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए इस विद्यालय से जुड़े होते हैं। इतना ही नह, वो इन सफल छात्रों को अपना नियमित विद्यार्थी बताकर अपनी शैक्षिक गुणवत्ता को बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत करता है। सीबीएसई के दिशानिर्देशों के अनुसार, प्रत्येक विद्यार्थी को नियमित कक्षाओं में उपस्थित होना अनिवार्य है। लेकिन सनबीम स्कूल इन छात्रों को बिना नियमित उपस्थिति के ही परीक्षा में सम्मिलित कर रहा है। लोगों को ऐसे भ्रामक प्रचार से बचना चाहिए और अपने बच्चों को ऐसे विद्यालय में प्रवेश कराना चाहिए जो कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा दे रहे हो।

# डकैती कांड में पीड़ित परिजनों की आवाज बनेगी सुभासपा

❑ 6 मार्च को विशाल रैली में आएंगे सुभासपा चीफ ओम प्रकाश राजभर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। नगर के एक प्रतिष्ठित होटल में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान सवालों का उत्तर देते हुए जिलायक्ष विनीत सिंह ने कहा कि वंचित वर्ग की लड़ाई के लिए उनकी पार्टी हर मोड़ पर खड़ी मिलेगी। उनके पदाकिारी पीड़ितों से मिलेंगे और उन्हें न्याय दिलाएंगे। उन्होंने जनवरी माह की शुरुआत में गोसाईंगंज थानाक्षेत्र के एक गांव में एक महा दलित (प्रवासी मजदूर) की कथित रूप से की गई हत्या के मामले का भी संज्ञान लिया है और उन्होंने कहा कि जल्दी ही पूरे मामले में एक प्रतिनिामिंडल परिजनों से मिलकर पूरी वस्तु की स्थिति से अवगत होगा। दूसरा मामला थाना क्षेत्र के गारापुर का चर्चा में आया जहां बीते 2/3 मार्च की रात आाा दर्जन नकाबपोश बदमाशों ने अजय ाुरिया के घर डकैती डाल दी ।घर में जो कुछ उनके मतलब का मिला डकैत उठा ले गए ।

जाते जाते 10 हजार कैश भी लेते गए।बकौल पीड़ित जब उन्होंने चांदा थानायक्ष को फोन किया गया तो 36 घंटा बीतने के बाद भी घटना का निरीक्षण नह किया उन्होंने एक उपनिरीक्षक को मौके पर जांच के लिए भेजा !आरोप है कि तहरीर ठंडे बस्ते में डाल दी गई है! घटना को तकरीबन 36 घंटे बीत चुके हैं फिलहाल चंदा थाना अयक्ष के सीयूजी नंबर +919454404330पर दो दिन से बात करने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन मंगलवार को भी उनके सीयूजी नंबर बंद बताता रहा। फिलहाल अभी तक इस मामले में ना तो पुलिस के हाथ सीसीटीवी फुटेज ही लगा और बदमाश ट्रेस किये गए। बताया जाता है कि चोरों ने डकैतों ने घटना को अंजाम देने के लिए पहले रेकी की उसके बाद रात होने पर डकैती की घटना को अंजाम दे दिया।सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने इस मामले का भी संज्ञान लिया, जिलायक्ष ने कहा कि बारा बंजारा विमुक्त घुमन्तु, अा घुमन्तु जनजाति के लिए 06 मार्च को पयागीपुर के निकट एक मैरिज लन में विशाल रैली आयोजित होगी जिसको सम्बोाित करने के लिए पार्टी चीफ ओम प्रकाश राजभर मुख्य अतिथि तथा अरविंद राजभर बतौर मुख्य अतिथि जिले में आ रहे हैं। पूरी वस्तुस्थिति से उन्हें अवगत कराकर पीड़ित को न्याय दिलवाया जाएगा।

## बोर्ड परीक्षा में लापरवाही बरतने वाले अयापक पर कार्यवाही के लिये लिखा पत्र

**सुल्तानपुर।** मोहम्मद अनवर सिद्दीकी सहायक अयापक, प्राथमिक विद्यालय नकराही द्वारा निाारित कार्य के प्रति लापरवाही बरतने और बोर्ड परीक्षा की सुचिता को प्रभावित करने के सम्बन में महात्मा गांाी स्मारक इंटर कलेज सुल्तानपुर के केंद्र व्यवस्थापक ने बेसिक शिक्षा अाकिारी को लिखा पत्र। मोहम्मद अनवर सिद्दीकी सहायक अयापक, प्राथमिक विद्यालय नकराही की ड्यूटी कक्ष निरीक्षक के रूप में परीक्षा केंद्र महात्मा गांाी स्मारक इंटर कलेज सुल्तानपुर में ड्यूटी लगाई गई थी। उक्त अयापक एक मार्च को प्रथम पाली की परीक्षा में ड्यूटी प्राप्ति के पश्चात विना किसी पूर्व सूचना के कक्ष निरीक्षक के कार्य हेतु उपस्थित नह हुए थे। आज दिनांक चार मार्च को प्रथम पाली में हाई स्कूल विज्ञान विषय की बड़ी परीक्षा होने और ड्यूटी रिसीव करने के बाद भी परीक्षा केंद्र पर कक्ष निरीक्षक के कार्य हेतु उपस्थित नह हुए। जिससे कक्ष निरीक्षक की कमी के कारण परिषदीय परीक्षा 2025 में व्यवाान उत्पन्न हुआ है। केंद्र व्यवस्थापक के अनुसार अयापक के द्वारा जानबूझ कर परीक्षा के दिन मोबाइल बंद कर लिया जाता है जिससे संपर्क हो पाना संभव नह हो पाता है। उक्त अयापक पर कार्यवाही हेतु बेसिक शिक्षा अाकिारी सुल्तानपुर को पत्र लिखा गया है।

## विद्यापरिषद की बैठक में लिये गये महत्वपूर्ण फैसले, वर्किंग प्रोफ़ेशनल को बीटेक करने की भी सुविधा पर लगी मुहर

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में मंगलवार को कुलपति प्रो0 जेपी पाण्डेय की अध्यक्षता में विद्यापरिषद की बैठक हुई। बैठक में महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए बीटेक पाठ्यक्रम के सातवें सेमेस्टर का 50 फीसदी और आठवे सेमेस्टर को पूरी तरह से ऑनलाइन कक्षा चलाने को हरी झंडी दी गयी है। यह निर्णय अंतिम वर्ष में छात्रों के इंटर्नशिप, प्रोजेक्ट कार्य, इंडस्ट्री में काम करने और सिविल सर्विसेस, गेट आदि प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने के मद्देनजर लिया गया है। मूक्स के जरिये छात्र अपनी सुविधानुसार कक्षाएं कर सकेगा। बैठक में एआईसीटीई के अनुसार अधिकतम 40 प्रतिशत क्रेडिट के कोर्स मूक्स के जरिये चलाये जाने का भी निर्णय लिया गया है। मूक्स पर ज्यादातर इंडस्ट्री ओरिएंटेड और रोजगार परक कोर्स उपलब्ध हैं। इनके जरिये कोर्स करने पर छात्रों को स्किल्ड बनाने में सहायता होगी। इसके अलावा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए डुएल डिग्री के प्रस्ताव का भी अनुमोदन किया गया। छात्र एकेटीयू अलावा ऑनलाइन माध्यम से किसी अन्य विश्वविद्यालय से डिग्री ले सकता है। साथ ही वर्किंग प्रोफ़ेशनल को बीटेक करने की भी सुविधा पर भी बैठक में मुहर लगी। ऐसे लोगों को लेटरल एंट्री की अर्हता के साथ बीटेक में प्रवेश दिया जाएगी। इनकी कक्षाएं शाम को संचालित की जाएंगी।

## निजीकरण के खिलाफ बिजली विभाग के कर्मचारी 97 दिनों से कर रहे हैं विरोध प्रदर्शन

**गोरखपुर।** बिजली विभाग के कर्मचारी और अधिकारी पिछले 97 दिनों से निजीकरण के खिलाफ लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। यह निजीकरण सिर्फ कर्मचारियों के लिए ही नहीं आम जनता पर भी अतिरिक्त भार पड़ेगा। सरकार ने आगरा और नोएडा में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में वर्ष 2010 से टोरंटो कंपनी को फ्रेंचाइजी दी है। मीडिया से बात करते हुए मंगलवार को संयोजक पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि पिछले 97 दिनों से हम लोग विभिन्न तरीके से विरोध प्रदर्शन करके निजीकरण का विरोध कर रहे हैं। हम अपनी दायित्व को पूरा करते हुए विरोध प्रदर्शन जारी है। हमारी सरकार से मांग है कि बिजली विभाग को निजी हाथों में ना दिया जाए। उन्होंने कहा कि पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर सरकार ने आगरा और नोएडा में टोरेंट कंपनी को फ्रेंचाइजी दिया है । जब से कंपनी वहां काम कर रही है 2434 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है और 274 करोड़ का घाटा यूपीपीसीएल को भी हो रहा है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन 5.55 पैसे में बिजली खरीद कर टोरेंट कंपनी को 4.36 में दिया जा रहा है। बिजली का इस्तेमाल करके टोरेंट कंपनी जनता से 7.98 पैसे वसूल रही है। टोरेंट कंपनी सालाना ?800 करोड़ कमा रही है। कुल मिला कर 1074 करोड़ का नुकसान हो रहा है यह पैसा सरकार के पास आएगा तो विकास कार्यों में खर्च भी करेगी। निजीकरण का यह खेल ऊपर लेवल पर चल रहा है और कर्मचारी और आम जनता के ऊपर बोझ डालने का काम हो रहा है। सरकार अगर निजीकरण को वापस नहीं लेती है तो 26 जून को राष्ट्रव्यापी हड़ताल किया जाएगा।

# अराजकता फैलाने वालों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी: एसपी सिटी

एजेंसी



गोरखपुर। पवित्र रमजान माह की शुरुआत हो चुकी है मुस्लिम समुदाय के लोग रोजा रख कर इबादत कर रहे हैं तो वही हिन्दू भाइयों का होली पर्व भी बेहद करीब है । साथ में सीएम योगी की होली के दिन निकलने वाली शोभायात्रा फिर उसके बाद ईद का पर्व है। सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न करवाने के लिए गोरखपुर की पुलिस ने कमर कस ली है। एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर के निर्देश पर जिलेभर की पुलिस थानों पर पीस मीटिंग करके आमजनमानस से सहयोग और आपसी सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील भी कर रही है । साथ ही कानून का उलंघन करने वालो पर कड़ी कार्यवाही की बात भी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक नगर अभिनव त्यागी की अध्यक्षता में राजघाट थाने पर होलिका दहन के आयोजकों मस्जिदों के इमाम संभ्रांत लोगों और क्षेत्र के पार्षदों के साथ एक बेहद ही महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक में त्योहारों पर होने वाली एक एक समस्याओं की जानकारी ली गयी। बैठक में सीओ कोतवाली ओंकार दत्त तिवारी और थाना प्रभारी सदानंद सिन्हा सहित सभी चौकी प्रभारी और पुलिस के जवान भी मौजूद रहे। पीस कमेटी की मीटिंग में पुलिस अधीक्षक नगर अभिनव त्यागी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने और अराजकतत्वों से निपटने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है।

पुलिस की नज़र सभी पर है थानों पर लगातार संभ्रांत लोगों के साथ मीटिंग की जा रही है त्योहारों में खलल पैदा करने वालो अफवाह फैलाने वालों और त्योहारों पर माहौल खराब करने वालो पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। रमजान की मुबारकबाद देते हुए एसपी सिटी ने कहा कि सभी धर्मो के लोग आपसी तालमेल और भाईचारे के साथ त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाए। आपकी हर समस्या का समाधान करने के लिए पुलिस आपकी सेवा में उपस्थित है । कोई ऐसा काम न करे जिससे किसी की भावना आहत हो। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पुलिस की पैनी नजर है। आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालो पर कड़ी कार्यवाही होगी एसपी सिटी ने मुस्लिम समाज के लोगों से अपील की है कि 14 मार्च को होली है और उसी दिन जुमे की नमाज भी ऐसे में मुस्लिम समाज के लोग नमाज़ पढ़ने के समय में थोड़ा परिवर्तन कर ले। जिससे किसी भी प्रकार की कोई अव्यवस्था न पैदा हो। एसपी सिटी ने होली पर सीएम योगी की शोभायात्रा यात्रा को लेकर कहा कि शोभायात्रा आयोजकों से मीटिंग कर ली गयी है। शोभायात्रा में ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी से निगरानी होगी। चप्पे चप्पे पर पुलिस के जवान मौजूद रहेंगे। पुलिस का कड़ा पहरा होगा। हर व्यक्ति पर नज़र रहेगी।

# लोक अदालत में निस्तारित मुकदमों में होती है दोनों पक्षों की जीत: राजीव सिंह



एजेंसी

फिरोजाबाद। राष्ट्रीय लोक अदालत में पक्षकार समझौते के आधार पर अपने मुकदमे का निस्तारण कराकर सस्ता, सुलभ और त्वरित न्याय पा सकते हैं। लोक अदालत से निस्तारण मुकदमों में दोनों पक्षों की जीत होती है। यह जानकारी मंगलवार को राजीव सिंह, नोडल अधिकारी, अपर जनपद न्यायाधीश पोक्सो कोर्ट सं0 03 ने देते हुए बताया कि आगामी 8 मार्च को आयोजित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रशासन द्वारा अब तक राजस्व के 38260 वाद, अन्य विभागों द्वारा 65445 वाद चिन्हित किये गये हैं तथा बैंक ऋण सम्बन्धी 39813 वाद निस्तारण हेतु चिन्हित किये गये हैं। टेलीफोन के बकाया मामलों में बी0एस0एन0एल0 द्वारा 1618 वाद चिन्हित किये गये हैं, पक्षकारों को नोटिस प्रेषित किये गये हैं। पक्षकार बिल को अदा कर राष्ट्रीय लोक अदालत में अनुमन्य छूट का लाभ उठा सकते हैं, ऐसे ही विद्युत सम्बन्धी वादों में 554 वाद चिन्हित किये गये हैं, पक्षकार जिनके विद्युत चोरी सम्बन्धी वाद विचाराधीन हैं वे इस लोक अदालत में विद्युत बिल का भुगतान कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में अब तक 21882 वाद निस्तारण हेतु चिन्हित किये गये हैं। मोटर दुर्घटना प्रतिकर दावा अधिकरण द्वारा 72 वाद निस्तारण हेतु चिन्हित किये गये हैं जिसमें पक्षकारान एवं समस्त बीमा कम्पनियों के मध्य वार्ता हेतु प्रीट्रायल बैठकें आयोजित की गयी हैं। परिवार न्यायालयों के वैवाहिक वादों में कुल 200 वाद निस्तारण हेतु चिन्हित किये गये हैं। पीयूष सिद्धार्थ, अपर जनपद न्यायाधीश, सचिव ने बताया कि बैंक के ऋण सम्बन्धी लगभग 36522 वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण हेतु चिन्हित किया गया है।

## गौ सेवक को दीवान ने पट्टे से पीटा, पुलिस अधीक्षक ने दीवान को किया लाइन हाजिर

**जौनपुर।** जनपद पुलिस इन दिनों लगातार सुर्खियों में है । कहीं गाड़ी वाले से पैसा लेते हुए तो कहीं नशे में धुत होकर गाड़ी चेकिंग करने के कारण । ताजा मामला मंगलवार का है जब जलालपुर थाना परिसर में एक दीवान द्वारा गौरक्षक की पिटाई का मामला सामने आया है। पीड़ित का आरोप है कि थाने के अंदर दीवान ने पट्टे से गौरक्षक की पिटाई की, जिससे उसकी पीठ पर लाल चकत्ते पड़ गए। घटना की जानकारी मिलते ही गौरक्षक संगठन के अन्य पदाधिकारी थाने पर पहुंच गए और विरोध प्रदर्शन किया। मामले की सूचना उच्चाधिकारियों तक पहुंचने पर तत्काल दीवान को लाइन हाजिर कर दिया गया, लेकिन संगठन के लोग इससे संतुष्ट नहीं हैं और दीवान के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग कर रहे हैं। पीड़ित संतोष यादव ने बताया कि वो विश्व हिंदू परिषद में सह युवा प्रमुख के पद पर कार्यरत हैं और गौ रक्षा विभाग देखता हूं हमें सूचना मिली थी कि कुछ लोग एक पिकअप वाहन में गायों को लादकर वध के लिए ले जा रहे हैं। इस पर हमने बक्शा थाना से पीछा किया और गौरक्षकों के साथ मिलकर हमने जलालपुर थाना क्षेत्र के हौज टोल प्लाजा के पास वाहन को रोककर पुलिस को सौंप दिया। इसके बाद वे पुलिस के साथ थाने पहुंचे, जहां कथित रूप से एक दीवान नील रतन ने कहा कि एक बार समझौता कर लो इसको छोड़ दो जब हमने इसका विरोध किया तो दीवान ने हमको जमकर थाने परिसर में पीटा है । पिकअप वाहन में दो गायें लदी थीं। घटना से नाराज गौ सेवक पवन कुमार मिश्रा ने अपने अन्य साथियों के साथ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर मामले से अवगत कराया। इस पर पुलिस अधीक्षक के आदेश पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए उक्त पुलिस कर्मी को लाने हाजिर कर दिया गए। वहीं इस इस मामले पर थाना प्रभारी निरीक्षक विनीत राय ने बताया कि एक व्यक्ति जबरन दफ्तर में घुसने का प्रयास कर रहा था, जिसे दीवान पहचान नहीं पाए और इसी कारण विवाद हुआ। हालाँकि, उच्चाधिकारियों के निर्देश पर दीवान को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

# बाल मेले ने दिया स्वस्थ तन के साथ स्वस्थ मन का संदेश, डेढ़ हजार बच्चों की हुई स्वास्थ्य जांच

एजेंसी

गोरखपुर। शहर के गैस गोदाम गली स्थित एवरग्रीन वर्ल्ड स्कूल में मंगलवार को आयोजित बाल स्वास्थ्य मेले ने बच्चों, शिक्षकों और उनके अभिभावकों को स्वस्थ तन के साथ स्वस्थ मन का भी संदेश दिया । इस मौके पर डेढ़ हजार बच्चों में हर प्रकार की बीमारियों की स्क्रिनिंग कर निःशुल्क दवाएं दी गईं। करीब सा सौ बच्चों के दांतों की जांच की गई। बच्चों के मनोचिकित्सकीय परीक्षण के साथ साथ खेलों का भी आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी ने किया। आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी ने कहा कि विकसित भारत की नींव स्वस्थ बचपन में ही निहित है। इस दिशा में बाल स्वास्थ्य मेले की भूमिका अहम है। मेले के जरिये जिन बच्चों में बीमारियों की पहचान होती है, उन्हें शीघ्र इलाज और देखभाल से न केवल उनकी सुरक्षा होती है, बल्कि राष्ट्र और समाज के विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। इस प्रकार के मेले का आयोजन करने वाली संस्था और सहयोगी बधाई के पात्र हैं। आयोजन में बतौर विशिष्ट अतिथि प्रदेश के व्यापारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष पुष्प दंत जैन, पुलिस अधीक्षक अपराध सुधीर कुमार जायसवाल, बृजेश मणि मिश्रा और सोनिका खरवार शामिल हुईं एवं मेले को संबोधित किया।

मेले का आयोजन स्वयंसेवी संस्था सेफ सोसाइटी ने स्वास्थ्य विभाग और देसाई फाउंडेशन की मदद से किया। इस मौके पर सेफ सोसाइटी के निदेशक विश्व वैभव शर्मा ने बताया कि संस्था बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुपोषण और बेहतर जीवन के लिए कृत संकल्पित है। इसी क्रम में स्वास्थ्य मेलों का भी आयोजन किया जा रहा है। मेले में बच्चों की विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य जांच कराने के साथ साथ उन्हें आयरन, कैल्शियम ,विटामिन और मौसमी बीमारियों से संबन्धित दवाएं भी वितरित की गईं। बाल स्वास्थ्य मेले में सेहत की जांच और इलाज के साथ साथ विविध गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर बच्चों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा से पोषण रैम्प वॉक , भजन प्रस्तुतीकरण ,नृत्य और बाल सहभागिता के नाटक मंचन की प्रस्तुति कर उपस्थित लोगों की तालियां बटोरीं। नाटक के जरिये मोबाइल की लत के दुष्परिणाम के बारे में खासतौर से संदेश दिया गया। मासिक धर्म सुरक्षा,कुपोषण से बचाव और सोशल मीडिया के दुरुपयोग जैसे विषयों पर भी प्रस्तुतियां हुईं।

मेले में आए जिला अस्पताल के मनोचिकित्सक डॉक्टर अमित शाही ने सभी बच्चों को,अध्यापकों को और संस्था के लोगों को बच्चों में होने वाले मानसिक परिवर्तनों की पहचान और मानसिक बीमारियों के निदान के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत वन स्टॉप सेंटर की प्रमुख पूनम सिंह ने बालिका सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में बालिकाओं को जागरूक किया। गोरखपुर एंथम के गायक आशुतोष उपाध्याय ने भी अपनी प्रस्तुति दी ।

मेले में बाल एवं महिला सुरक्षा से संबन्धित सभी विभागों के द्वारा संचालित कार्यक्रमों की जानकारी बच्चों तक पहुंचाने के लिए 1090 व 1098, वन स्टॉप सेंटर, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और पुष्टाहार जागरूकता के स्टॉल्स भी लगाए गये। इन स्टॉल्स के जरिये विभागीय प्रतिनिधियों ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। आयोजन में अभिषेक पाठक, मनोज श्रीवास्तव और आशीष त्रिपाठी का विशेष सहयोग रहा।

## ईंट भट्टे पर काम कर रहे मजदूर की संदिग्ध मौत, परिजनों ने लगाया जाम

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद के थाना पाकबड़ा क्षेत्र के रतनपुर कला गांव स्थित ईंट भट्टे पर काम करने वाले मजदूर की मंगलवार शाम को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ठेकेदार ने मृतक मजदूर का शव उसके घर थाना मझोला क्षेत्र के मंगूपुरा गांव भेज दिया। जिससे परिजनों में आक्रोश फैल गया। इससे नाराज होकर परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर हाईवे पर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही पाकबड़ा और मझोला पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाकर जाम खुलवाया। परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी। इसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज करने और कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। साथ ही मजदूर के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मझोला थाना क्षेत्र के मंगूपुरा गांव निवासी टिंकू सिंह (30) रतनपुर कला गांव के वाईएचपी भट्टे पर मजदूरी करता था। वह वहीं झोपड़ी बनाकर रहता था। मंगलवार को दोपहर अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। इसके बाद भट्टा ठेकेदार टिंकू सिंह के शव को उसके मंगूपुरा गांव में भेज दिया।

## नगर निगम की कर वसूली के खिलाफ सपाइयों ने किया प्रदर्शन

फिरोजाबाद। सपाइयों ने मंगलवार को जिला मुख्यालय पर नगर निगम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने निगम पर मनमाने तरीके से टैक्स वसूली का आरोप लगाते हुए एसडीएम मुख्यालय को ज्ञापन भी सौंपा। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव के नेतृत्व में मंगलवार को बड़ी संख्या में सपा नेता जिला मुख्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने नगर निगम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव ने कहा कि नगर निगम जीआईएस सर्वे के आधार पर अवैध तरीके से कर वसूल कर रहा है। भवनों को न तो नेम प्लेट दी गई है और न ही संख्या दी गई है लेकिन फिर भी भवन स्वामियों से ब्याज सहित टैक्स बसूला जा रहा है जो पूरी तरह गलत है। पूर्व एमएलसी डॉ. दिलीप यादव ने आरोप लगाया है कि वर्ष 2015-16 में हजारों नागरिकों द्वारा जमा किया गया टैक्स निगम के रिकॉर्ड में दर्ज नहीं है। निगम के कर्मचारी अधिकारियों के संरक्षण में भ्रष्टाचार कर रहे हैं।

# नशे के खिलाफ युद्ध

लगातार चुनौती बने नशीली दवाओं के कारोबार के खिलाफ पंजाब सरकार ने एक महत्वाकांक्षी युद्ध शुरू किया है। सरकार का दावा है कि तीन महीने के भीतर इस समस्या का खात्मा कर दिया जाएगा। इसी क्रम में विभिन्न सरकारी विभागों ने सैकड़ों छापे डाले, तीन सौ के करीब गिरफ्तारियां और बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों की बरामदगी हुई। निस्संदेह, यह कार्रवाई अभियान आक्रामक व तेज है, लेकिन ऐसे अभियान चलाने के दावे विगत में किए जाते रहे हैं। दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान में हेरोइन उत्पादन के केंद्र-गोल्डन क्रिसेंट के निकट होने के कारण पंजाब लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी से जूझ रहा है। सवाल यह है कि मान सरकार का नशे के कारोबार के खिलाफ जारी अभियान कामयाबी की नई इबारत लिख पायेगा? उल्लेखनीय है कि मान के नेतृत्व वाले प्रशासन ने नशामुक्ति और पुनर्वास प्रयास के साथ ही प्रवर्तन एजेंसियों के जरिये एक व्यापक रणनीति को अंजाम देने की कोशिश की है।

> सरकार का दावा है कि तीन महीने के भीतर इस समस्या का खात्मा कर दिया जाएगा। इसी क्रम में विभिन्न सरकारी विभागों ने सैकड़ों छापे डाले, तीन सौ के करीब गिरफ्तारियां और बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों की बरामदगी हुई। निस्संदेह, यह कार्रवाई अभियान आक्रामक व तेज है, लेकिन ऐसे अभियान चलाने के दावे विगत में किए जाते रहे हैं। दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान में हेरोइन उत्पादन के केंद्र-गोल्डन क्रिसेंट के निकट होने के कारण पंजाब लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी से जूझ रहा है।

इस अभियान में नशामुक्ति केंद्रों और डॉक्टरों द्वारा लिखी जाने वाली दवाओं की बिक्री को विनियमित करने पर ध्यान देकर एक कारगर पहल की गई है। हालांकि, इस अभियान की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या हम इस समस्या की जड़ पर प्रहार कर पाए हैं? दरअसल, इस संकट के मूल में जहां राजनीतिक जटिलताएं, सीमा से जुड़ी समस्याएं हैं, वहीं युवाओं के लिये रोजगार से जुड़े विकल्पों की भी कमी है। उल्लेखनीय है कि पंजाब में विगत में भी ऐसे दावे किए गए हैं। वर्ष 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने चार हफ्ते में नशे के कारोबार को खत्म करने का वादा किया था। निस्संदेह, उनकी सरकार ने भी इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए थे। जिसमें सरकारी कर्मचारियों के लिये भी वार्षिक दवा परीक्षण तथा अधिकारियों की नशीली दवाओं के दुरुपयोग रोकथाम की जवाबदेही शामिल थी। लेकिन उसके बावजूद नशीली दवाओं का संकट जारी रहा। इससे पहले बादल के नेतृत्व वाली अकाली सरकार की भी नशे के खिलाफ शुरू की गई लड़ाई सिरे नहीं चढ़ सकी। दरअसल, नशे के कारोबार से जुड़े बड़े माफिया के खिलाफ कारगर कार्रवाई न हो सकने के कारण ये अभियान प्रभावी नहीं हो पाते। इस कार्रवाई का शिकार वे लोग होते हैं जो नशीली दवाओं के अंतिम उपयोगकर्ता नशेड़ी होते हैं। जो आमतौर पर गरीब लोग होते हैं। वहीं दूसरी ओर नशे का बड़ा कारोबार निर्बाध रूप से चलता रहता है। आखिर क्या वजह है कि भारी पुलिस व्यवस्था के बावजूद नशीली दवाओं की बड़ी खेप पंजाब में आसानी से प्रवेश कर जाती है। जो व्यवस्थागत संरचनात्मक मुद्दों की खामियों की ओर इशारा करती है। दरअसल, दीर्घकालिक दृष्टिकोण के बिना कोई भी कार्रवाई स्थायी परिवर्तन लाने में विफल ही रहेगी। सीमा पर सख्त नियंत्रण करने, न्यायिक दक्षता और समाज को जागरूक करने की जरूरत है। वहीं सुखद है कि हिमाचल सरकार ने छह माह में नशे के नेटवर्क को ध्वस्त करने का संकल्प जताया है, जिसमें तस्करों की संपत्ति जब्त करने व संदिग्ध खातों की जांच भी शामिल है।

# नशे के खिलाफ महत्वाकांक्षी युद्ध कारगर साबित हो

**पंजाब में नशे की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट भी चिन्ता व्यक्त करता रहा है, अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए उसने पंजाब सरकार को फटकार भी समय-समय पर लगाई है। अगर कोई पडोसी देश चाहे तो नशे के आतंक से देश को खत्म कर सकता है। अगर बॉर्डर क्षेत्र सुरक्षित नहीं है तो कैसे सीमाओं की सुरक्षा होगी? नशा माफिया के आगे बेबस क्यों है पंजाब सरकार?' सुप्रीम कोर्ट की चिन्ता पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए वाजिब है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पूर्व में 'ड्रग्स-फ्री इंडिया' अभियान चलाने की बात कहकर इस राष्ट्र की सबसे घातक बुराई की ओर जागृति का शंखनाद किया है। विशेषतः पंजाब के युवा नशे की अंधी गलियों में धंसते जा रहे हैं, वे अपनी अमूल्य देह में बीमार फ़ेफड़े और जिगर सहित अनेक जानलेवा बीमारियां लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। ड्रग्स के सेवन से महिलाएं बांझपन का शिकार हो रही हैं। पुरुषों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। पंजाब में औसत हर रोज एक व्यक्ति की ड्रग्स की ओवरडोज के कारण मौत हो रही है। नशे के ग्लैमर की चकाचौंध ने जीवन के अस्तित्व पर चिन्ताजनक स्थितियां खड़ी कर दी है। पाकिस्तान नशे के आतंक से अपने मनसूबों को पूरा कर रहा है। चिकित्सकीय आधार पर देखें तो अफीम, हेरोइन, चरस, कोकीन, तथा स्मैक जैसे मादक पदार्थों से व्यक्ति वास्तव में अपना मानसिक संतुलन खो बैठता है एवं पागल तथा सुप्तावस्था में हो जाता है। ये ऐसे उत्तेजना लाने वाले पदार्थ हैं, जिनकी लत के प्रभाव में व्यक्ति अपराध तक कर बैठता है।**

पंजाब में आतंकवाद की ही तरह नशे एवं ड्रग्स के धंधे ने व्यापक स्तर पर अपनी पहुंच बनाई है, जिसके दुष्परिणाम पंजाब के साथ-साथ समूचे देश को भोगने को विवश होना पड़ रहा है। पंजाब नशे की अंधी गलियों में धंसता जा रहा है, सीमा पार से शुरू किए गए इस छद्म युद्ध की कीमत पंजाब की जनता को चुकानी पड रही है, देर आये दुरुस्त आये की भांति लगातार चुनौती बने नशीली दवाओं एवं ड्रग्स के धंधे के खिलाफ आप सरकार ने एक महत्वाकांक्षी युद्ध एवं अभियान शुरू किया है। तीन महीने के भीतर इस समस्या का खात्मा करने का सरकार दावा खोखला साबित न होकर सकारात्मक एवं प्रभावी परिणाम लाये, यह अपेक्षित है। इसी क्रम में विभिन्न सरकारी विभागों ने सैकड़ों छापे डाले, तीन सौ के करीब गिरफ्तारियां और बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों की बरामदगी हुई। निस्संदेह, यह कार्रवाई अभियान उग्र, आक्रामक व तेज है, लेकिन ऐसे अभियान चलाने के दावे विगत की भांति कोरा दिखावा न साबित हो, यह देखना जरूरी है। दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान में हेरोइन उत्पादन के केंद्र- गोल्डन क्रिसेंट के निकट होने के कारण पंजाब लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी से जूझ रहा है। जरूरत है मान सरकार का नशा एवं नशे के कारोबार के खिलाफ जारी अभियान कामयाबी की नई इबारत लिखे। ताकि नशे के जाल में फंसे युवाओं एवं आमजन को बचाया जा सके। ड्रग्स उपभोग के मामले में पंजाब की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बन गई है। पंजाब के 26 प्रतिशत युवा चरस, अफीम तथा कोकीन व हेरोइन जैसे सिंथेटिक ड्रग्स लेने में लिप्त हैं। इसमें शराब आदि का डाटा शामिल नहीं है। पंजाब देश में ड्रग्स में सर्वाधिक संलिप्त राज्यों में आता है। यह डाटा गतदिनों गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में 'मादक पदार्थों की तस्करी एवं राष्ट्रीय सुरक्षा' पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में सामने आया। पंजाब के बॉर्डर एरिया के गांवों व कस्बों में ही ड्रग्स की मार देखने को मिलती थी। सरकार नशे को खत्म करने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और देखने को मिलती है। युवाओं की रगों में नशे का जहर घोला जा रहा है। बड़े शहर नशे के हॉट-स्पॉट बनते जा रहे हैं। बठिंडा, पटियाला, होशियारपुर, अमृतसर और लुधियाना जैसे बड़े शहरों में हालात चिंताजनक हैं। इसका असर प्रदेश की मौजूदा पीढ़ी पर ही नहीं, बल्कि आने वाली पुश्तों पर भी पड़ने लगा है। इस अभियान की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या हम इस समस्या की जड़ पर प्रहार करने का कोई प्रभावी उपक्रम कर रहे हैं? दरअसल, इस संकट के मूल में जहां राजनीतिक जटिलताएं, सीमा से जुड़ी समस्याएं, पाकिस्तान के षडयंत्र हैं, वहीं युवाओं के लिये रोजगार से जुड़े विकल्पों की भी कमी है। पंजाब में नशे की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट भी चिन्ता व्यक्त करता रहा है, अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए उसने पंजाब सरकार को फटकार भी समय-समय पर लगाई है। अगर कोई पडोसी देश चाहे तो नशे के आतंक से देश को खत्म कर सकता है। अगर बॉर्डर क्षेत्र सुरक्षित नहीं है तो कैसे सीमाओं की सुरक्षा होगी? नशा माफिया के आगे बेबस क्यों है पंजाब सरकार?' सुप्रीम कोर्ट की चिन्ता पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए वाजिब है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पूर्व में 'ड्रग्स-फ्री इंडिया' अभियान चलाने की बात कहकर इस राष्ट्र की सबसे घातक बुराई की ओर जागृति का शंखनाद किया है। विशेषतः पंजाब के युवा नशे की अंधी गलियों में धंसते जा रहे हैं, वे अपनी अमूल्य देह में बीमार फ़ेफड़े और जिगर सहित अनेक जानलेवा बीमारियां लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। ड्रग्स के सेवन से महिलाएं बांझपन का शिकार हो रही हैं। पुरुषों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। पंजाब में औसत हर रोज एक व्यक्ति की ड्रग्स की ओवरडोज के कारण मौत हो रही है। नशे के ग्लैमर की चकाचौंध ने जीवन के अस्तित्व पर चिन्ताजनक स्थितियां खड़ी कर दी है। पाकिस्तान नशे के आतंक से अपने मनसूबों को पूरा कर रहा है। चिकित्सकीय आधार पर देखें तो अफीम, हेरोइन, चरस, कोकीन, तथा स्मैक जैसे मादक पदार्थों से व्यक्ति वास्तव में अपना मानसिक संतुलन खो बैठता है एवं पागल तथा सुप्तावस्था में हो जाता है। ये ऐसे उत्तेजना लाने वाले पदार्थ हैं, जिनकी लत के प्रभाव में व्यक्ति अपराध तक कर बैठता है। मामला सिर्फ स्वास्थ्य से नहीं अपितु अपराध से भी जुड़ा हुआ है। कहा भी गया है कि जीवन अनमोल है। नशे के सेवन से यह अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है या अपराध की अंधी गलियों में धंसता चला जाता है, पाकिस्तान युवाओं को निस्तेज करके एक नये तरीके के आतंकवाद को अंजाम दे रहा है। पंजाब सरकार की ताजा सख्त कार्रवाई का संदेश नशा माफिया को जाना जरूरी है कि इस काले कारोबार से जुड़े लोगों की दंडमुक्ति संभव नहीं है। इसके अलावा सीमा पार से चलाए जा रहे नशे के कारोबार के लिये पडोसी देश को भी कड़ा संदेश जाना चाहिए। नशे की तस्करी में तमाम आधुनिक साधनों का उपयोग किया जा रहा है। हालांकि, बीएसएफ ने पहल करते हुए एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाए हैं। जिसके सार्थक परिणाम भी मिल रहे हैं। पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए सीमा सुरक्षा को फुलप्रूफ करने की दिशा में कदम उठाए जाने चाहिये। जिसमें उच्च तकनीक व विभिन्न एजेंसियों में बेहतर तालमेल की जरूरत है। पंजाब पुलिस की नशे से जुड़े आतंकवदी तंत्र की जांच करने की सीमित क्षमता है, खासकर, इस समस्या का मुकाबला करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकीय एवं वैज्ञानिक उपकरणों की उसके पास कमी है। पंजाब में राजनीति और ड्रग्स का चोली दामन का



संबंध है, बड़ी राजनीतिज्ञ पार्टियों की नशा माफिया एवं नशीले पदार्थों के तस्करों के साथ काफी मिलीभगत है और यही वजह है कि पंजाब 'नशीले पदार्थों की राजनीति' के युग से गुजर रहा है। इसलिये भी यह समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है। प्रदेश की मौजूदा सरकार ने भी सत्ता संभालते ही दो साल के अंदर ड्रग्स का खात्मा करने का एलान किया था, लेकिन जो हालात आज से दो साल पहले थे, वह जस के तस बने हुए हैं। इससे प्रतीत होता है कि सरकार एवं ड्रग्स माफिया का चोली दामन का संबंध है। जिससे समय के साथ प्रदेश में ड्रग्स का चलन बढ़ा है। प्रदेश में हेरोइन, अफीम, गांजा, चरस के अलावा अन्य नशों के साथ कैप्सूल और नशीली दवाइयों का चलन बढ़ने लगा है। अकेले एसटीएफ ने पंजाब भर में अलग-अलग जगहों पर छापामारी कर 2 करोड़ 68 लाख 77 हजार 596 कैप्सूल व नशीली दवाइयां पकड़ी हैं। कैप्सूल और नशीली दवाइयों का चलन ज्यादातर फरीदकोट, बठिंडा और पटियाला क्षेत्र में बढ़ा है। पूर्व सरकारों ने जो दावे किए वे प्रभावहीन ही रहे हैं। वर्ष 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने चार हफ्ते में नशे के कारोबार को खत्म करने का वादा किया था। इससे पहले बादल के नेतृत्व वाली अकाली सरकार की भी नशे के खिलाफ शुरू की गई लड़ाई सिरे नहीं चढ़ सकी। दरअसल, नशे के कारोबार से जुड़े बड़े माफिया के खिलाफ कारगर कार्रवाई न हो सकने के कारण ये अभियान प्रभावी नहीं हो पाते। आखिर क्या वजह है कि भारी पुलिस व्यवस्था के बावजूद नशीली दवाओं की बड़ी खेप पंजाब में आसानी से प्रवेश कर जाती है। जो व्यवस्थागत संरचनात्मक मुद्दों की खामियों की ओर इशारा करती है। दरअसल, दीर्घकालिक दृष्टिकोण के बिना कोई भी कार्रवाई स्थायी परिवर्तन लाने में विफल ही रहेगी। सीमा पर सख्त नियंत्रण करने, न्यायिक दक्षता और समाज को जागरूक करने की जरूरत है। केन्द्र एवं राज्य सरकार मिलकर नासूर बनती इस समस्या को जड़मूल से समाप्त करने के लिये कमर कसे। वैसे नशे को समाप्त करने के महत्वाकांक्षी युद्ध में आप सरकार विजयी होती है तो यह उसकी बड़ी सफलता होगी। **-ललित गर्ग**

# कैंसर रोधी वैक्सीन कितनी कारगर, अभी बहुत कुछ शोध होना शेष

**राकेश दुबे**

रूस ने घोषणा की है कि उसने कैंसर की रोकथाम के लिए एक नई एमआरएनए-आधारित वैक्सीन विकसित की है जो जल्द ही रोगियों को मुफ्त उपलब्ध करायी जाएगी। गमालेया नेशनल रिसर्च सेंटर फॉर एपिडेमोलोजी एंड माइक्रोबायोलॉजी के निदेशक एलेक्जेंडर गिंट्सबर्ग के मुतसबिक, इस वैक्सीन के क्लिनिकल ट्रायल्स से मालूम हुआ है कि यह रसौली को बढ़ने से रोकती है और उसके आशंकित रूप-परिवर्तन को भी। एमआरएनए या मैसेंजर आरएनए वैक्सीन वह जेनेटिक सूचना उपलब्ध कराती है, जो शरीर की कोशिकाओं को एंटीजन (प्रोटीन या अन्य पदार्थ जो प्रतिरोधात्मक प्रतिक्रिया आरंभ करता है) उत्पादन करना सिखाती है। जब यह एंटीजन कैंसर कोशिकाओं पर पहचान लिए जाते हैं तो इम्यून सिस्टम उनके खिलाफ हमला शुरू कर देता है।प्रश्न यह है कि यह वैक्सीन किस तरह से काम करती है? दरअसल, एमआरएनए कैंसर वैक्सीन इम्यूनोथेरेपी का एक रूप है। कैंसर कोशिकाएं अक्सर ऐसा तरीका विकसित कर लेती हैं कि वह पहचान में आने से बच जायें फलस्वरूप प्रतिरोधात्मक क्षमता उन्हें नष्ट नहीं कर पाती। इस बचाव के तरीके को अब समझ लिया गया है और इम्यूनोथेरेपी का विचार यह है कि शरीर की प्रतिरोधात्मक क्षमता को इस प्रकार मज़बूत कर दिया जाये कि वह कैंसर कोशिकाओं को तलाश करके उन्हें नष्ट कर दे तथा फैलने से रोके। इस उपचार में कीमोथेरेपी के विपरीत केवल कैंसर कोशिकाओं को ही नष्ट किया जाता है, नतीजतन साइड-इफ़ेक्ट्स कम हो जाते हैं।वैक्सीन के अतिरिक्त भी इम्यूनोथेरेपी के अन्य अनेक तरीके हैं जैसे कार टी सेल थेरेपी, इम्यून चेकपॉइंट इन्हिबिटर्स आदि। अन्य वैक्सीनों की तरह एमआरएनए कैंसर वैक्सीन रोग को रोकने के लिए स्वस्थ व्यक्तियों के लिए नहीं है कि टीकाकरण करा लिया और रोग होगा ही नहीं। इन्हें उन रोगियों पर इस्तेमाल किया जाता है, जिन्हें पहले से ही कैंसर है ताकि रसौली को निशाना बनाकर उसका उपचार किया जा सके। यह उपचार विधि इस तरह से तैयार की गई है कि हर रोगी की रसौली में जो विशिष्ट एंटीजन होते हैं, उन्हें निशाना बनाया जाये, जिससे यह वैक्सीन व्यक्तिगत हो जाती है और अधिक प्रभावी भी। कैंसर एमआरएनए वैक्सीन को इस तरह से भी डिज़ाइन किया जा सकता है कि अनेक प्रकार के एंटीजन को निशाना बनाया जा सके।कैंसर की वैक्सीन का शोध केवल रूस में ही नहीं हुआ है। पिछले साल इंग्लैंड की नेशनल हेल्थ सर्विस ने कैंसर वैक्सीन लांच पैड स्थापित किया, जो एक ट्रायल कार्यक्रम है ताकि एमआरएनए व्यक्तिगत कैंसर वैक्सीन क्लिनिकल ट्रायल्स में उन लोगों के लिए तेज़ी लायी जा सके, जिनको कैंसर होने की पुष्टि हो चुकी है और साथ ही कैंसर का उपचार करने के लिए कैंसर वैक्सीन के विकास को गति प्रदान की जा सके। अमेरिका में ग्लोबल बायोफर्मास्यूटिकल कंपनी क्योरवैक ने पिछले सितम्बर में घोषणा की कि सीवीजीबीएम कैंसर वैक्सीन ने ग्लिओबलस्टोमा (ब्रेन कैंसर) रोगियों पर पहले चरण के अध्ययन में उत्सावर्धक प्रतिरोधात्मक (इम्यून) प्रतिक्रियाएं प्रदर्शित की हैं। वर्तमान में कैंसर वैक्सीन को लेकर संसार के विभिन्न हिस्सों में 120 से अधिक क्लिनिकल ट्रायल्स चल रहे हैं। हालांकि डॉक्टरों का कहना है कि कैंसर की रोकथाम के लिए 'वैक्सीन' शब्द का प्रयोग भ्रामक है।जहां तक कैंसर के रोकथाम की बात है तो ह्यूमन पपीलोमा वायरस (एचपीवी) वैक्सीन से सर्वाइकल कैंसर को होने से रोका जा सकता है, क्योंकि इस सिलसिले में 90 प्रतिशत से अधिक केस इस वायरस के कारण होते हैं। इसके अतिरिक्त हेपेटाइटिस बी वैक्सीन जो हेपेटाइटिस बी वायरल संक्रमण को रोकने के लिए दी जाती है, उसकी भी जिगर के कैंसर को रोकने में सुरक्षात्मक भूमिका हो सकती है। डॉक्टर इस बात पर बल देते हैं, '' इम्यूनोथेरेपी उपचार से कैंसर को होने से नहीं रोका जा सकता। यह रोग होने के बाद का इलाज है।'' कोई भी नई ड्रग क्लिनिकल ट्रायल्स के अनेक चरणों से गुजरती है। इस प्रक्रिया में सालों लग जाते हैं। जब तक यह सब डाटा सार्वजनिक तौरपर उपलब्ध नहीं होता है, तब तक यह कहना कठिन है कि रूस की उपचार विधि किस स्तर पर है और वह कितनी सुरक्षित व प्रभावी है।

## सेहत मंत्र

# चौंकिए मत! केले खाने से होंगे यह आश्चर्यजनक लाभ

आपने अक्सर लोगो के मुंह से सुना होगा कि एन एप्पल इन ए डे, कीप्स ए डॉक्टर अवे। अर्थात अगर आप रोज एक सेब खाते हैं तो इससे आप हेल्दी बनते हैं। लेकिन केला खाने से भी आपको बहुत से लाभ प्राप्त होते हैं। केले को ऊर्ज़ा का पावरहाउस कहा जाता है। इतना ही नहीं, इससे मिलने वाले फायदों के कारण ही छोटे बच्चों से लेकर वृद्ध व्यक्तियों तक को इसे खाने की सलाह दी जाती है। तो चलिए जानते हैं केले से मिलने वाले फायदों के बारे में- पैक विद पोटेशियमः केले में पोटेशियम काफी मात्रा में पाया जाता है। इसलिए अगर आप इसका सेवन प्रतिदिन करते हैं तो इससे आपका रक्तचाप तो नियंत्रित होता है ही, साथ ही इससे आपके हदय की कार्यप्रणाली भी बेहतर तरीके से काम करती है। तनाव करे दूरः शायद आपको जानकर हैरानी हो लेकिन केला खाने से आपके शरीर में तनाव का स्तर घटता है। दरअसल, केला अमिनो एसिड टीप्टोफन का एक अच्छा स्त्रोत है और यह अमिनो एसिड टीप्टोफन आपके शरीर में जाकर सेरोटोनिन में परिवर्तित हो जाता है। यही सेरोटोनिन आपके शरीर में तनाव के स्तर को कम करके आपको मानसिक रूप से शांति प्रदान करता है। मिलती है प्राकृतिक रूप से ऊर्ज़ाः अगर आप थके हुए महसूस कर रहे हैं या फिर आपको नेचुरल रूप से ऊर्ज़ा की आवश्यकता है तो भी केले का सेवन बेहद लाभकारी माना जाता है। दरअसल, केले में विटामिन्स, कार्बोहाइड्रेट्स और खनिज पदार्थ पाए जाते हैं जो शरीर को ऊर्ज़ा प्रदान करने का काम करते हैं। इसके अतिरिक्त इसमें मौजूद ग्लूकोज, फ्रक्टोज और सक्रोज इंस्टेट एनर्जी देने के लिए जाने जाते हैं। इसलिए अगर आप इसका सेवन करते हैं तो आपका तुरंत उर्ज़ा प्राप्त होती है। फाइबर होता है प्रचुरः केले में पोटेशियम के अतिरिक्त फाइबर भी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। जिसके कारण इसे खाने से आपको बार-बार भूख नहीं लगती। साथ ही इसमें मौजूद फाइबर आपके पाचन तंत्र को भी बेहतर बनाने में मदद करता है।

## धर्म मंत्र

# डराने वालों के झाँसे में न आयें, शनिदेव हैं कल्याणकारी

ज्योतिष एक पवित्र विद्या है परंतु कुछ लोग इस पवित्र विद्या को बदनाम कर रहे हैं। ज्योतिष मार्गदर्शन की विद्या है। लेकिन यह मार्ग दर्शन की विद्या न रहकर कुछ ज्योतिषियों के जीवनोपार्जन का साधन बन गया है। ये लोग खासतौर से शनि की साढ़ेसाती के नाम पर लोगों को ठगते हैं। प्रत्येक आदमी के जीवन पूर्व जन्म के कर्मों के योग की कहानी है। इससे कोई भी नहीं बच सकता। मानव के कर्म हर जन्म में उसका पीछा करते रहते हैं। जन्मों-जन्मों तक उसको अपने किए कर्मों का फल मिलता रहता है, मानव के कर्म उसके पीछे उसी तरह लगे रहते हैं जैसे गाड़ी का चक्का उसे खींचने वाले बैलों का काम करता है। 'क्या है शनि की साढ़ेसाती'- शनि का गोचर यदि जन्म कुंडली के चन्द्रमा से 12वें भाव में होता है तो उस आदमी की साढ़ेसाती आरंभ हो जाती है ओर जब तक गति चंद्रमा से दूसरे भाव में गोचर करता है तब तक साढ़ेसाती रहती है। यदि हम गति के गोचर से लेकर गणना करें तो एक व्यक्ति के जीवन में तीन बार साढ़ेसाती आ सकती है। क्योंकि गति एक राशि में ढाई साल रहता है और इस तरह बारह राशियों में तीस साल रहता है। प्रत्येक साढ़ेसाती साढ़े सात साल की होती है। इस हिसाब से एक व्यक्ति के जीवन में साढ़े बाइस साल साढ़ेसाती हुई। तो क्या प्रत्येक आदमी को साढ़े बाइस साल अशुभ फल देने वाले होंगे। जोकि किसी भी रूप में संभव नहीं है क्योंकि व्यक्ति के जीवन में घटने वाली घटनाएं उसकी कुंडली के ग्रहों की स्थिति एवं जीवन में मिलने वाली दशाएं ही निर्धारित करती है।

पर्यटन



# खूबसूरत जैसलमेर के बाजारों में भी रहती है खूब रौनक

जैसलमेर को अगर 'जादुई शहर' कहा जाए तो यह अतिशयोक्ति नहीं होगी। ऐसा प्रतीत होता है कि किसी सुनहरी तूलिका से यहां के किले, हवेलियां, रेत के टीले, सुनहरे रंग से रंग दिए हों। ऐसा रंग व दृश्य राजस्थान में आपको यहीं देखने को मिलेगा। एक पौराणिक कथा के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने भविष्यवाणी की थी कि उनके यदुवंश का कोई वंशज त्रिकुट पहाड़ी पर कालान्तर में अपना राज्य बसायेगा, जिसे सदियों बाद 1155 ईसवीं में रावल जैसल ने सत्य कर दिखाया। निकट ही स्थित लौद्रवा से अपनी राजधानी हटाकर यहां उन्होंने एक परिनुमा किला बनवाया, जो जैसलमेर किले के नाम से जाना गया। भाटी शासकों का राज्य दिल्ली व सिंध के व्यापारिक मार्ग पर था, इसलिए माल-वाहकों से प्राप्त कर ही उनके राज्य की आय का परिपूर्ण स्त्रोत बन गया था। इस व्यापारिक मार्ग से शासकों का ही नहीं, स्थानीय व्यापारियों का भी लाभ होता था जिसका उपयोग उन्होंने अपने लिए शानदार हवेलियां बनाने में किया। यहां आपको कई सुंदर नक्काशीयुक्त हवेलियां मिलेंगी, जिनमें नथमल की हवेली, पटवों की हवेली व सालिम सिंह की हवेली कला की दृष्टि से बेजोड़ हैं। शहर में पैदल घूमना एक अनूठा अनुभव है, बस एक बार चलना शुरू कीजिए, और शहर का वास्तु-वैभव व बाजारों की रौनक देखते हुए कब आप अपनी मंजिल पर पहुंच जायेंगे, इसका पता ही नहीं चलेगा। विश्व पर्यटन जगत में तेजी से लोकप्रिय होते ही यहां पर्यटकों के लिए स्तरीय आवास व आहार सुविधाओं का विकास हुआ है। यह एक ऐसा अनोखा शहर है, जहां का हर व्यक्ति पर्यटकों को लुभाने व रिझाने में माहिर है। अन्य लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में गढ़ीसर-झील, लोद्रवा, वुड फॉसिल पार्क, अमर सागर, बड़ा बाग व मशहूर सम के धीरे (पीले रेत के टीले) कुलधरा गांव आदि हैं। निश्चय ही यहां घूमते समय आपके मन में यह विचार जरूर आएगा कि काश! आप यहां की अनूठी व सुंदर नक्काशीयुक्त हवेलियां भी अपने साथ ले जा सकते, पर ऐस संभव नहीं है, बेहतर होगा कि आप यहां के हस्त-शिल्पकला के नमूने, कढ़ाई करे कपड़े, ऊनी शॉल, कम्बल, ऊंट के चमड़े के बने सामान वगैरहा देख, अपनी पसंदीदा वस्तुओं की खरीददारी करें, जिन्हें साथ ले जाने में भी आसानी होगी।

# तहसील प्रशासन ने ध्वस्त कराया अवैध निर्माण अतिक्रमण

## दुल्हदेपुर गांव में 10 बीघा झील भूमि है अतिक्रमित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। राजा घराना राजा राय राजेश्वर बली परिवार के धर्मराज बली द्वारा जमींदारी खात्मा के पहले गाटा संख्या-977 (खेवट नंबर-1 मोहाल रामपुर) कदीम परती भूमि पर मकान बनाने हेतु ग्राम पंचायत मथुरा नगर में स्थानीय ग्रामीणों को जमीन दी थी। उसी जमीन में रामबरन, सत्यनाम उर्फ गोले छप्पर-मड़हा बना रहते और पशुओं की नांद आदि रखकर रिहायस के रूप में निवास करते चले आ रहे हैं। इसी भूमि गाटा संख्या पर जबरन ग्राम सभा के कुछ सरारती लोग होलिका दहन करते है। यह स्थान आबादी के बीच में है।और होलिका दहन का यह स्थान राजस्व अभिलेखों में अंकित भी नहीं बताया गया है।

होलिका दहन स्थान आबादी के बीच में होने से रामबरन आदि द्वारा 20 साल से होली स्थान को आबादी के बाहर किए दिए जाने की गुहार करते चले आ रहे हैं। वर्ष 2022 में उच्च न्यायालय में गुहार की तो न्यायालय ने आदेश पारित किया कि आबादी से बाहर होलिका दहन की जगह चिंन्हित की जाए। पीड़ितों की माने तो यहीं से प्रशासन चिढ गया। और न्यायालय के






आदेश का अनुपालन तहसील प्रशासन ने नहीं किया। तो अवमानना कंटेंप्ट 2023-24 में किया गया। इसके बावजूद भी इस विवादित मामले में लीपापोती करके होलिका दहन का स्थान कहीं अनयंत्र चिन्हित नहीं किया गया। और उचित मौका की तलाश शुरू हुई।

रुष्ट तहसीलदार व परगना अधिकारी रामसनेहीघाट ने 115 सी कायम किया और नोटिस को जारी करने के बाद छिपाते हुए 5 एयर भूमि पर से कब्जा हटाने का ऑर्डर पास कर दिया। इस संबंध में नोटिस गत 22 फरवरी-2024 को न जारी करके नोटिस को 26-02-2025 में रामबरन के पुत्र राकेश को प्राप्त कराया गया। अब मौजूदा समय में उपरोक्त भूमि नवीन परती के रूप में दर्ज अभिलेख है।

उक्त विवादित भूमि कदीम परती गाटा संख्या-977 (बदला नंबर-564 नवीन परती) के रूप में दर्ज अभिलेख है, को लेकर एक वाद न्यायालय सिविल जज (जू.डी.) कोर्ट नंबर-14 बाराबंकी में विचाराधीन है। इस वाद के संबंध में नोटिस परगना अधिकारी रामसनेहीघाट को करीब 3 माह पहले प्राप्त हो चुकी है। उसके बाद दो और जारी नोटिस भी प्राप्त हो चुकी है। नोटिस प्राप्ति के बाद आज 04 मार्च 2025 को मौके पर पहुंच कर तहसील रामसनेहीघाट प्रशासन ने राजघराने द्वारा दी गई भूमि जो कदीम परती के रूप में पहले थी, उस पर रखें छप्पर, मड़हा, जानवरों का खूंटा, नांद, कच्ची और पक्की दीवार आदि को जेसीबी चलवाकर ध्वस्त कर दिया। इस दौरान मौके पर तहसील प्रशासन के साथ लेखपाल अश्वनी कुमार व स्थानीय थाना पुलिस तथा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मौजूद रहे।

पीड़ितों की मानें तो ग्राम प्रधान उनसे चुनावी रंजिश रखता है। जबकि ग्राम प्रधान ने अपना मकान खुद कन्या पाठशाला की आरक्षित भूमि पर बनाया है। कन्या पाठशाला के ही भूमि पर राजेश का मकान, बंजर भूमि पर किशोर का मकान, गाटा संख्या-552 घूर-गड्ढा पर सत्यनाम वर्मा व अब्बास का कब्जा है। तहसील प्रशासन की कार्यवाही यहीं से सवालों के घिरी है।

बताते हैं कि तहसील रामसनेहीघाट के परगना सूर्यपुर ग्राम स्थित एक झील भूमि (करीब 10बीघा) पर अतिक्रमण है। रसूखदारों के मकान भी विद्यमान हैं। ऐसा नहीं कि शिकायत नहीं हुई। शिकायतें हुई परंतु करेंसी प्रभाव में शिकायत में हवा में उड़ गई।

### क्या कहते हैं एसडीएम

दूरभाष पर हुई वार्ता में एसडीएम रामसनेहीघाट ने बताया कि मथुरा नगर में तहसीलदार कोर्ट का आदेश पालन कराया गया है। दुलहदेपुर में झील पर अतिक्रमण के बारे में उन्होंने कहा कि जानकारी में नहीं है। दिखवाता हूं।

## फांसी फंदे पर झूली इंटर की छात्रा

बाराबंकी। सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम उधौली निवासी स्व. जगतपाल वर्मा की 17 वर्षीय पुत्री शीलू सोमवार को इंटरमीडिएट की परीक्षा देकर लौटी तथा भोजन के बाद अपने कमरे मे सोने चली गयी।और आज सवेरे उसका शो फैंसी फंदे से लटका बरामद हुआ। ग्रामवासी सूत्रों के अनुसार इंटरमीडिएट का पर्चा खराब से शीलू व्यथित थी।इसी कारण फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

## पेंशन सत्यापन में जिंदा व्यक्ति को मृत दर्शाने वाले सत्यापनकर्ता पर कार्यवाही

बाराबंकी । एक दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 17 फरवरी, 2025 को '' मै जिंदा हूँ जिम्मेदार ने पोर्टल पर बना दिया मृत'' शीर्षक से प्रकाशित खबर को जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी संज्ञान लेकर खण्ड विकास अधिकारी सूरतगंज को जॉच करने हेतु निर्देशित किया था। उक्त प्रकरण की जाँच स0वि0आ0 (स0क0) व स0वि0अ0 (पं0) की दो सदस्यीय टीम से करायी गयी। जॉच अधिकारियों द्वारा दी गयी आख्या के अनुसार जॉच में यह तथ्य प्रकाश में आया है कि वर्ष 2023 में वृद्धावस्था पेंशन पा रहे लाभार्थियों का सत्यापन तत्समय कार्यरत ग्राम पंचायत सचिव अमित कुमार वर्मा से कराया गया था। उक्त के सम्बन्ध में जॉच होने पर प्रकरण संज्ञान में आया कि श्री रामेश्वर नाम के ग्राम पंचायत पिपरी महार में दो व्यक्ति थे, जिसमें से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी, सत्यापन के समय भ्रमवश रामेश्वर पुत्र हीरालाल के आगे मृतक अंकित हो गया। साथ ही प्रकरण की जानकारी होने पर तत्काल खण्ड विकास अधिकारी सूरतगंज द्वारा जिला समाज कल्याण अधिकारी बाराबंकी से समन्वय स्थापित करते हुए श्री रामेश्वर पुत्र हीरालाल का डाटा पोर्टल पर निदेशालय समाज कल्याण के स्तर वापस करा दिया गया है। अगामी वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों को पेंशन का भुगतान पीएफएमएस प्रणाली द्वारा होने पर श्री रामेश्वर पुत्र हीरालाल को वृद्धावस्था पेंशन की धनराशि उनके खाते में अन्तरित हो जायेगी। जिलाधिकारी द्वारा खण्ड विकास अधिकारी सूरतगंज को उक्त ग्राम पंचायत अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया जिसके कम में खण्ड विकास अधिकारी द्वारा जिला पंचायतराज अधिकारी बाराबंकी को कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित किया गया।

## अतिक्रमणकारियों पर चला बुलडोजर, हटवाई गई अवैध दुकानें

### बाउंड्री से सटाकर रखी गयी दुकानों को डीएम ने हटवाने के दिये थे निर्देश

बाराबंकी। जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी द्वारा दिनांक 27 फरवरी को विकास खण्ड-बनीकोडर के कार्यालय परिसर का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान परिसर के सम्मुख बाउन्ड्री से लगाकर कतिपय व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर दुकानें संचालित की जा रही थी, जिससे यातायात बाधित होने के साथ ही परिसर के सम्मुख गन्दगी व्याप्त होती थी, जिसे तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराते हुए स्थल की साफ-सफाई एवं सौन्दर्याकरण कराने हेतु निर्देशित किया गया था। जिलाधिकारी-बाराबंकी के निर्देश के क्रम में आज दिनांक 03.03.2025 को खण्ड विकास अधिकारी-बनीकोडर द्वारा विकास खण्ड के सम्मुख समस्त अतिक्रमित दुकानों, गुमटियों को हटवाकर अतिक्रमण मुक्त कराया गया तथा जे0सी0बी0 के माध्यम से स्थल की साफ-सफाई कराते हुए समतल कराया गया। यह भी अवगत कराया गया कि उक्त स्थल के सौन्दर्गीकरण का कार्य क्षेत्र पंचायत की कार्ययोजना वर्ष 2025-26 में सम्मिलित करते हुए जल्द ही कार्य प्रारम्भ कराकर सौन्दर्गीकरण का कार्य पूर्ण कराया जायेगा।

## उप शिक्षा निदेशक ने किया कस्तूरबा विद्यालय का औचक निरीक्षण, जताया प्रसन्नता, दिए टिप्स

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। उपशिक्षा निदेशक राज्य परियोजना जीवेन्द्र राज्य परियोजना विकास खण्ड निन्दूरा स्थित कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। विद्यालय पहुंचे श्री सिंह ऐरी ने छात्राओं से बातचीत की और उन्हें सफलता के गुर बताए। एकाग्रता से पढ़ने और किताब को अपनी मित्र बनाने का मशवरा दिया।तथा बताया कि कस्तूरबा की बालिकायें किसी से कम नहीं है कोई राष्ट्रीय लेवल की खिलाड़ी बन रही है। वहीं कस्तूरबा से पढ़ी बालिका ने डिप्टी कलेक्टर बन कर नाम रोशन किया है । उपशिक्षा निदेशक श्री ऐरी ने कक्षाओं समेत छात्रावास व भोजनालय का भी निरीक्षण किया,तथा छात्राओं के साथ खाना भी खाया। कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय के सभी कार्मिक उपस्थित मिले। इससे पहले उन्होंने लखनऊ महमूदाबाद रोड स्थित



राजकीय इंटर कॉलेज निंदूरा,अशोक विद्यामंदिर इंटर कालेज टिकैतगंज,सागर पब्लिक इंटर कॉलेज हाजीपुर, सिसोदिया विद्यापीठ झरसावाँ में बोर्ड परीक्षा का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी सुषमा सेंगर, डीसी एमआईएस पुनीत श्रीवास्तव, प्रवेक्षक शशी, एकेडमिक रिसोर्स पर्सन संदीप वर्मा, हिमेश ठाकुर, शिव शंकर सिंह, विद्यालय की वार्डन साधना, पूर्णकालिक शिक्षिका शिल्की वर्मा, सुधा वर्मा, मीनाक्षी सिंह, गीता जायसवाल, अतुल बंसल उपस्थित रहे।

## खेल कूद प्रतियोगिता में विजेताओं को एएसपी ने किया सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। अपर पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स में आयोजित लखनऊ जोन की 30 वीं अन्तर्जनपदीय खेलकूद प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत कर प्रतियोगिता का स्वागत किया गया । रिजर्व पुलिस लाइन्स बाराबंकी में आयोजित तीन दिवसीय लखनऊ जोन की (कुश्ती क्लस्टर (महिला/पुरुष) कुश्ती, बाक्सिंग, बॉडी बिल्डिंग व आर्म रेसलिंग) 30 वीं अन्तर्जनपदीय प्रतियोगिता-2025 में लखनऊ जोन के जनपद सुलतानपुर, बाराबंकी, सीतापुर, रायबरेली, खीरी, अम्बेडकर नगर एवं लखनऊ कमिश्नरेट सहित कुल 07 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों ने बड़े उत्साह एवं मनोयोग से भाग लिया एवं अच्छे अनुशासन का परिचय देते हुये प्रतियोगिता को सकुशल सम्पन्न कराने में अहम भूमिका निभाई।

अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 अखिलेश नारायण सिंह द्वारा विजेता खिलाड़ियों व टीम को पुरस्कृत कर प्रतियोगिता का समापन किया गया । इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर श्री सुमित त्रिपाठी मौजूद रहे एवं सम्पूर्ण प्रतियोगिता प्रतिसार निरीक्षक श्री राजेश कुमार के निकट पर्यवेक्षण में सकुशल सम्पन्न करायी गई।

## पुलिस अधीक्षक ने किया मीटिंग हॉल वह चौकी का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर बाराबंकी। मंगलवार को कोठी थाने पर कोठी पुलिस द्वारा बनवाए गए नवनिर्मित मीटिंग हाल का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने किया

कोठी थाने पर थाना प्रभारी संतोष सिंह वी अन्य स्टाफ ने मिलकर मीटिंग हाल का निर्माण करवाया और कैसरगंज चौराहे पर पुलिस चौकी का निर्माण कराया गया था इसका उद्घाटन करने पहुंचे पुलिस अधीक्षक बाराबंकी ने सिलपत पर ढके गए कपड़े को जब हटाया तो उसमें पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश नारायण सिंह क्षेत्राधिकार हैदरगढ़ आलोक पाठक थाना प्रभारी संतोष सिंह का नाम लिखा हुआ था उसके बाद फीता काटकर उद्घाटन किया थाना प्रभारी से पूछा इसमें लगभग कितनी लागत लगी होगी जिस पर थाना प्रभारी ने बताया ढाई



से?300000 लागत लगी होगी उन्होंने थाना समाधान दिवस से वह अन्य मीटिंग के लिए यह हाल बहुत ही उपयोगी होगा उसके बाद नवनिर्मित पुलिस चौकी कैसरगंज का भी फीता काटकर उद्घाटन किया

इस मौके पर उप निरीक्षक अशोक कुमार यादव विजयपाल यादव शिव सागर तिवारी अतिरिक्त प्रभारी रामनरेश यादव पुलिसकर्मी बलिकरन दिनेश यादव राजकुमार यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे

## गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के किये जायें प्रयास : डीएम शशांक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में सोमवार को जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में निराश्रित गोवंश संरक्षण एवं जनपद स्तरीय अनुश्रवण मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने अधिकारियों से गौशालाओं से सम्बंधित कार्यो का फीडबैक लिया। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले की सभी गौशालाओं में नर और मादा पशुओं को पृथक-पृथक करके रखा जाए। साथ ही गोवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश के सापेक्ष शेड व चरही की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा की गौशालाओं में चारागाह की भूमि पर बोये गये हरे चारे नेपियर, बरसीम आदि के क्षेत्रफल को बढाया जाए जिससे हरे चारे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। गौशालाओं में पशुओं की एआई कराने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि गोबर का उपयोग वर्मी कंपोस्ट खाद बनाने में किया जाए। इसके लिये स्वयं सहायता समूह का भी योगदान लिया जाए। गौशालाओं से दूध कलेक्शन के भी प्रयास किये जायें। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि पंचायतें अपनी आय के श्रोतों पर ध्यान दे। जिनमें गौशाला भी आय का एक अच्छा श्रोत बन सकती है। जिलाधिकारी ने कहा कि अच्छा कार्य करने वाले ग्रामप्रधानों को सम्मानित भी किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिले की सभी 123 गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास किये जायें। गोवंश आश्रय स्थलों में वर्मीकम्पोस्ट इकाई के संचालन एवं वर्मीकम्पोस्ट खाद, गोबर की खाद व दूध आदि की बिकी से आय के प्रयास किये जायें।

जिलाधिकारी ने जिन गौशालाओं में पशुओं के लिये शेड व चरही की कमी है उन सभी गौशालाओं में पर्याप्त शेड और चरही का निर्माण शीघ्रता के साथ करा लिया जाए। इसके अलावा अधिकारी यह भी सुनिश्चित कर ले कि कहीं पर भी पशुओं के पीने के लिये पानी कि समस्या न रहे। इसके लिये पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित कर लिये जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले की सभी गौशालाओं में रात्रि में प्रकाश पर विशेष ध्यान दिया जाए। जहाँ भी प्रकाश की समस्या है वहाँ पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था करा ली जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## शांति समिति की बैठक, मेल मिलाप से मनाएं त्यौहार, सहयोग की अपील

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। रंगो का त्योहार होली, रमजान एव ईद के मद्येनजर क्षेत्र मे विधि व्यवस्था को बनाए रखने के लिए मंगलवार को मसौली थाना मुख्यालय पर शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई बैठक मे क्षेत्राधिकारी रामनगर शौरभ श्रीवास्तव ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एव सम्भ्रान्त जनो से सहयोग की अपील की ।

क्षेत्राधिकारी शौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे का संदेश देता है। इससे लोगों को सीख लेनी चहिए। रंग-गुलाल उड़ाते समय बवाल न करें ताकि होली का पर्व सुखमय तरीके से संपन्न हो। उन्होंने कहा कि रमजान एव होली त्यौहार एक साथ पड़ रहे हैं जिसमे आप सभी लोगो को जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय देना है आप सभी लोग मिलजुलकर अपना अपना त्यौहार मनाये। सीओ शौरभ श्रीवास्तव ने उपस्थित ग्राम प्रधानों से कहा कि होली मे रंग खेलते समय किसी तरह का कोई व्यावधान न उत्पन हो उसके लिए मस्जिदों पर पर्दा डलवा दे तथा त्यौहार पर निगरानी के लिए गांव के जिम्मेदार लोगो को वालिंटियर के रूप मे बना दे जो सभी तरह की नजर रखेंगे। प्रभारी निरीक्षक यसकांत सिंह ने कहा कि होली पर्व रमजान एव ईद को लेकर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। जिन गांवों में होलिका दहन का स्थान चिहि्नत है, वहां लोग उसी स्थान पर होलिका दहन करें। कहीं भी बवाल न हो इसके लिए पुलिस नजर रख रही है उन्होंने ने कहा कि लाउडस्पीकर हाईकोर्ट सुप्रीम कोर्ट के मानकानुसार ही प्रयोग किया जायेगा तथा मोबाइल फोन पर आने वाले अपत्तिजनक मैसेज को फारवर्ड करने से बचे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि क्षेत्र के 119 स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा जिसकी निगरानी के लिए आप सभी लोग सहयोग करे जिससे त्यौहार उल्लास एव खुशी के साथ मनाया जा सके उन्होंने ने जनप्रतिनिधियों से पुलिस का सहयोग करने की बात करते हुए कहा कि जहां पर पुलिस बल की जरूरत है वहां पुलिस बल की व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने सभी डीजे वालों पर डीजे पर धार्मिक उन्माद एव अश्लील गाने न बजाने के निर्देश दिये तथा होली के दिन डीजे बजाते, शराब के नशे व शांति व्यवस्था को भंग करने वाले पर पुलिस की पैनी नजर रखेगी।

इस मौक़े पर प्रधान प्रतिनिधि नफीस अंसारी, नूर मोहम्मद, प्रधान रामसिंह यादव, उमाकांत राव, अनीस अफजाल II अंसारी, गोपीनाथ तिवारी,नीरज प्रधान, मित्तल कुमार, सहित चौकी प्रभारी सहादतगंज अभिन्दनन पाण्डेय, राहुल शर्मा, शिवकुमार, उमेश कुमार, रमेश्चंद्र हेड कांस्टेबल विवेक प्रताप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## पुण्यतिथि पर श्रद्धा से याद किए गए नेता श्यामलाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। स्व. श्यामलाल यादव का नाम समाजसेवा के क्रान्तिकारी नेताओं में शुमार था। वह राजनीति में संघर्ष के पर्याय थे। उनकी पहचान को उनके पुत्र ज्ञान सिंह यादव ने जिन्दा कर रखा है।

उक्त बाते मंगलवार को कस्बा सफदरगंज मे स्व. नेता श्यामलाल यादव स्मारक इंटर कॉलेज मे स्व. नेता श्यामलाल यादव की 24 वी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा। उन्होंने कहा कि भावी युवा पीढ़ी को स्व. नेता श्यामलाल यादव के व्यक्तित्व और कृतित्व से प्रेरणा लेनी चाहिए। सपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि स्व0 नेता श्यामलाल यादव किसी के सामने झुकना और अनैतिक बात के दबाव में आने वाले व्यक्ति नहीं थे। उनकी राजनीति में कमी आज भी महसूस होती है। वह प्रतिष्ठित, निडर और संघर्षशील राजनेता थे जो प्रेरणादायी है।



सांसद मोहनलालगंज आर के चौधरी समाजवादी चिंतक, दलितों व पिछडो के मसीहा नेता श्यामलाल यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि क्षेत्र मे नेता जी के नाम से जाने जाने वाले श्यामलाल यादव संघर्षो के बीच जन्मे हुए नेता थे जिन्होंने अपना जीवन जनता की सेवा में अर्पित कर दिया आज नेता जी हम सब के बीच नही है फिर भी उनकी यादे एव सेवाभाव जीवंत है। पूर्व सांसद पी एल पुनिया श्रद्धासुमन अर्पण करते हुए कहा कि श्यामलाल यादव का व्यक्तित्व धनी था जिन्होंने अपने व्यवहार एव विचारधारा से लोगो को जोड़ने का काम किया उनकी कमी हम सभी लोगो के लिए दुःख दायी है।

पूर्व विधान परिषद् सदस्य राजेश कुमार उर्फ़ राजू यादव ने कहा कि स्वर्गीय नेता जी का परिवार हमेशा समाजवादी विचारधारा से जुड़ा रहा जो समाजवादी पार्टी के लिए प्रेरणादायक रहे है। श्याम लाल यादव का नाम लेने से ऐसे विराट व्यक्ति का बोध होता है, जिसके व्यक्तित्व की व्यापकता असीमित है।

सपा के वरिष्ठ नेता एव स्व0 श्यामलाल यादव के पुत्र ज्ञानसिंह यादव ने अपने पिता की 24 पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पिता जी ने ऊँगली पकडकर समाजसेवा का जो रास्ता दिखाया है उसमे हम कभी पीछे नही हटेंगे मेरा पुरा जीवन समाज के लिए समर्पित है पिता जी की कमी को पुरा तो नही किया जा सकता है लेकिन उनके सपनो को साकार किया जा सकता हैं नेता जी के पुण्यतिथि पर पूर्व एम एल सी राम वृक्ष यादव, जिला महासचिव हिमांशु यादव, प्रधान डा0 चंद्रशेखर यादव, नेगपाल, प्रमोद रावत, जयपाल, शहजराम यादव, श्रीकिशन यादव, बब्लू यादव, रमापति यादव, लखपति रावत, मंशाराम यादव, राजवीर, सुरेंद्र कुमार सहित

क्षेत्र के सपा नेताओं, समाजसेवियों सहित उनके करीबियों ने व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा की।

# न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल में बड़े टूर्नामेंटों की असफलता को पीछे छोड़ना चाहेंगे

एजेंसी




लाहौर। विश्व स्तरीय प्रतिभाओं से भरपूर न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका बुधवार को यहां चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में एक दूसरे का सामना करेंगे तो उनकी कोशिश वैश्विक प्रतियोगिताओं के अहम मैचों कमतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के तमगे को पीछे छोड़ने की होगी। कागजों पर दोनों टीमें बराबरी की दिख रही है। दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड ने क्रमशः 1998 और 2000 में एक-एक बार चैंपियंस ट्रॉफी जीती है, लेकिन उस समय इस टूर्नामेंट को आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी कहा जाता था और इसका वह महत्व नहीं था जो अब है। दक्षिण अफ्रीका जहां बड़े टूर्नामेंट के 'चोकर्स (मुख्य मुकाबलों में हार का सामना करने वाली टीम)' के अपने तमगे को हटाना चाहेगा, वही न्यूजीलैंड की टीम भी खिताब पर अपना कब्जा जमाने के लिए बेताब होगी। न्यूजीलैंड वनडे विश्व कप (2015 और 2019) में दो बार और टी20 विश्व कप (2021) में एक फाइनल में पहुंचने के बाद खिताब जीतने से चूक गया। मिशेल सेंटनर की अगुआई में न्यूजीलैंड ग्रुप ए में भारत से बाद दूसरे पर रहा, जबकि दक्षिण अफ्रीका ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया से आगे शीर्ष पर रहा। दोनों टीमों के बीच कोई ज्यादा अंतर नहीं है और ज्यादातर विभागों में बराबरी की स्थिति में हैं। गेंदबाजी में विविधता के कारण दक्षिण अफ्रीका के पास हालांकि मामूली बढ़त दिख रही है। दोनों टीमों के बल्लेबाजी क्रम में पर्याप्त ताकत है और उनके पास बेहतरीन क्षेत्ररक्षक भी हैं। मैच का परिणाम में स्पिनरों की भूमिका अहम रहने अनुमान है। गद्दाफी स्टेडियम की पिच थोड़ी धीमी है, लेकिन दुबई की तुलना में वे उतनी स्पिन नहीं करती हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि दोनों टीमों के स्पिनर कैसा प्रदर्शन करते हैं। अपने आखिरी ग्रुप मैच में भारत से 44 रन से हारने के बावजूद, न्यूजीलैंड पिछले महीने यहां त्रिकोणीय श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका पर अपनी जीत से आत्मविश्वास हासिल करेगा। न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 305 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया और फिर फाइनल में पाकिस्तान को हराकर त्रिकोणीय श्रृंखला को अपने नाम किया था। अनुभवी बल्लेबाज टॉम लाथम को लगता है कि ये अनुभव उनके लिए फायदेमंद साबित होंगे। उन्होंने कहा, '' हां, जिस (दक्षिण अफ्रीका) टीम के खिलाफ हमने खेला था वह थोड़ी अलग थी। उस टीम में बहुत से ऐसे खिलाड़ी थे जो इस टीम में नहीं थे। उनके कुछ मुख्य खिलाड़ी तब एसए20 में खेल रहे थे, इसलिए यह थोड़े अलग होगा। उन्होंने कहा, मुझे हालांकि लगता है कि हमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलने में लाहौर के इस अनुभव का फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा, '' हम अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ तैयारी करेंगे और अपनी पूरी कोशिश करेंगे।

# बीसीबी निदेशक ने फिल सिमंस को मुख्य कोच के रूप में बनाए रखने का किया समर्थन

एजेंसी



ढाका। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के निदेशक नजमुल आबेदीन फहीम ने फिल सिमंस को बांग्लादेश टीम के मुख्य कोच के रूप में बनाए रखने का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि बोर्ड जल्द ही सिमंस के साथ औपचारिक बातचीत करेगा और उन्हें लंबे समय के लिए इस भूमिका में बनाए रखने की कोशिश करेगा। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार,सोमवार को ढाका में हुई बोर्ड बैठक में सिमंस के अनुबंध विस्तार सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। सिमंस को पिछले साल अक्टूबर में अंतरिम कोच के रूप में नियुक्त किया गया था। हालांकि, उनके चार महीने के कार्यकाल में बांग्लादेश ने केवल एक सीरीज जीती-वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 श्रृंखला में 3-0 की जीत। वहीं, चैंपियंस ट्रॉफी में टीम को भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा, जिससे बांग्लादेश टूर्नामेंट से जल्दी बाहर हो गया। बावजूद इसके, बीसीबी अध्यक्ष फारूक अहमद और निदेशक फहीम दोनों ने सिमंस को समर्थन दिया है। फहीम ने कहा कि हमारे मुख्य कोच और वरिष्ठ सहायक कोच का अनुबंध मार्च के मध्य तक था। हम उनके प्रदर्शन से संतुष्ट हैं, इसलिए हम उनके साथ फिर से बातचीत करेंगे। यदि आपसी सहमति नहीं बनती है, तो हमें अन्य विकल्पों पर विचार करना होगा। लेकिन हमें उम्मीद है कि हम उनके साथ समझौते पर पहुंच जाएंगे। हमारा लक्ष्य उनका अनुबंध 2027 विश्व कप तक बढ़ाना है। बीसीबी ने वरिष्ठ सहायक कोच मोहम्मद सालाउद्दीन के अनुबंध को भी बढ़ाने का फैसला किया है, जिन्हें पिछले नवंबर में अल्पकालिक आधार पर नियुक्त किया गया था। बीसीबी के अनुसार, सिमंस और सालाउद्दीन के बीच अच्छा तालमेल होने के कारण उनके अनुबंध को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा, बोर्ड ने स्पिन गेंदबाजी कोच मुश्ताक अहमद के अनुबंध को भी बढ़ाने का निर्णय लिया है। साथ ही, चयनकर्ता हन्नान सरकार के इस्तीफे को स्वीकार कर लिया गया है। फहीम ने बताया कि बीसीबी सीनियर टीम और हाई परफॉर्मेंस यूनिट की फील्डिंग में सुधार लाने के लिए भी प्रयास कर रहा है और इसके लिए कई फील्डिंग कोचों से बातचीत चल रही है।

# संक्षिप्त समाचार

## नीदरलैंड के दिग्गज ताइकेमा भारतीय महिला ड्रैग फ्लिकर के साथ काम करेंगे

**नयी दिल्ली।** भारत ने 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक तक अल्पकालिक आधार पर राष्ट्रीय महिला हॉकी टीम के ड्रैग फ्लिकर के साथ काम करने के लिए नीदरलैंड के दिग्गज ताइके ताइकेमा से करार किया है। ताइकेमा ने पिछले महीने भुवनेश्वर में भारत के एफआईएच प्रो लीग अभियान से पहले 10 से 16 फरवरी तक सात दिवसीय शिविर में भारतीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया था। भारत ने प्रो लीग के घरेलू चरण में इंग्लैंड, जर्मनी, नीदरलैंड और स्पेन के खिलाफ मुकाबला किया था। इस सात दिवसीय शिविर में दीपिका, मनीषा चौहान, सोनम और अन्नू जैसी खिलाड़ियों के साथ-साथ कुछ जूनियर खिलाड़ियों ने भी भाग लिया। ताइकेमा के मार्गदर्शन में शिविर का मुख्य उद्देश्य तकनीकी कौशल को निखारने के साथ ड्रैग फ्लिक की सटीकता में सुधार करना था। भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा कि शिविर खिलाड़ियों के लिए बहुत फायदेमंद रहा और ताइकेमा लॉस एंजिल्स खेलों तक अल्पकालिक आधार पर टीम के साथ काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, ''ताइकेमा ड्रैग फ्लिक के मामले में सबसे महान दिग्गजों में से एक हैं। मैंने हॉकी इंडिया से उन्हें इस क्षेत्र में सुधार करने में हमारी मदद करने के लिए लाने का अनुरोध किया। वह तकनीक को निखारने और ड्रैग फ्लिक की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए टीम के साथ काम कर रहे हैं। हरेंद्र ने कहा, ''ड्रैग फ्लिक करना एक विशिष्ट कौशल है और ताइकेमा भविष्य के शिविर में भी हमारे साथ काम करना जारी रखेंगे। हरेंद्र ने इससे दीपिका के प्रदर्शन में सुधार का जिक्र करते हुए कहा, '' हमने दीपिका के साथ निश्चित प्रगति देखी है, खासकर हाल के प्रो लीग मैचों के दौरान। इस 45 साल के पूर्व खिलाड़ी को अपने खेल के दिनों में पेनल्टी-कार्नर की सटीकता के लिए जाना जाता था। ताइकेमा ने 11 वर्षों के अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में नीदरलैंड की पुरुष टीम के लिए 94 मैचों में 170 गोल किए। उन्हें दुनिया के सबसे खतरनाक पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञों में से एक माना जाता है। वह 2002 और 2006 चैंपियंस ट्रॉफी, 2006 विश्व कप, 2008 ओलंपिक खेलों और 2010 एफआईएच विश्व कप सहित कई प्रमुख अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में शीर्ष स्कोरर थे। उन्होंने 2022 से 2024 तक चीन की महिला टीम के सहायक कोच के रूप में भी काम किया। दीपिका ने भी कहा कि उन्हें शिविर से बहुत लाभ हुआ।

## भारतीय स्टार्टअप ने फरवरी में 1.65 अरब डॉलर जुटाए

**नयी दिल्ली।** भारतीय स्टार्टअप ने फरवरी में 8.32 करोड़ डॉलर के औसत मूल्यांकन पर कुल 1.65 अरब डॉलर (लगभग 14,418 करोड़ रुपये) का वित्तपोषण जुटाया। ट्रैक्सन के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आंकड़ों से पता चलता है कि इससे चालू वित्त वर्ष (2024-25) में फरवरी में कुल वित्तपोषण 2,200 चरण में 25.4 अरब डॉलर हो गया है। फरवरी का आंकड़ा जनवरी में कुल वित्तपोषण 1.38 अरब डॉलर से 19.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। सालाना आधार पर, जुटाई गई कुल धनराशि फरवरी, 2024 में प्राप्त 2.06 अरब डॉलर से कम थी। देश की स्टार्टअप राजधानी बेंगलुरु में उद्यमियों ने 35.3 करोड़ डॉलर का कोष हासिल किया, जिसका औसत चरण आकार 20 लाख डॉलर था। मुंबई में कुल 10.2 करोड़ डॉलर का वित्तपोषम हुआ, लेकिन औसत चरण आकार 50 लाख डॉलर रहा। फरवरी में वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी ऑक्सीजो ने सबसे ज्यादा वित्तपोषम जुटाया, जिसने पारंपरिक ऋण में 100 करोड़ रुपये जुटाए। इसके बाद ऑनलाइन व्यापारिक मंच 'उड़ान' ने एमएंडजी पीएलसी की अगुआई में सीरीज जी इक्विटी वित्तपोषण चरण में 7.5 करोड़ डॉलर जुटाए।

## जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने मार्च तिमाही में 159 मेगावाट पवन ऊर्ज़ा क्षमता जोड़ी

**नयी दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने मंगलवार को मार्च तिमाही में 159 मेगावाट पवन ऊर्ज़ा जोड़ने की घोषणा की। इसके साथ ही कंपनी की परिचालन बिजली उत्पादन क्षमता 8,400 मेगावाट के पार हो गई। कंपनी ने बयान में कहा कि यह अतिरिक्त क्षमता पवन मौसम से पहले उपलब्ध है और चरम स्थिति के दौरान बढ़ती ऊर्ज़ा मांग को पूरा करने के लिए तैयार है, जो एक स्थायी बिजली आपूर्ति में महत्वपूर्ण योगदान देगा। बयान के अनुसार, जेएसडब्ल्यू एनर्जी को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि उसने तिमाही में 159 मेगावाट की ग्रीनफील्ड पवन ऊर्ज़ा क्षमता जोड़ी है, जिसके परिणामस्वरूप उसकी कुल परिचालन क्षमता 8,400 मेगावाट हो गई है। इस वृद्धि के साथ, कंपनी की कुल परिचालन पवन क्षमता 2,826 मेगावाट हो गई है। जेएसडब्ल्यू एनर्जी 8.0 गीगावाट की निर्माणाधीन क्षमता के साथ अपने नवीकरणीय ऊर्ज़ा पोर्टफोलियो का सक्रिय रूप से विस्तार कर रही है। कंपनी का लक्ष्य वित्त वर्ष 2030 से पहले 20 गीगावाट की कुल स्थापित उत्पादन क्षमता हासिल करना है।

## कनाडा, मैक्सिको के खिलाफ ट्रंप की शुल्क धमकी लागू होने व्यापार युद्ध शुरू

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कनाडा और मैक्सिको के विरुद्ध लंबे समय से दी जा रही शुल्क की धमकी अंततः मंगलवार को लागू हो गई, जिससे वैश्विक बाजारों में उथल-पुथल मच गई। अमेरिका के उत्तरी अमेरिकी सहयोगियों द्वारा महंगी जवाबी कार्रवाई की संभावना पैदा हो गई है। आधी रात से ही कनाडा और मैक्सिको से आयात पर अब 25 प्रतिशत कर लगेगा, जबकि कनाडा के ऊर्ज़ा उत्पादों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगेगा। इसके अलावा, फरवरी में ट्रंप ने चीन से आयात पर जो 10 प्रतिशत शुल्क लगाया था, उसे दोगुना करके 20 प्रतिशत कर दिया गया है। जवाब में, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि उनका देश 21 दिनों के दौरान 100 अरब डॉलर से ज़्यादा के अमेरिकी सामानों पर शुल्क लगाएगा। मेक्सिको और चीन ने फिलहाल किसी जवाबी कार्रवाई के बारे में विस्तार से नहीं बताया। अमेरिकी राष्ट्रपति के कदमों ने उच्च मुद्रास्फीति और विनाशकारी व्यापार युद्ध की आशंका को बढ़ा दिया है, जबकि उन्होंने अमेरिकी जनता से वादा किया था कि आयात पर कर राष्ट्रीय समृद्धि का सबसे आसान रास्ता है। उन्होंने मुख्यधारा के अर्थशास्त्रियों की चेतावनियों को दरकिनार करने और अपनी खुद की सार्वजनिक स्वीकृति को दांव पर लगाने की इच्छा दिखाई है। उनका मानना है कि शुल्क देश की समस्याओं को ठीक कर सकते हैं। ट्रंप ने सोमवार को व्हाइट हाउस में कहा, यह एक बहुत शक्तिशाली हथियार है जिसका राजनेताओं ने इस्तेमाल नहीं किया है क्योंकि वे या तो बेईमान थे, मूर्ख थे या उन्होंने किसी अन्य रूप में पैसे कमाए थे। उन्होंने कहा कि और अब हम उनका इस्तेमाल कर रहे हैं। कनाडा और मेक्सिको के शुल्क मूल रूप से फरवरी में शुरू होने वाले थे, लेकिन ट्रंप ने दो सबसे बड़े अमेरिकी व्यापारिक साझेदारों के साथ आगे बातचीत करने के लिए 30-दिवसीय निलंबन पर सहमति व्यक्त की। शुल्क का घोषित कारण ड्रग तस्करी और अवैध आव्रजन को संबोधित करना है, और दोनों देशों का कहना है कि उन्होंने इन मुद्दों पर प्रगति की है।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका की स्थिति मजबूत: पोंटिंग

एजेंसी



लाहौर। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि न्यूजीलैंड के मुकाबले दक्षिण अफ्रीका की टीम में 'थोड़ा अधिक कौशल और ताकत है' जिससे वे चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले में जीत के दावेदार होंगे। उन्होंने हालांकि कहा कि केन विलियमसन जैसे खिलाड़ी अगर रन बनाने में सफल रहे तो न्यूजीलैंड के लिए चीजें आसान हो सकती है। न्यूजीलैंड दुबई में भारत के खिलाफ बड़ी हार के बाद नॉकआउट में पहुंच रहा है जबकि दक्षिण अफ्रीका ग्रुप चरण में इंग्लैंड के खिलाफ सात विकेट की बड़ी जीत के बाद शानदार फॉर्म में है। पोंटिंग ने 'आईसीसी रिव्यू' पर कहा कि भारत की तरह मजबूत बल्लेबाजी क्रम के कारण दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा भारी है। इस पूर्व दिग्गज ने कहा, '' मैं अगर दोनों टीमों की तुलना करूं तो मुझे लगता है कि दक्षिण अफ्रीका की टीम कौशल के मामले में थोड़ा आगे है। उनका बल्लेबाजी क्रम लंबा है और मुझे लगता है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले में जीत के अधिक दावेदार होगे। उन्होंने कहा, मैं न्यूजीलैंड की प्रशंसा करता हूं लेकिन मैं जीत के दावेदार पर दक्षिण अफ्रीका पर दांव लगाना चाहूंगा। ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व कप्तान ने कहा, '' न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज विलियमसन को इस मुकाबले में अहम भूमिका निभानी होगी क्योंकि हर टीम महत्वपूर्ण मैचों में मार्गदर्शन के लिए अपने बड़े खिलाड़ियों पर निर्भर रहती है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि विलियमसन को इस मैच में रन बनाने की जरूरत है। बड़े मैचों का मतलब है बड़े नाम। चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल से बड़ा कुछ नहीं हो सकता। विलियमसन बड़े मैचों के खिलाड़ी हैं, वह मैच में जाने से पहले अपनी भूमिका की गंभीरता को समझेंगे और अगर वह अपना काम पूरा करते हैं तो मुझे आश्चर्य नहीं होगा। विलियमसन पाकिस्तान (एक) और बांग्लादेश (पांच) के खिलाफ विफल रहे थे लेकिन उन्होंने भारत के खिलाफ ग्रुप ए के आखिरी मैच में 120 गेंद में 81 रन की पारी के साथ लय से वापसी की। पोंटिंग ने कहा कि सलामी बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन, कप्तान तेम्बा बावुमा, एडेन मारक्रम, डेविड मिलर और हेनरिक क्लासेन जैसे खिलाड़ी न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं। उन्होंने कहा, ''वह (क्लासेन) बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि वह स्पिन गेंदबाजी का बहुत खतरनाक खिलाड़ी है। वह स्पिन को बहुत अच्छी तरह से हिट करता है। वह मध्य क्रम के लिए महत्वपूर्ण है। दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी में भारत की तरह गहराई है। टीम में एडेन मारक्रम, बावुमा, डेविड मिलर बल्लेबाजों के साथ मार्को यानसेन जैसे विश्व स्तरीय हरफनमौला है। उनका मध्यक्रम काफी मजबूत है। पोंटिंग सलामी बल्लेबाजी में न्यूजीलैंड के संयोजन में बार-बार बदलाव करने के फैसले से हालांकि आश्चर्यचकित है।

उन्होंने कहा, उन्होंने पाकिस्तान और बांग्लादेश के खिलाफ विल यंग और कॉनवे के साथ पारी का आगाज किया था, लेकिन आखिरी ग्रुप चरण के आखिरी मैच में भारत के खिलाफ रचिन रविंद्र ने यह भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, ''मैं उन लोगों (कॉन्वे और रचिन) के अंदर-बाहर होने से थोड़ा हैरान था। पिछले कुछ वर्षों से वे दोनों लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। विल यंग अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन मैं शीर्ष पर कॉन्वे को वापस ले जाऊंगा जिससे बायें और दायें हाथ के बल्लेबाजी का संयोजन रहेगा।

# रोनाल्डो के बिना खेल रहे अल-नासेर ने एशियाई चैंपियंस लीग में एस्तेघलाल से ड्रॉ खेला

तेहरान। दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्ड की गैरमौजूदगी में सऊदी अरब के अल-नासेर ने एएफसी चैंपियंस लीग (एसीएल) फुटबॉल मैच में ईरान के एस्तेघलाल के साथ पहले चरण के मैच को गोलरहित ड्रॉ खेला। चालीस साल के रोनाल्डो ने मैनचेस्टर यूनाइटेड और रीयाल मैड्रिड के साथ पांच बार यूएफा चैंपियंस लीग खिताब जीते हैं। इस साल जनवरी में एस्टन विला से अनुबंधित किए गए जॉन डुरान सोमवार को खेले गये मैच में गोल करने के करीब पहुंच कर चूक गये। लीवरपूल के पूर्व स्टार सादियो माने के पास मौके थे लेकिन एस्तेघलल के गोलकीपर सईद होसैन होसैनी ने शानदार खेल से उनके सभी प्रयासों को विफल कर दिया। दोनों टीमों के बीच दूसरे चरण का मैच 11 मार्च को रियाद में होगा, जिसे जीतने वाली टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी।

# न्यूक्लियस ऑफिस सॉल्यूशंस ने निवेशकों को किया निराश कमजोर लिस्टिंग के बाद शेयरों पर लगा अपर सर्किट

एजेंसी




नई दिल्ली। ऑफिस स्पेस मैनेज करने वाली कंपनी न्यूक्लियस ऑफिस सॉल्यूशंस के शेयरों ने मंगलवार को कंपनी के आईपीओ निवेशकों को काफी निराश किया। कंपनी के शेयर 234 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे, लेकिन आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी एंट्री 46.80 रुपये यानी 20 प्रतिशत के डिस्काउंट के साथ 187.20 रुपये के भाव पर हुई। हालांकि, लिस्टिंग के बाद बिकवाली के दबाव में ये शेयर टूट कर 177.90 रुपये के स्तर तक आ गया, लेकिन इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी। इस खरीदारी के सपोर्ट से ये शेयर थोड़ी ही देर में उछल कर 196.55 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इस रिकवरी के बावजूद कंपनी के आईपीओ निवेशकों को पहले दिन ही 37.45 रुपये यानी 16 प्रतिशत का नुकसान हो गया। न्यूक्लियस ऑफिस सॉल्यूशंस का 31.70 करोड़ रुपये का आईपीओ 24 से 27 फरवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.29 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 0.87 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। वहीं रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 1.70 गुना सब्सक्राइब हुआ था। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी नए केंद्रों की स्थापना करने, आईटी प्लेटफॉर्म्स बनाने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 67.27 लाख रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 1.19 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। मौजूदा वित्त वर्ष के पहले 9 महीने यानी अप्रैल से दिसंबर 2024 के बीच कंपनी को 1.51 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका है। इस अवधि में कंपनी 21.34 करोड़ रुपये का रेवेन्यू हासिल कर चुकी है।

# तीन महीने के निचले स्तर पर पहुंचा कच्चा तेल

एजेंसी



नई दिल्ली। ओपेक और इसके सहयोगी देश द्वारा क्रूड ऑयल (कच्चा तेल) के उत्पादन में बढ़ोतरी करने का संकेत दिए जाने के बाद से ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड की कीमत पर दबाव बना हुआ है। इसकी वजह से आज क्रूड ऑयल 3 महीने के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। ब्रेंट क्रूड फिलहाल 71 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से भी नीचे गिर कर 70.91 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 68 डॉलर के स्तर से नीचे फिसल कर 67.81 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा है। बताया जा रहा है कि ओपेक और इसके सहयोगी देशों के बीच क्रूड ऑयल का उत्पादन बढ़ाने की बात को लेकर सहमति बन गई है। इन देशों द्वारा अप्रैल महीने से क्रूड ऑयल के उत्पादन में बढ़ोतरी की जा सकती है। अभी तक मिली जानकारी के अनुसार रूस और सऊदी अरब क्रूड ऑयल के उत्पादन में प्रतिदिन 1.38 लाख बैरल की बढ़ोतरी कर सकते हैं। इसी तरह ओपेक के दूसरे सदस्य देशों द्वारा भी कच्चे तेल के उत्पादन में बढ़ोतरी किए जाने का अनुमान है। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि ओपेक और इसके सहयोगी देशों द्वारा उत्पादन में बढ़ोतरी करने पर कच्चे तेल के दाम में और भी गिरावट आ सकती है। माना जा रहा है कि सऊदी अरब और रूस समेत दूसरे सभी तेल उत्पादक देशों द्वारा कुल मिलाकर अगर प्रतिदिन 2.25 लाख बैरल क्रूड ऑयल का भी अतिरिक्त उत्पादन किया जाता है, तो इससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड की कीमत 55 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक भी जा सकती है। ऐसा होने पर अपनी जरूरत के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार पर निर्भर रहने वाले भारत जैसे देशों को काफी राहत मिलेगी।

# जियो प्लेटफॉर्म्स, एएमडी, सिस्को, नोकिया ने मिलकर ओपन टेलीकॉम एआई प्लेटफॉर्म बनाया

एजेंसी

नयी दिल्ली। जियो प्लेटफॉर्म्स ने स्वामित्व वाली प्रौद्योगिकी कंपनियों एएमडी, सिस्को और नोकिया के साथ मिलकर एक ओपन टेलीकॉम एआई प्लेटफॉर्म बनाया है, जिससे प्रौद्योगिकी लागत को कम करने के साथ-साथ नेटवर्क सुरक्षा और दक्षता को बढ़ाने की उम्मीद है। मंगलवार को एक संयुक्त बयान में कहा गया कि मल्टी-डोमेन इंटेलिजेंस फ्रेमवर्क नेटवर्क संचालन की हर परत में कृत्रिम मेधा (एआई) और स्वचालन को एकीकृत करेगा। रिलायंस जियो के समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मैथ्यू ओमेन ने बयान में कहा, ल्लएएमडी, सिस्को और नोकिया के सहयोग से जियो ओपन टेलीकॉम एआई प्लेटफॉर्म को आगे बढ़ा रहा है ताकि नेटवर्क को स्व-अनुकूलित, ग्राहक-जागरूक पारिस्थितिकी तंत्र में बदल दिया जा सके। उन्होंने कहा, ल्लयह पहल स्वचालन से कहीं आगे एआई-संचालित, स्वायत्त नेटवर्क को सक्षम करने के बारे में है जो वास्तविक समय में अनुकूलन करते हैं, उपयोगकर्ता अनुभव को बढ़ाते हैं, और डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र में नई सेवा और राजस्व के अवसर पैदा करते हैं। बयान में कहा गया है कि एआई प्लेटफॉर्म एक बड़े भाषा मॉडल (एआई सर्च इंजन) से स्वतंत्र होगा और अपनी कार्यक्षमता और क्षमताओं को अनुकूलित करने के लिए एक खुले एप्लिकेशन इंटरफ़ेस का उपयोग करेगा। नोकिया के अध्यक्ष और सीईओ पेक्का लुंडमार्क ने कहा कि कंपनी के पास आरएएन, कोर, फिक्स्ड ब्रॉडबैंड, आईपी और ऑप्टिकल ट्रांसपोर्ट सहित कई डोमेन में विश्वसनीय प्रौद्योगिकी नेतृत्व है।

# सर्राफा बाजार में आज सपाट स्तर पर कारोबार, सोना और चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सपाट स्तर पर कारोबार हो रहा है। सोना और चांदी दोनों चमकीली धातु आज सोमवार के भाव पर ही कारोबार कर रही हैं। भाव में बदलाव नहीं होने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज भी 86,610 रुपये से लेकर 86,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 79,390 रुपये से लेकर 79,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी में भी सपाट कारोबार होने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 96,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 86,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 79,540 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 86,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 86,660 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 79,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 86,610 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 86,610 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 79,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 86,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 79,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 86,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 79,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 86,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 79,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में कोई बदलाव नहीं आया है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज भी 86,610 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# मोदी ने 'वनतारा' में सफ़ेद शेर, बाघ, गैंडा के शावकों को पिलाया दूध

एजेंसी

जामनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व वन्यजीव दिवस के मौके पर गुजरात के जामनगर स्थित

पशु संरक्षण केंद्र 'वनतारा' का शंख ध्वनियों, मंत्रोच्चार और लोक कलाकारों के गायन-वादन के बीच उद्घाटन किया और सफ़ेद शेर, बाघ, गैंडा के शावकों को अपने हाथों से दूध पिलाया। वनतारा वन्य जीवों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये समर्पित केंद्र है। 'वनतारा' की ओर से मंगलवार को यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्री मोदी ने तीन हजार एकड़ में फैले वनतारा में काफी वक्त बिताया और वहां जानवरों के लिए बनाई गई विश्व स्तरीय सुविधाओं का जायजा लिया। प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी के पुत्र अनंत अंबानी की पहल पर वनतारा बनाया गया है। वनतारा पहुंचने पर अंबानी परिवार ने पारंपरिक तरीके से उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने परिसर में बने मंदिर में हुई पूजा-अर्चना में भी भाग लिया। वह वनतारा में जानवरों के लिए विशेष रूप से तैयार मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का मुआयना करने गये और वहां विशेष चिकित्सीय उपकरणों जैसे डायग्नोस्टिक सूट में सीटी स्कैन, एमआरआई, अल्ट्रासाउंड और एंडोस्कोपी का लाइव प्रदर्शन देखा। जानवरों के लिए बनाए गए आईसीयू और ऑपरेशन थियेटर में भी उन्होंने दिलचस्पी दिखाई। वनतारा में हाल ही में पैदा हुए जानवरों के छोटे बच्चों के लिए नर्सरी भी बनाई गई है। उन्होंने वनतारा में काम करने वाले कर्मचारियों की लगन और मेहनत की प्रशंसा की।

उन्होंने एशियाई शेर के शावकों, सफ़ेद शेर के शावक, दुर्लभ और लुप्तप्राय प्रजाति क्लाउडेड तेंदुआ शावकों को देखा और अपने हाथों से सफ़ेद शेर, बाघ, गैंडा के शावकों को दूध पिलाया। इस केंद्र में एशियाई शेर, हिम तेंदुआ, एक सींग वाला गैंडा जैसे जानवरों का संरक्षण हो रहा है। उन्होंने कई खतरनाक जानवरों को भी नज़दीकी से देखा। इनमें गोल्डन टाइगर, सफ़ेद शेर और हिम तेंदुए शामिल थे। विशाल वनतारा में हर जानवर को उसकी जरूरत के हिसाब से घर मिला है।

# लचीली शिक्षा प्रणाली का होना अत्यंत आवश्यक और चुनौतीपूर्ण : राष्ट्रपति

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में दो दिवसीय विजिटर्स कॉन्फ्रेंस के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की विशेष प्रतिभा और आवश्यकताओं के अनुरूप व्यवस्था आधारित और लचीली शिक्षा प्रणाली का होना अत्यंत आवश्यक और चुनौतीपूर्ण है।

राष्ट्रपति ने कहा कि हमारा राष्ट्रीय लक्ष्य इस सदी के पूर्वार्ध के संपन्न होने के पहले ही भारत को एक विकसित देश बनाना है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों से जुड़े सभी लोगों और विद्यार्थियों को वैश्विक सोच के साथ आगे बढ़ना होगा। अंतरराष्ट्रीयकरण के प्रयासों और सहयोग को मजबूत करने से युवा विद्यार्थी 21वीं सदी की दुनिया में अपनी एक अधिक प्रभावी पहचान बना सकेंगे। देश के उच्च शिक्षा संस्थानों में उत्कृष्ट शिक्षा की उपलब्धता से विदेश में अध्ययन करने की प्रवृत्ति में कमी आएगी। देश की युवा प्रतिभा का राष्ट्र निर्माण में बेहतर उपयोग हो सकेगा।

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। आत्मनिर्भर होना ही सही मायने में विकसित, बड़ी और मजबूत अर्थव्यवस्था की पहचान है। अनुसंधान और नवाचार पर आधारित आत्मनिर्भरता हमारे उद्यमों और अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाएगी। ऐसे अनुसंधान और नवाचार को हर संभव सहयोग मिलना चाहिए। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि विकसित अर्थव्यवस्थाओं में शिक्षा और उद्योग का संबंध मजबूत दिखाई देता है। उद्योग जगत और उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच निरंतर



आदान-प्रदान के कारण शोध एवं अनुसंधान कार्य, अर्थव्यवस्था और समाज की जरूरतों से जुड़ा रहता है। उन्होंने उच्च शिक्षा संस्थानों के प्रमुखों से आग्रह किया कि वे आपसी हितों में औद्योगिक संस्थानों के वरिष्ठ लोगों के साथ निरंतर विचार-विमर्श करने के लिए संस्थागत प्रयास करें। उन्होंने कहा कि इससे शोध कार्य करने वाले शिक्षकों और विद्यार्थियों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों की प्रयोगशालाओं को स्थानीय, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और वैश्विक जरूरतों से जोड़ना आप सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि विद्यार्थियों की विशेष प्रतिभा और आवश्यकताओं के अनुरूप व्यवस्था आधारित और लचीली शिक्षा प्रणाली का होना अत्यंत आवश्यक और चुनौतीपूर्ण है। इस संदर्भ में आज के विचार-विमर्श को आधार बनाकर निरंतर सचेत और सक्रिय रहने की आवश्यकता है। अनुभव के आधार पर समुचित बदलाव होते रहने चाहिए। विद्यार्थियों को सशक्त बनाना ही ऐसे परिवर्तनों का उद्देश्य होना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि चरित्रवान, विवेकशील और सक्षम युवाओं के बल पर ही कोई राष्ट्र शक्तिशाली और विकसित बनता है। शिक्षण संस्थानों में हमारे युवा विद्यार्थियों के चरित्र, विवेक और क्षमता का निर्माण होता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उच्च शिक्षण संस्थानों के प्रमुख उच्च शिक्षा के गौरवपूर्ण आदर्शों को प्राप्त करेंगे और भारत माता की युवा संततियों को स्वर्णिम भविष्य का उपहार देंगे। सम्मेलन में शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में लचीलापन, बहु-प्रवेश और निकास विकल्पों के साथ क्रेडिट साझाकरण और क्रेडिट हस्तांतरण; अंतरराष्ट्रीयकरण प्रयास और सहयोग; अनुसंधान या नवाचार को उपयोगी उत्पादों और सेवाओं में परिवर्तित करने से संबंधित अनुवाद अनुसंधान और नवाचार; एनईपी के संदर्भ में प्रभावी छात्र चयन प्रक्रिया और छात्रों की पसंद का सम्मान; और प्रभावी मूल्यांकन और मूल्यांकन आदि विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। विचार-विमर्श के परिणाम राष्ट्रपति के समक्ष प्रस्तुत किए गए।

# वैमानिका एयरोस्पेस के किसान ड्रोन -वी10 को मिला डीजीसीए टाइप प्रमाणपत्र

## भारतीय विमानन नियामक महानिदेशालय के सभी मानकों पर खरा उतरा कंपनी का ड्रोन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। भारतीय ड्रोन निर्माता कंपनी वैमानिका एयरोस्पेस ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कृषि कार्य के लिए कंपनी द्वारा बनाया गया किसान ड्रोन - वी10 भारतीय विमानन नियामक महानिदेशालय (डीजीसीए) के सभी मानकों पर खरा उतरा है। इसलिए महानिदेशालय ने कंपनी को टाइप प्रमाणपत्र (टाइप सर्टिफिकेट) से नवाजा है। यह प्रमाणपत्र ड्रोन की सुरक्षा, विश्वसनीयता और प्रदर्शन को प्रमाणित करता है। किसान ड्रोन - वी10 किसानों को फसल निगरानी, कीटनाशक छिड़काव और मिट्टी विश्लेषण जैसे कार्यों में मदद करेगा।

वैमानिका एयरोस्पेस के फाउंडर मनीष दीक्षित ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि महानिदेशालय द्वारा दिया गया यह प्रमाणपत्र न केवल कंपनी के लिए, बल्कि कृषि क्षेत्र के लिए मील का पत्थर है। इस ड्रोन के उपयोग से न सिर्फ उत्पादकता में बढ़ोतरी होगी बल्कि किसानों



की आय में वृद्धि होगी। कम समय और कम लगात और कम श्रम में वे कृषि कार्य बेहतर ढंग से कर सकेंगे।

डीजीसीए ने किसान ड्रोन - वी10 को सुरक्षा, विश्वसनीयता और उसके प्रदर्शन को अपने मानकों पर परखा। सभी मानकों पर खरा उतरने के बाद कंपनी को यह प्रमाण पत्र दिया। यह ड्रोन भारतीय कृषि परिस्थितियों के अनुकूल है और इसे स्थानीय स्तर पर डिजाइन और निर्मित किया गया है। इसकी उन्नत तकनीक और उच्च दक्षता के कारण यह किसानों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम भारतीय कृषि क्षेत्र में ड्रोन तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देगा। सरकार की ड्रोन नीति और 'किसान ड्रोन' पहल के तहत ऐसे उपकरणों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जो किसानों की दक्षता बढ़ाने में मददगार साबित हो सकते हैं। मनीष दीक्षित ने बताया कि कंपनी ने घोषणा की है कि वह जल्द ही किसान ड्रोन - वी10 का बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू करेगी और इसे देशभर के किसानों तक पहुंचाएगी। इसके साथ ही कंपनी ने ड्रोन के संचालन के लिए प्रशिक्षण और रखरखाव संबंधी सेवाएं भी शुरू करने की योजना तैयार की है। कंपनी का उद्देश्य तकनीक के माध्यम से किसानों की आय को बढ़ाने के साथ ही आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में मददगार भी बनना है।

# विश्व भारत की ओर देख रहा, मानवता की दिशा देनी होगी : मोहन भागवत

एजेंसी

भोपाल। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख डॉ मोहनराव भागवत ने आज कहा कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसे व्यापक दृष्टिकोण से देखना होगा और विश्व भारत की ओर देख रहा है उसे मानवता की दिशा देनी होगी।

डॉ भागवत विद्या भारती द्वारा आयोजित पांच दिवसीय पूर्णकालिक कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग 2025 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में विद्या भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष दूसी रामकृष्ण राव भी उपस्थित थे। डॉ भागवत ने कहा कि विद्या भारती केवल शिक्षा प्रदान करने का कार्य नहीं करती, बल्कि समाज को सही दिशा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विश?व भारत की ओर देख रहा है उसे मानवता की दिशा देनी होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसे व्यापक दृष्टिकोण से देखना होगा। मानवता को सही दिशा देने के लिए आवश्यक है कि हमें अपने कार्य को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना है। परिवर्तन आवश्यक है, क्योंकि संसार स्वयं परिवर्तनशील है, लेकिन यह अधिक महत्वपूर्ण है कि परिवर्तन की दिशा क्या होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्या भारती अपने विचारों के अनुरूप शिक्षा कार्य कर रही है। यह शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह छात्रों के जीवन मूल्यों और संस्कारों का निर्माण भी करती है। उन्होंने कहा कि हमारी शिक्षा का कार्य व्यापक है, जो केवल ज्ञान देने तक सीमित नहीं रह सकता, बल्कि इसका उद्देश्य समाज को नैतिक रूप से समृद्ध बनाना भी है। उन्होंने कहा कि समय के अनुसार परिवर्तन आवश्यक है, लेकिन इसमें निष्क्रिय होकर बैठना उचित नहीं होगा। मानव अपने मस्तिष्क के बल पर समाज में परिवर्तन लाता है और उसे यह सुनिश्चित करना चाहिए कि यह परिवर्तन सकारात्मक हो। आज के समय में तकनीक समाज के हर क्षेत्र में अपना प्रभाव डाल रही है। हमें टेक्नोलॉजी के लिए एक मानवीय नीति बनानी होगी। उन्होंने कहा कि आधुनिक विज्ञान और तकनीक में जो कुछ गलत है, उसे छोड़ना पड़ेगा और जो अच्छा है, उसे स?वीकार कर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि हमारे प्रयास केवल एक वर्ग या समूह के कल्याण तक सीमित नहीं होने चाहिए, बल्कि हमें संपूर्ण समाज के कल्याण का लक्ष्य रखना होगा। हमारी शक्ति और संसाधन केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समस्त समाज की उन्नति के लिए समर्पित होने चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में कई विचारधाराएँ हैं।

# पेज एक का शेष

## जो हमारा है, हमें...

व्यावसाय से जुड़े लोगों को भी लाभ हुआ। उन्होंने सपा पर हमला करते हुए कहा कि सपा के नकारात्मक प्रचार के बावजूद जनता की आस्था डिगी नहीं। प्रदेश के हर गांव की बस महाकुंभ पहुंची। सनातन के प्रति इसी व्यवहार के कारण पहले भी सपा की हार हुई और 2027 के चुनाव में भी करारी हार होगी। विधानसभा में वर्ष 2025-26 के सामान्य बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा ळ समाजवादी पार्टी डॉ राम मनोहर लोहिया का नाम तो लेती है, लेकिन वह उनके मूल्यों और आदर्शों से दूर जा चुकी है। आज की समाजवादी पार्टी न डॉ लोहिया के बताए आचरण के अनुरूप कार्य कर रही है और न ही उनके बताए आदर्शों पर चल रही है। डॉक्टर लोहिया ने कहा था कि एक सच्चा समाजवादी वह है जो संपत्ति और संतति से दूर रहे, यह तो आपकी पार्टी के आचरण से देख सकते हैं। आदर्श के रूप में उन्होंने भारत के लिए कहा था कि राम, कृष्ण और शंकर यह जब तक भारत के तीन आदर्श हैं तब तक भारत का कोई बाल बांका नहीं कर सकता है। भारत की जनता जब तक इन तीन देव महापुरुषों को अपना आदर्श मानेगी तब तक भारत, भारत बना रहेगा। इन तीनों देव महापुरुषों पर समाजवादी पार्टी का कोई विश्वास नहीं है, क्योंकि आप लोग भारत की आस्था के साथ खिलवाड़ करते हैं। उन्होंने उपचुनावों में धांधली के समाजवादी पार्टी के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि दूसरों को उपदेश देने के बजाए स्वयं इन बातों को अपने आचरण में उतारा होता तो संभवत इतनी करारी हार नहीं होती और 2027 में भी इतनी करारी हार झेलने के लिए मजबूर न होना पड़ता। मुझे अच्छा लगा कि नेता प्रतिपक्ष ने आज अपनी बात को बड़े दार्शनिक अंदाज में सदन में रखा। उन्होंने डॉ राम मनोहर लोहिया के एक अनुयायी के रूप में अपनी बात को रखने का प्रयास किया, लेकिन वह स्वयं इसका आचरण कर पाते हैं या नहीं, यह उन्हें स्वयं ही देखना चाहिए था। आज की समाजवादी पार्टी डॉ लोहिया का नाम तो लेती है, लेकिन उनके मूल्यों और आदर्शों से दूर जा चुकी है। उन्होने कहा ळ आप कहते हैं कि हमारी सोच सांप्रदायिक है, आप मुझे बताइए कि हमारी सोच कहां से सांप्रदायिक है। हम तो सबका साथ, सबके विकास की बात करते हैं। हमारा तो आदर्श है सर्व भवंतु सुखिनः, सरवे सरवे संतनु निरामया। इसका सबसे आदर्श उदाहरण आपके सामने है महाकुम्भ। 45 दिन के इस आयोजन ने भारत की विरासत और विकास की एक अनुपम छाप न केवल भारत में, बल्कि दुनिया के सामने प्रस्तुत की है। क्या उसमें किसी के साथ कोई भेदभाव हुआ है। न जाति का भेद, ना क्षेत्र का भेद, ना मत और मजहब का भेद था। 100 से अधिक देशों के लोग बड़ी श्रद्धा भाव के साथ आए। जो भी विकास और विरासत की इस अनुपम छटा का सहभागी बना वह अभिभूत होकर गया। एक पक्ष यह है जो आपके सामने उदाहरण के रूप में है। प्रत्यक्ष को प्रमाण की क्या आवश्यकता है, लेकिन दूसरा पक्ष वह भी था जब 26 फरवरी को संभल में 56 वर्षों के बाद शिव मंदिर में जलाभिषेक का कार्यक्रम हो रहा था। अकेले संभल में 67 तीर्थ थे और 19 कूप भी थे, जिनको एक निश्चित समय के अंदर समाप्त कर दिया गया। इन 67 तीर्थ में से 54 तीर्थ को ढूंढने का काम हमने किया है जो हमारी विरासत का हिस्सा हैं। जो 19 कूप हैं उन्हें भी मुक्त कराया गया है। हमने यही कहा है की जो हमारा है वह हमें मिल जाना चाहिए। हम इससे इतर कहीं नहीं जा रहे हैं। सच कड़वा होता है और कड़वे सच को स्वीकार करने का सामर्थ्य भी होना चाहिए।

## आठ वर्षों में बदली...

चुकी है। विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान श्री योगी ने कहा कि देश का सबसे बड़ा राज्य और सबसे अधिक संसाधन होने के बावजूद 1950 से 2017 तक प्रदेश की जीएसटीपी 12.75 लाख करोड़ तक पहुँच सकी जबकि 2017 में जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों पर विश्वास जताया और पिछले आठ वर्षों में प्रदेश की जीएसडीपी दोगुना से अधिक होकर 2024-25 में 27.51 लाख करोड़ होने जा रही है। देश की जीडीपी में 9.2 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ उत्तर प्रदेश, देश के अंदर दूसरे स्थान पर है। उन्होने कहा कि वर्ष 2023-2024 में देश की जीडीपी की वृद्धि दर 9.6 प्रतिशत है, जबकि उत्तर प्रदेश की वृद्धि दर 11.6 प्रतिशत रही है। 2016-2017 में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय मात्र 52,671 रुपये थी वर्ष 2023-2024 में 93,514 रुपये है। 2016-17 में कुल राजस्व प्राप्तियां 02 लाख 56 हजार रुपये हुईं थीं। चालू वित्तीय वर्ष के जनवरी माह तक ही 04 लाख 10 हजार करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त हो चुका है। यह निरन्तर आगे बढ़ेगा। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश प्रदेश रेवेन्यु सरप्लस स्टेट है। कर अपवंचन को रोका गया है। रेवेन्यू लीकेज को समाप्त किया गया है। बीते आठ वर्ष में एक भी नया टैक्स नहीं लगाया। प्रदेश में डीजल-पेट्रोल की दरें देश में सबसे कम हैं, बावजूद इसके उत्तर प्रदेश रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। यह सफलता रामराज्य की अवधारणा ही है। उन्होने रामचरितमानस के एक दोहे का हवाला देते हुये कहा ळ बरसत हरसत सब लखें, करसत लखे न कोय, तुलसी प्रजा सुभाग से, भूप भानु सो होय। अर्थात श्रीराम जी भरत जी से कहते हैं कि हमें प्रजा से कर ऐसे लेना चाहिए, जैसे सूर्य लेता है। जैसे सूर्य समुद्र, नदी, तालाब से पानी लेता है लेकिन किसी को पता नहीं चलता लेकिन जब वह बादलों के रूप में जरूरत की जगहों पर बरसता है तो सबको पता चलता है, खासकर जब जरूरत की जगह पर बरसता है तो सभी खुश हो जाते हैं। इसी प्रकार, सरकार को कर इस तरह से लेना चाहिए कि किसी को पता न चले, पीड़ा न हो। लेकिन जब उसी टैक्स का इस्तेमाल जनता के हित में खर्च हो, जैसे हाइवे बनें, पुल बनें, स्कूल-कालेज बनें, हास्पिटल बनें तो सबको पता चले। हमारी सरकार यही भाव लेकर काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश डिजिटल क्रांति का सर्वश्रेष्ठ उदहारण बन कर उभरा है। 2017-18 में यूपी में जहां 122.84 करोड़ डिजिटल ट्रांजैक्शन हुये थे वहीं 2024-25 में दिसम्बर 2024 तक 1024.41 करोड़ डिजिटल ट्रांजैक्शन हो चुके हैं। यूपी डिजिटल लेनदेन अपनाने में नंबर एक है। आधे से अधिक लेन देन यूपीआई से हुए। इसकी वजह डिजिटल बैंकिंग की आसान पहुंच, गांवों तक इंटरनेट, वित्तीय जागरूकता और उपकरणों की पर्याप्त संख्या है। उन्होने कहा कि बैंकों की 20416 शाखाओं, 4,00,932 बैंक मित्र एवं बीसी सखी,18,747 एटीएम तथा 4,40,095 बैंकिंग केन्द्रों के माध्यम से बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। डीबीटी बजरंग बली की गदा है, जो भ्रष्टाचार और बेईमानी पर कठोर प्रहार कर रही है 11 विभागों की 207 योजनाओं की धनराशि डीबीटी के माध्यम से दी जा रही है। इसमें 113 केन्द्रीय योजनायें और 94 राज्य सेक्टर की योजनायें हैं। डीबीटी से 09 करोड़ 08 लाख से अधिक लोगों को 01 लाख 11 हजार 637 करोड़ रुपये से भुगतान किया गया। डीबीटी ट्रांजेक्शन के कारण 10 हजार करोड़ की बचत की है। योगी ने कहा कि उनकी सरकार निवेश को आकर्षित करने में सफल रही है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की बात करें तो अप्रैल 2000 से जून 2017 तक 3,303 करोड़ रूपये एफडीआई आया था वहीं अप्रैल, 2017 से सितम्बर, 2024 तक 14 हजार 8 करोड़ रूपये से अधिक एफडीआई आया है। यह बताता है कि प्रदेश सही दिशा में आगे बढ़ा है। वहीं सीडी रेशियो 2016-17 में मात्र 46 प्रतिशत पर अटक कर रह गया था जो 2024 में बढ़कर 61 फीसदी हो गया है। उन्होने कहा कि उनकी सरकार के कार्यकाल में उत्तर प्रदेश ने अपनी पहचान देश के विकास में ब्रेकर के रूप में नहीं, ब्रेक थ्रू देने वाले के रूप में बनाई है। उत्तर प्रदेश 400 लाख टन सब्जियों का उत्पादन करते हुए देश में प्रथम स्थान पर है। वर्ष 2016-17 में खाद्यान्न उत्पादकता 27.25 कुन्तल प्रति हेक्टेयर थी, जो वर्ष 2023-24 में लगभग 12 प्रतिशत बढ़कर 30.51 कुन्तल प्रति हेक्टेयर हो गयी है। तिलहन उत्पादकता वर्ष 2016-17 में मात्र 12.40 लाख मीट्रिक टन थी, वह 2023-24 में 128 प्रतिशत बढ़कर 28.31 लाख मीट्रिक टन हो गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत ढाई करोड़ कृषकों को 80 हजार करोड़ से अधिक की धनराशि डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में हस्तान्तरित की गई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत वर्ष 2024-25 में माह दिसम्बर तक 28.58 लाख कृषकों द्वारा 19.84 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में फसल का बीमा कराया गया है तथा 9.33 लाख बीमित कृषकों को 495.41 करोड़ की क्षतिपूर्ति का भुगतान किया गया है। उन्होने कहा कि 2017 से अब तक 2 लाख 73 हजार करोड़ का गन्ना मूल्य भुगतान किया गया,, जो वर्ष 1995 से मार्च, 2017 तक 22 वर्षों में हुए कुल भुगतान से भी 60 हजार करोड़ अधिक है। वर्तमान में 119 चीनी मिलें क्रियाशील हैं। चीनी मिलों की दैनिक पेराई क्षमता जो वर्ष 2017 से पूर्व, 7.50 लाख टीसीडी थी, वह बढ़कर अब 8.36 लाख टीसीडी हो गयी है। योगी ने कहा कि मार्च, 2017 से अब तक सरकार ने तीन नई चीनी मिलों की स्थापना, छह चीनी मिलों का पुर्नसंचालन तथा 38 चीनी मिलों का क्षमता विस्तार करने में सफलता प्राप्त की है, जिससे लगभग 1.25 लाख लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है। प्रदेश में 285 नई खांडसारी इकाइयों की स्थापना से लगभग 41,800 लोगों को प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हुआ है। प्रदेश में वर्ष 2017 तक एथेनॉल का कुल उत्पादन 42 करोड़ लीटर था जो सत्र 2023-24 में बढ़कर 177 करोड़ लीटर हो गया है। उन्होने कहा कि 2012 से 2017 के बीच सपा सरकार के कार्यकाल में 19 लाख लोगों से 94.38 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद कर 12, 808 करोड़ रूपये का भुगतान किया गया था जबकि 2017-18 से 2024-25 के बीच 49 लाख 69 हजार 576 किसानों से 233.99 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद कर 43 हजार 424 करोड़ से अधिक का (साढ़े तीन गुना) भुगतान किया गया। धान खरीद की बात करें तो 2012 से 2017 के बीच 14 लाख 87 हजार 519 लोगों से 123.61 लाख मीट्रिक टन धान खरीद कर 17 हजार 190 करोड़ रूपये का भुगतान किया गया वहीं 2017 से 2024 के बीच 69 लाख 82 हजार 716 किसानों से 456.86 लाख मीट्रिक टन (तीन गुने से अधिक) धान खरीद कर 88 हजार 746 करोड़ से अधिक (पांच गुने से अधिक) का भुगतान किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि सरकार ने लागत का डेढ़ गुना दाम किसानों को उपलब्ध कराया। महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से सीडलिंग का उत्पादन किया जा रहा है, जिससे लगभग 60 हजार महिलाओं को रोजगार मिला है। कृषि विभाग की स्थापना के 150 वर्ष को बीज वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। लखनऊ में 251 करोड़ की लागत से चौधरी चरण सिंह जी के सम्मान में एक सीड पार्क की स्थापना करने जा रहे हैं। अन्नदाता किसानों के लिए एक नई योजना लेकर आये हैं। कृषि मण्डी में माता शबरी के नाम पर कैण्टीन और विश्रामालय स्थापित किया जाएगा। निराश्रित गोवंश के मामले में उन्होने कहा ळ हम अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए गोमाता को सड़कों पर घूमने नहीं देंगे।ङ्क शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता हमारी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होने कहा कि सरकार आउटसोर्सिंग कर्मियों को शोषण से मुक्त व्यवस्था देगी। आउटसोर्सिंग निगम बनाकर सीधा उनके अकॉउंट में पैसा देंगे। 24 जनवरी को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान शुरू किया। अब तक 96 हजार युवाओं ने आवेदन किया, जिसमें से 76 हजार आवेदन बैंकों को प्रेषित करते हुए 16 हजार मामलों में ऋण स्वीकृत हो चुका है। अब तक 06 हजार ऋण वितरित किए जा चुके हैं। बीसी उए सखी योजना के अन्तर्गत 39,556 उए द्वारा 31,103 करोड़ रुपये से अधिक का वित्तीय लेन-देन किया गया व 84.38 करोड़ रुपये का लाभांश अर्जित किया है। लखपति महिला योजना के अन्तर्गत 31 लाख से अधिक दीदियों का चिन्हित किया गया है तथा 02 लाख से अधिक महिलाएं लखपति की श्रेणी में आ चुकी हैं। मेधावी छात्राओं को स्कूटी प्रदान करने की नयी योजना-'रानी लक्ष्मी बाई स्कूटी योजना शुरू करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 51 हजार को बढ़ाकर 01 लाख रुपये किये जाने का निर्णय लिया गया है। विधवा पुनर्विवाह हेतु प्रोत्साहन राशि 11 हजार रुपये तथा विधवाओं की पुत्रियों के विवाह हेतु अनुमन्य सहायता राशि 10 हजार रुपये को बढ़ाकर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अनुमन्य अनुदान के बराबर 01 लाख करने का निर्णय लिया गया है। उन्होने कहा कि देश के अंदर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 25 करोड़ और प्रदेश के अंदर 06 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आये हैं। इस पर विपक्ष को भी खुश होना चाहिए।

## आंतरिक और बाहरी सुरक्षा...

आज, समूचे विश्व में, प्राकृतिक आपदाओं का प्रकोप देखा जा रहा है। भारत भी इनसे अछूता नहीं है। चक्रवात, हिमस्खलन , भूकंप, बाढ और बादल फटने की आपदाएँ, हमारे देश में भी देखी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अभी उत्तराखंड के माणा में हिमस्खलन के दौरान बचाव अभियान में उन्नत प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल से अनेक बहुमूल्य जानें बचायी गयी। उन्होंने कहा , ळ मुझे लगता है कि यदि हम प्रौद्योगिकी का अधिक से अधिक उपयोग, अन्य सेक्टर में भी करेंगे, तो जान-माल के नुकसान को भी काफी हद तक कम किया जा सकता है। मैं आशा करता हूँ कि आप इस दृष्टिकोण को भी ध्यान में रखकर, इस सम्मेलन में विचार विमर्श करेंगे।

## उप्र में नौ आईपीएस...

पुलिस उपायुक्त कमिश्नरेट लखनऊ भेजा गया है। इसी तरह अपर्णा गुप्ता को पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ से पुलिस मुख्यालय से सम्बद्ध किया गया है। सूरज कुमार राय को पुलिस उपायुक्त पुलिस कमिश्नरेट आगरा से सेना नायक 06वीं वाहिनी पीएसी मेरठ भेजा है।

## सम्भल जामा...

की थी। मंदिर पक्ष की तरफ से अधिवक्ता ने सफाई व मरम्मत की आड़ में मंदिर के चिह्न मिटाए जाने की आशंका जताई थी। राज्य सरकार की तरफ से महाधिवक्ता ने कानून व्यवस्था बनाए रखने का आश्वासन दिया था। मस्जिद कमेटी के अधिवक्ता ने कहा था कि वर्ष 1927 में हुए समझौते के अनुरूप सफ़ेदी व मरम्मत हर साल कराई जाती रही है। कोर्ट ने अंतरिम आदेश बढ़ा दिया है।

## एमएसएमई ...

मेंटरशिप कार्यक्रम बनाने का आग्रह किया। श्री मोदी ने निवेश को बढ़ावा देने में राज्यों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए इस बात पर जोर दिया कि राज्य जितना अधिक व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देंगे, उतने ही अधिक निवेशकों को आकर्षित करेंगे। उन्होंने बताया कि इससे संबंधित राज्यों को सबसे अधिक लाभ होगा। उन्होंने इस बजट का अधिकतम लाभ लेने के लिए राज्यों के बीच प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि प्रगतिशील नीतियों वाले राज्य अपने क्षेत्रों में निवेश करने के लिए कंपनियों को आकर्षित करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में पिछले 10 वर्षों में देश ने सुधारों, वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि निरंतरता और सुधारों के आश्वासन ने उद्योग जगत में नया आत्मविश्वास आया है। उन्होंने विनिर्माण और निर्यात से जुड़े हर हितधारक को आश?वस?त किया कि आने वाले वर्षों में भी यह निरंतरता बनी रहेगी। हितधारकों को साहसिक कदम उठाने और देश के लिए विनिर्माण और निर्यात के नए मार्ग खोलने के लिए प्रोत्साहित करते हुए श्री मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि दुनिया का हर देश भारत के साथ अपनी आर्थिक साझेदारी को मजबूत करना चाहता है। उन्होंने विनिर्माण क्षेत्र से इस साझेदारी का पूरा लाभ उठाने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्थिर नीति और बेहतर कारोबारी वातावरण किसी भी देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। कुछ वर्ष पहले सरकार ने जन विश्वास अधिनियम पेश किया था और अनुपालन कम करने के प्रयास किए थे। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर 40,000 से अधिक अनुपालन समाप्त किए गए, जिससे व?यापार करने में आसानी हुई। इस प्रकिया को जारी रखने पर जोर देते हुए श्री मोदी ने उल्लेख किया कि सरकार ने आयकर के सरल प्रावधान पेश किए हैं और जन विश्वास विधेयक 2.0 पर काम जारी है। उन्होंने कहा कि गैर-वित्तीय क्षेत्र में नियमों की समीक्षा के लिए एक समिति बनाई गई है, जिसका उद्देश्य उन्हें आधुनिक, लचीला, लोगों के अनुकूल और विश्वास आधारित बनाना है। उन्होंने इस प्रक्रिया में उद्योग की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने हितधारकों को उन समस्याओं की पहचान करने के लिए प्रोत्साहित किया ।

# सीएम धामी ने एसडीआरएफ जवानों का किया अभिनंदन

■ बोले- हरिद्वार कुंभ में प्रयागराज महाकुंभ के अनुभव आएंगे काम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को एसडीआरएफ जवानों को सम्मानित करते हुए कहा कि हरिद्वार कुंभ में प्रयागराज महाकुंभ के अनुभव काम आएंगे। एसडीआरएफ टीम ने महाकुंभ में अपनी दक्षता का कुशल परिचय देकर उत्तराखंड का मान बढ़ाया है। मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री धामी ने एसडीआरएफ के 112 कार्मिकों के वापस आने पर आयोजित महाकुंभ प्रयागराज 2025 अभिनन्दन कार्यक्रम में यह बात कही। इस मौके पर उन्होंने एसडीआरएफ की टीम को पुरस्कार स्वरूप 05 लाख रुपये का चेक भी सौंपा। मुख्यमंत्री ने प्रयागराज महाकुंभ में बेहतर सेवाएं देने पर एसडीआरएफ की टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ये अनुभव हरिद्वार के 2027 कुंभ में काम आएंगे। कुंभ को भव्य रूप से आयोजित करने में मदद भी मिलेगी। इस महाकुंभ से हमारे जवानों का आत्मविश्वास बढ़ा है और भीड़ का कुशल प्रबंधन करने में सफल होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन धर्म के महासंगम की चुनौती को संभालना चुनौतीपूर्ण कार्य था। बेहतर व्यवस्थाओं और प्रबंधन से उत्तर प्रदेश के साथ ही उत्तराखंड सरकार का सर ऊंचा हुआ है। यही अनुभव 2027 के कुंभ में मददगार साबित होंगे। हमारा प्रयास है कि वाहनों के लिए सुनियोजित पार्किंग व्यवस्था हो जिसके लिए सरकार पूरी तरह से प्रयासरत है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड राज्य विभिन्न भौगोलिक परिस्थितियों और आपदा की दृष्टि से संवेदनशील राज्य है। इन चुनौतियों से पार पाने के लिए एसडीआरएफ की ओर से सराहनीय कार्य किए गए हैं। श्रेष्ठ आपदा प्रबंधन में एसडीआरएफ की अहम भूमिका रही है। आपदा प्रबंधन के लिए क्विक रिस्पॉन्स और अत्याधुनिक उपकरणों से राज्य में आपदा के प्रभाव को कम करने में काफी मदद मिली है। इस मौके पर राज्य आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति उपाध्यक्ष विनय रोहिला, सचिव गृह शैलेश बगोली, डीजीपी दीपम सेठ, एडीजी अमित सिन्हा, वी मुरुगेशन, ए. पी अंशुमन, सचिव आपदा प्रबंधन विनोद कुमार सुमन, आईजी एसडीआरएफ रिद्धिम अग्रवाल, कमांडेंट एसडीआरएफ अर्पण यदुवंशी, एसडीआरएफ के अधिकारी और जवान उपस्थित थे।

# डॉ दिलीप जायसवाल फिर बने भाजपा बिहार के अध्यक्ष

-केंद्रीय मंत्री एवं बिहार भाजपा संगठन चुनाव पर्यवेक्षक मनोहर लाल ने की घोषणा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पद पर एक बार फिर से डॉ दिलीप जायसवाल की ताजपोशी हुई है। पटना के बापू सभागार में मंगलवार को हुई प्रदेश परिषद की बैठक में औपचारिक तौर पर उनके नाम का ऐलान किया गया। डॉ जायसवाल ने सोमवार को प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया है। बिहार चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने अपनी रणनीति को मजबूत करने के लिए मंगलवार को पटना में प्रदेश परिषद की बैठक आयोजित की है। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी बिहार विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी की तैयारियों को अंतिम रूप देना और संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना है। बैठक में प्रदेश परिषद के प्रभारी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने अध्यक्ष के लिए दिलीप जायसवाल के नाम की घोषणा की। इस दौरान भाजपा प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े, सह प्रभारी दीपक प्रकाश, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय, सांसद राधा मोहन सिंह, रविशंकर प्रसाद, संजय जायसवाल मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि डॉ दिलीप जायसवाल मूलरूप से खगड़िया जिले के रहने वाले हैं। कलवार जाति से ताल्लुक रखने वाले जायसवाल के पास एमएससी, एमबीए, पीएचडी और मास्टर ऑफ फिलॉसफी की डिग्री है। जायसवाल की सीमांचल क्षेत्र में मजबूत पकड़ है। वे 2009 में पहली बार एमएलसी बने थे। इसके बाद पूर्णिया, अररिया और किशनगंज क्षेत्र से तीन बार के मेंबर ऑफ लेजिसलेटिव काउंसिल हैं। वे 20 साल तक भाजपा के कोषाध्यक्ष भी रहे हैं। सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में भी सक्रिय निभा रहे हैं। दिलीप जायसवाल का केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का भी करीबी माना जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### विकसित बिहार' के लिए समर्पित बजट को पचा नहीं पा रहा है विपक्ष: उमेश सिंह कुशवाहा

**पटना।** बिहार जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मंगलवार को बयान जारी कर विपक्ष को जमकर लताड़ लगाई। उन्होंने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि लूट-खसोट की मानसिकता से ग्रसित विपक्ष 'विकसित बिहार' के लिए समर्पित सर्व-समावेशी बजट को पचा नहीं पा रहा है। 15 वर्षों तक सत्ता में रहते हुए बिहार को बेहाल, बदहाल और बीमारू बनाने वाले को बजट पर सवाल उठाने का नैतिक अधिकार नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान बजट पर बेतुके और अनर्गल प्रश्नचिन्ह खड़े करने के बजाए राजद को अपने 15 वर्षों के बजट का लेखा-जोखा भी जनता के समक्ष प्रस्तुत करना चाहिए, जिससे सबकुछ दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अपनी नकामियों को छिपाने के लिए जनता की आँखों में धूल झोंकना, झूठ बोलना और दुष्प्रचार करना राजद की पुरानी कार्य-संस्कृति रही है, जिसे अब प्रदेश की जनता भी समझ चुकी है। उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि परिवार हित वाली राजनीति में सिकुड़ी राष्ट्रीय जनता दल को बिहार हित से कभी कोई वास्ता नहीं रहा है। लालू परिवार की प्राथमिकता केवल स्वयं की तरक्की और विकास तक सीमित है। जबकि हमारे नेता माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार समूचे बिहारवासियों को अपना परिवार मानकर लोक-कल्याण की दिशा में निरंतर कार्य करते हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 बजट की महत्ता का पता इसी बात से चलता है कि वर्ष 2005-06 में पूरे बिहार का बजट महज 23 हजार करोड़ रुपये का था लेकिन सोमवार को पेश हुए बजट में केवल शिक्षा के लिए 60 हजार करोड़ से अधिक की राशि तय की गई है। उन्होंने कहा कि चरवाहा विद्यालय की सोच से प्रेरित राजद नेताओं को बजट पर अनावश्यक ज्ञान बांचने से बचना चाहिए। श्री कुशवाहा ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में समाज के सभी तबकों का समुचित ख्याल रखा गया है। बजट का प्रारूप विकसित बिहार के प्रति मजबूत संकल्प को दर्शाता है।

### बिहार के रोहतस में युवक की गोली मारकर हत्या

**डेहरी आन सोन।** बिहार में रोहतास जिले के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के डुमरांव नहर के किनारे करियवाबाल - धारूपुर के समीप एक 26 वर्षिय युवक की गोली मारकर अपराधियों ने हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार मृतक युवक बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के बरना निवासी राम सिंहासन सिंह का पुत्र दीपक कुमार है। सोमवार को वे बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के नुआंव गांव में अपने बहन के घर गए थे। मंगलवार की सुबह उनका शव मिला है। एसडीपीओ कुमार संजय ने बताया कि घटनास्थल को देखकर ऐसा लग रहा है कि उनकी हत्या यहीं हुई है। वे बालू और रुपये लेन देन का काम करते थे। अभी उनके स्वजन कुछ बता नहीं रहे हैं। एफएसीएल की टीम को बुलाया गया है। घटनास्थल पर स्थानीय पुलिस पहुंच गई है।

### बिहार के शिक्षकों को आगामी दो माह के भीतर मनचाही जगह मिलेगी : शिक्षा मंत्री

**पटना।** बिहार विधानसभा में बजट सत्र के दौरान प्रदेश के शिक्षकों के ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर सरकार ने कहा कि आगामी दो माह के भीतर उन्हें मनचाही जगह पोस्टिंग मिल जायेगी। विपक्ष के सवालों का जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री सुनील सिंह ने सदन में कहा है कि अगले दो महीनों के भीतर शिक्षकों को मनचाही पोस्टिंग मिल जाएगी। शिक्षकों को मनचाही पोस्टिंग के लिए 10 चॉइस देने होंगे। पोस्टिंग के लिए सॉफ्टवेयर तैयार है। शिक्षकों की पोस्टिंग बीमारी, पति पत्नी, और चॉइस के आधार पर होगी लेकिन पोस्टिंग वेकैंसी के आधार पर ही होगी। उन्होंने कहा कि अगर किसी शिक्षक को मनचाही पोस्टिंग नहीं मिलती है तो वह जिलाधिकारी, आयुक्त या फिर विभागीय स्तर बनी कमिटी में अपील कर सकते हैं। 40 की उम्र से ऊपर गंभीर बीमारी से जूझ रहे शिक्षकों की मनचाही पोस्टिंग की जा चुकी है। सीपीआई विधायक सूर्यकान्त पासवान के सवाल के जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री ने विधानसभा में यह जानकारी दी ।

### 123 लीटर विदेशी शराब के साथ कार पर सवार मधुबनी के दो युवक गिरफ्तार

**अररिया।** जिले की जोकीहाट थाना पुलिस ने कार पर सवार दो युवकों को भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।गिरफ्तार दोनों युवक मधुबनी जिला के रहने वाले है और सिलीगुड़ी से किशनगंज होते हुए अररिया की ओर आ रहा था।इसी क्रम में जोकीहाट के हड़वा चौक के पास पुलिस की ओर से लगाए गए वाहन चेकिंग के क्रम में जब गाड़ी को रोकने की इशारा पुलिस के द्वारा की गई तो कार को लेकर भागने लगे।आगे गाड़ी खड़ी कर दो युवक भागने लगे,जिसे पुलिस ने खदेडकर पकड़ा।कार का बायां साइड का टायर फटा हुआ था,जिसके कारण तेजी से गाड़ी भगा पाने में चालक विफल हो गया। पुलिस ने मधुबनी जिला के मधेपुर थाना क्षेत्र के रामचंद्र वार्ड संख्या एक के रहने वाले 30 वर्षीय संजीत कुमार पिता राजकुमार महतो और दूसरा मधुबनी जिला के ही अररिया संग्राम वार्ड संख्या 8 के 38 वर्षीय जगतलाल महतो पिता -स्व.लक्ष्मी महतो को गिरफ्तार किया।पुलिस ने गाड़ी से अलग अलग ब्रांडों के 123 लीटर विदेशी शराब बरामद किया।

### प्रधानमंत्री मोदी के छह मार्च के उत्तरकाशी जिले के भ्रमण की तैयारियां जोरों पर

**देहरादून।** सीमांत उत्तरकाशी जिले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के छह मार्च के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर है। हर्षिल और मुखवा गांव को विषेश तौर पर सजाने के साथ ही यहां निर्माण कार्यों में भी तेजी आई है। प्रशासन की हर संभव कोशिश है कि कार्यक्रम में कोई कमी न रहे। उत्तरकाशी के जिलाधिकारी मेहरबान सिंह स्वयं कमान संभाले हुए हैं। गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान और श्री पांच गंगोत्री मंदिर समिति लगातार निगरानी कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह दौरा कई मायनों में विशेष माना जा रहा है। हर्षिल और मुखवा उत्तरकाशी जिले के सबसे सुंदर पर्यटन स्थलों में है। मुखवा गंगोत्री का शीतकालीन वास स्थल है और शीतकाल में गंगा विग्रह के यही दर्शन होते हैं। यहां से हिमालय की चोटियां ऐसे नजर आती हैं, जैसे बिलकुल सामने ही हों। हिमालय की चोटियों को छूकर बहने वाली ठंडी हवाओं में ममता मय स्पर्श का एहसास होता है। हर्षिल की सुंदरता के तो क्या कहने। यहां देवदार के पेड़ों को छूकर बहने वाली हवाओं में एक खूशबू हमेशा मंद-मंद बहती है। सम्मोहित सी करने वाली खूशबू के बीच शांत बहती गंगा का नाद मन को आनंदित करता है।

# किसान आंदोलनों ने पंजाब की छवि बिगाड़ी राज्य का उद्योग तबाह हो रहा : मान

■ धरनों से पंजाब के उद्योग धंधे बुरी तरह से हुए तबाह, आंदोलन के लिए किसान संगठनों में चल रहे मुकाबले

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने चंडीगढ़ कूच पर अड़े किसानों को चेतावनी देते हुए कहा कि प्रदेश में समानांतर सरकार चलाने का अधिकार किसी को नहीं दिया जाएगा। किसान आंदोलन के कारण पंजाब की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छवि खराब हुई है। किसान संगठनों में आंदोलनों को लेकर मुकाबले चल रहे हैं। इससे पंजाब का उद्योग तबाह हो रहा है। भगवंत मान मंगलवार को मोहाली जिले में खरड़ तहसील परिसर का दौरा करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। यह पहला मौका है जब मुख्यमंत्री भगवंत मान ने किसान आंदोलन के विरुद्ध बोला है। उन्होंने कहा कि सोमवार की रात किसानों के साथ बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा चल रही थी लेकिन किसान चंडीगढ़ कूच करने के ऐलान को वापस लेने के लिए राजी नहीं हो रहे थे। जनता के हितों को देखते हुए उन्होंने बैठक को बीच में ही छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन के कारण पंजाब का उद्योग तबाह हो रहा है। पंजाब की ट्रांसपोर्ट खत्म होती जा रही है। कभी रेल रोकी जा रही है तो कभी सडक़ें रोकी जा रही है। कहीं एनएचएआई के प्रोजैक्ट रोके जा रहे हैं। अब हालात यह है कि किसान नेता राजनीति चमकाने के लिए इमीग्रेशन दफ्तरों के आगे धरने दे रहे हैं। इन धरनों के नाम पर गांवों से फंड इक्कठा किया जा रहा है। पारिवारिक झगड़ों में भी किसान पंचायतें करने लगे हैं। इस तरह की समानांतर सरकार चलाने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन साइटों से पंजाब में अगर कोई सामान मंगवाया जाता है तो वह महंगा मिलता है। इससे आम जनता परेशान हो रही है। किसान संगठनों पर तंज कसते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आंदोलन के नाम पर मुकाबले चल रहे हैं। एक संगठन का आंदोलन समाप्त होने लगता है तो दूसरा तैयारी कर लेता है। मान ने कहा कि पंजाब सरकार दशमेश नहर का निर्माण करने जा रही है। नई कृषि नीति लेकर आ रहे हैं। किसान आंदोलन करने की बजाय नई नीति के लिए अपने सुझाव दें।

### दो पक्षों के बीच मारपीट के बाद चली गोली, पांच घायल

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी जिले के ज्योति नगर इलाके के शक्ति गार्डन में सोमवार रात दो पक्षों के बीच मारपीट के बाद फायरिंग हुई। इस फायरिंग में पांच लोग घायल हो गए। घायलों को दिलशाद गार्डन के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उत्तर-पूर्वी जिले के डीसीपी आशीष मिश्रा ने मंगलवार को बताया कि ज्योति नगर थाने में सोमवार रात 9 बजे शक्ति गार्डन गली नंबर 1 में दो पक्षों के बीच फायरिंग की सूचना मिली। पुलिस की टीम ने सभी घायलों को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया। शिकायत पर हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। क्राइम टीम और फोरेंसिक टीम से घटनास्थल का निरीक्षण कराया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। डीसीपी के अनुसार शुरुआती जांच में पता चला है कि दोनों पक्षों के बीच आपसी रंजिश को लेकर फायरिंग हुई थी। घायलों में शामिल आकाश की मां डॉ. सुदेश ने बताया कि उनके बेटे का सोमवार को जन्मदिन था।

# पंजाब में एसकेएम के सैकड़ों नेता हिरासत में लिए गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

■ चंडीगढ़ कूच से पहले घरों में किया नजरबंद, मुख्यमंत्री के साथ फ़ेल हो चुकी है वार्ता

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने चंडीगढ़ कूच से पहले संयुक्त किसान मोर्चा(एसकेएम)के नेताओं को हिरासत में लेकर नजरबंद करना शुरू कर दिया है। अब सैकड़ों नेताओं को उनके घरों या आसपास के रेस्ट हाउस में रोक लिया गया है। पुलिस की यह कार्रवाई मंगलवार तड़के करीब तीन बजे शुरू हुई। किसानों की मांगों को लेकर सोमवार की रात पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और संयुक्त किसान मोर्चा नेताओं के बीच चल रही बैठक बीच में ही समाप्त हो गई थी। किसान नेताओं ने मुख्यमंत्री के साथ बहस की तो मुख्यमंत्री बैठक बीच में ही छोड़ गए। किसानों ने पांच मार्च को चंडीगढ़ कूच का ऐलान किया है। इससे पहले ही मंगलवार को चंडीगढ़ की सीमाओं को सील कर दिया गया है। पंजाब पुलिस ने किसान नेताओं को उनके घरों में नजरबंद करना शुरू कर दिया है। मंगलवार सुबह किसान नेता बलबीर सिंह राजेवाल समेत कई किसान नेताओं को हिरासत में लिया गया। किसान मजदूर मोर्चा के नेता दिलबाग सिंह गिल को घर में नजरबंद किया गया है। पुलिस संगरूर में भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) के अध्यक्ष जोगिंदर सिंह उगराहां के घर भी पहुंची, लेकिन वह नहीं मिले। पंजाब के कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने कहा कि किसान जब चाहे मीटिंग कर सकते हैं। किसान हमारे सत्कार योग हैं। कल मीटिंग काफी अच्छे माहौल में चल रही थी। किसान 18 मांगे लेकर आए थे, 8 मांगों पर चर्चा हुई। सीएम भगवंत मान ने कहा कि रोजाना बंद या जाम होने से लोगों को नुकसान होता है। हम केंद्र सरकार से मिलकर लड़ेंगे। भारतीय किसान यूनियन (राजेवाल ग्रुप) के उप प्रधान मुकेश चंद शर्मा ने कहा कि कहा कि मुख्यमंत्री बैठक छोड़कर किसानों को चैलेंज करके वहां से चले गए। किसानों ने मंगलवार को बैठक बुलाई थी। इससे पहले ही पुलिस उनके घरों में पहुंच गई।

# दिल्ली विश्वविद्यालय में मनुस्मृति और बाबरनामा पढ़ाने की कोई योजना नहीं : कुलपति

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने मंगलवार को कहा कि विश्वविद्यालय में मनुस्मृति या बाबरनामा जैसा कोई भी कोर्स या अध्ययन सामग्री प्रस्तुत करने की हमारी कोई मनसा नहीं है। डीयू प्रशासन के सामने न तो ऐसा कोई विषय विचारणीय है और भविष्य में भी हम ऐसे विषयों को अस्वीकार करते हैं। कुलपति ने कहा कि बाबरनामा तो वैसे भी एक आतातायी की आत्मकथा है। उसके पढ़ाने की न तो कोई जरूरत है और आज के समय में न ही उसकी कोई प्रासंगिकता है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के तहत हम भारतीय परम्पराओं के अनुरूप नए-नए कोर्स लाना चाहते हैं और ला भी रहे हैं, जिनसे देश और समाज का भला हो। हम विकसित भारत की ओर बढ़ रहे हैं। इस दिशा में देश की अर्थव्यवस्था कैसे मजबूत हो और समाज का दायरा कैसे बेहतर हो सके, हम इसकी ओर अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय अपनी अध्ययन सामाग्री इस बात के मद्देनजर डिजाइन कर रहा है कि हम 2047 तक विकसित राष्ट्र के संकल्प को कैसे प्राप्त कर सकते हैं और डीयू का उसमें क्या योगदान हो सकता है। उल्लेखनीय है कि डीयू के इतिहास और दर्शनशास्त्र विभाग की संयुक्त पाठ्यक्रम समिति ने 19 फरवरी को एक बैठक में अपने स्नातक पाठ्यक्रम में बदलाव कर ऐतिहासिक ग्रंथों- मनुस्मृति और बाबरनामा को शामिल करने का सुझाव दिया था। हालांकि पाठ्यक्रम में बदलावों की समीक्षा करने वाली कार्यकारी परिषद ने इसे अभी मंजूरी नहीं दी है।

# सियासत के भंवरजाल में फंसा सिमराहा स्टेशन को रेणु के नाम पर स्टेशन का मामला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अररिया। प्रसिद्ध आंचलिक साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु की 104वीं जयंती आज है।साहित्य की नई विधा आंचलिकता को ईजाद करने वाले फणीश्वरनाथ रेणु की जयंती और पुण्यतिथि को राजकीय समारोह के रूप में मनाया जाता है।जिसकी शुरुआत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा की गई।पटना के साथ जिला मुख्यालय अररिया और उनके गांव औराही हिंगना में आज के दिन कई कार्यक्रम आयोजित होते हैं।जहां रेणु की लेखनी और सामाजिक बदलाव में उनके योगदान को खूब चर्चा होती है।लेकिन सियासतदान रेणु को लेकर लिए गए प्रस्ताव और घोषणा को ही भूल बैठते हैं।यूं कहे कि सियासत के भंवरजाल में रेणु को लेकर किया गया वादा सियासतदान भूल बैठे हैं। कटिहार जोगबनी रेलखंड के बीच में पड़ने वाले रेणु के गांव के रेलवे स्टेशन सिमराहा स्टेशन को उसके नाम पर करने कि बिहार विधानसभा से 2008 में ही पारित किया गया था। सिमराहा स्टेशन का नामकरण रेणुग्राम सिमराहा किया जाएगा।लेकिन 17 साल बीत जाने के बावजूद भी सिमराहा स्टेशन का नामकरण रेणु के नाम पर नहीं हो सका।जबकि रेणु के गांव के ग्रामीण लगातार यह मांगें उठाते रहे है। फणीश्वरनाथ रेणु के दीवानों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह तक हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कई बार रेणु के घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और ग्रामीण परिवेश वाले खाद्य पदार्थ पटुवा साग और भक्का का स्वाद ले चुके हैं।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कहने पर ही 2010 के विधानसभा चुनाव में भाजपा जेडीयू गठबंधन के साथ लड़ने पर फारबिसगंज से भाजपा का उम्मीदवार बनाया गया था।जिसमें उन्होंने जीत दर्ज भी की थी।इतना ही नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह भी अररिया और पूर्णिया के सभा में फणीश्वरनाथ रेणु और उसकी कालजई रचना को खुले मंच से याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। कटिहार जोगबनी रेलखंड में सिमराहा रेलवे स्टेशन का नामकरण विश्व प्रसिद्ध साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु के नाम पर करने का गैर सरकारी संकल्प बिहार विधानसभा में पारित किया गया था।संकल्प में सिमराहा स्टेशन का नाम रेणुग्राम सिमराहा करने पर सहमति बनाई गई थी।विधानसभा से उसे रेलवे मंत्रालय को भेजा भी गया था।बावजूद इसके सत्रह साल बाद भी सिमराहा स्टेशन का नामकरण रेणु के नाम पर नहीं हो सका।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 **e-mail** : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063